राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 309
लखनऊ, शनिवार 11 जुलाई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



पुलिस ने काटे 16 बाइकों के चालान 10

बिहार विधानसभा के प्रबोधन कार्यक्रम में शामिल होंगे उ.प्र. विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना 03

## विषम परिस्थितियों में जूझने का जज्बा ही अयोध्या की पहचान : योगी

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आस्था का दिखावा करने वाले दलों पर रामनगरी में कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने हनुमानगढ़ी में नमाज पढ़वाई थी, लेकिन क्या सपा, कांग्रेस या अन्य सरकारें जामा मस्जिद में हनुमान चालीसा का पाठ करवा पाएंगी। यदि नहीं करा पाएंगी तो हनुमानगढ़ी की सीढ़ियों पर नमाज पढ़वाने का पाप क्यों कराया गया था? आस्था का दिखावा कर रहे लोगों ने यह पाप किया था, जबकि भाजपा ने अयोध्या को सनातन धर्म की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में स्थापित किया।

मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के बीकापुर विधानसभा क्षेत्र में 432 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 217 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस अवसर पर अयोध्या के विकास कार्यों पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई। मुख्यमंत्री ने यहां पूर्व मंत्री मुन्ना सिंह चौहान की प्रतिमा का अनावरण भी किया और लोकार्पण व शिलान्यास वाली तमाम योजनाओं का जिक्र कर इनका श्रेय जनता व जनप्रतिनिधियों को दिया।



▸ सीएम ने बीकापुर विधानसभा क्षेत्र में 432 करोड़ रु. से अधिक लागत की 217 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने कहा कि नीयत साफ और नीति स्पष्ट हो तो नियंता भी साथ देता है। प्रभु राम और पवनसुत के आशीर्वाद से सभी कार्य अपने आप बढ़ते हैं। बीकापुरवासियों ने अच्छा विधायक चुना तो विकास दौड़ता दिखाई देता है। जैसे अयोध्या का वैभव देश में चरम पर दिखाई देता है, वैसे ही बीकापुर में भी विकास की योजनाएं दिखाई दे रही हैं। सक्रिय जनप्रतिनिधि जब विकास में रूचि लेते हैं तो परिणाम वैसे ही सकारात्मक आते हैं, जैसे आज अयोध्या, बीकापुर, मिल्कीपुर, गोसाईगंज, रुधौली में दिखाई दे रहे हैं।

सीएम ने कहा कि 19 जून को हमने रुदौली में विकास योजनाओं की सौगात दी थी। पहले जो असंभव था, वह इन जनप्रतिनिधियों के कारण संभव हो पाया। लंबे समय तक सड़क, बिजली, पानी नहीं मिलने से अयोध्या उपेक्षित होने के साथ विकास से वंचित रहती थी। व्यवस्था न होने से श्रद्धालु मां सरयू का आशीर्वाद लेने में विफल रहता था, लेकिन अब मां सरयू की पवित्र धारा अयोध्या को अभिसिंचित करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या अब वैभवशाली और तीनों लोकों से न्यारी है। गलियां चमक रही हैं, लाइट भी रहती है। सूर्यवंश की राजधानी अयोध्या पीएम मोदी के विजन के अनुरूप सोलर सिटी बन गई है। नए घाट से लेकर गुप्तार घाट तक घाटों की श्रृंखला है। सीएम ने सभी का आह्वान किया कि कभी उपेक्षित रहे गुप्तार घाट में अब परिवार के साथ घूमने जाइए। हमने सूरजकुंड का पुनरुद्धार किया। स्थानीय विधायक के प्रस्ताव पर भरतकुंड का सौंदर्यीकरण भी हो रहा है। सीएम ने विपरीत मौसम में उमड़े जनसैलाब के प्रति आभार जताया। कहा कि कल-परसों से यहां अनवरत वर्षा हो रही है। मुझे शंका थी कि बारिश के कारण यहां लोग आ पाएंगे या नहीं, लेकिन मौसम की चुनौती के बीच भी लोग आए, क्योंकि विषम परिस्थितियों में जूझने का जब्बा ही अयोध्या की पहचान है।

### मां ज्वाला के नाम पर होगी खिरौनी-सुचित्तागंज नगर पंचायत

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीकापुर विधायक ने पिछली बार ग्राम पंचायत खिरौनी–सुचित्तागंज को नगर पंचायत बनवाया था। अब उनकी मांग पर यह नगर पंचायत मां ज्वाला देवी के नाम पर होगी। समाजवादी पार्टी का असली चरित्र सभी ने देखा होगा,जब इनके नमूने चेयरमैन ने भदरसा में गुस्ताखी की थी। भदरसा नगर पंचायत अब भरतनगर भरतकुंड होगा। भाई–भाई का संबंध भरत जी से सीखिए। 14 वर्ष तक भरतकुंड के पास रहकर उन्होंने भगवान राम की आज्ञा का पालन किया। भगवान राम की चरण पादुकाएं अयोध्या का संचालन कर रही थीं। भरत जैसा भाई मिलना मुश्किल है,लेकिन अयोध्या में राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न जैसे भाई हुए। चारों दिशाओं में अयोध्या की पहचान आज भी मौजूद है।

### देश-दुनिया में अयोध्या व प्रदेशवासियों को मिल रहा सम्मान

सीएम ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने मर्यादा के दायरे में रहकर अनवरत कार्य किया। 2017 के पहले लोग शक की निगाहों से देखते थे, लेकिन आज अयोध्या और प्रदेशवासी देश–दुनिया में जहां भी जाते हैं तो उन्हें सम्मान मिलता है। अयोध्या में अब विकास व विरासत का अद्भुत समन्वय हो रहा है। जो 500 वर्ष में नहीं हो पाया, अयोध्या अब वह करके दिखा रही है। संतों, राजाओं, युवराजों समेत समाज के प्रत्येक तबके ने रामजन्मभूमि मुक्ति के लिए संघर्ष किया। जो कहते थे कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता, वे देख लें कि अयोध्या में दर्शन करने लाखों श्रद्धालु आ रहे हैं।

## प्रधानमंत्री न्यूजीलैंड पहुंचे, एयरपोर्ट पर पीएम लक्सन ने किया स्वागत

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी यात्रा के तीसरे चरण में शुक्रवार को न्यूजीलैंड की राजधानी ऑकलैंड पहुंचे जहां एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने प्रोटोकॉल तोड़ते हुए उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने उनके अगले गंतव्य पर पहुंचने की जानकारी एक्स पर साझा की।

उन्होंने बताया कि कुछ देर पहले ऑकलैंड पहुँच गया हूँ। हवाई अड्डे पर स्वागत के लिए प्रधानमंत्री लक्सन का आभारी हूँ। यह यात्रा ऐतिहासिक है क्योंकि चार दशकों में यह पहली बार है जब कोई प्रधानमंत्री न्यूजीलैंड का दौरा कर रहा है।

मैं प्रधानमंत्री लक्सन से बातचीत करने और भारत-न्यूजीलैंड मित्रता के सभी पहलुओं पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हूँ। मैं कल ऑकलैंड में एक सामुदायिक कार्यक्रम को भी संबोधित करूँगा।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री दो देशों की यात्रा कर दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर ऑकलैंड पहुंचे हैं। यह चार दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की न्यूजीलैंड की पहली आधिकारिक यात्रा है।



### भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच पारंपरिक ज्ञान की सुरक्षा को लेकर बड़ा समझौता

भारत और ऑस्ट्रेलिया ने भारत के पारंपरिक ज्ञान डिजिटल लाइब्रेरी (टीकेडीएल) को लेकर महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता गुरुवार को मेलबर्न में आयोजित तीसरे भारत–ऑस्ट्रेलिया वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़ की उपस्थिति में हुआ।

### –: सर्राफा बाजार :–

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,44,950/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,32,900/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,08,770/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,40,000/किग्रा |



## अयातुल्ला अली खामेनेई सुपुर्द-ए-खाक

**एजेंसी, मशहद।**

ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई और उनके परिवार के अन्य सदस्यों को गुरुवार देर रात को मशहद शहर के इमाम रजा दरगाह में सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

ईरान की समाचार एजेंसी इरना के अनुसार देर रात खामेनेई के बड़े बेटे हुज्जतुलइस्लाम सैय्यद मुस्तफा हुसैनी खामेनेई की अगुवाई में लाखों लोगों ने जनाजे की नमाज अदा की। इसके साथ ही ईरान और पड़ोसी देश इराक के पांच शहरों में छह दिनों से चल रहा शोक यात्रा संपन्न हो गया।

मंगलवार को ईरान के मध्य शहर कोम में अंतिम संस्कार समारोह आयोजित किया गया, जिसके बाद अगले दिन इराक के शहरों नजफ और कर्बला में शोक समारोह हुए।

विदित हो कि श्री खामेनेई ने लगभग 37 वर्षों तक ईरान के सर्वोच्च नेता के रूप में कार्य किया। मार्च में उनके बेटे मुज्तबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता चुना गया था।



इमाम रजा मार्ग से कल शाम (स्थानीय समयानुसार करीब 3:00 बजे) शुरू हुई इस अंतिम यात्रा में लाखों की संख्या में समर्थक काले कपड़ों में शामिल हुए। भीड़ ने पार्थिव शरीरों को ले जा रहे वाहन को घेर रखा था और लोग अमेरिका और इजरायल के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे थे। साथ ही लोग अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ बैनर भी थामे हुए थे। गौरतलब है कि अमेरिका एवं इजरायल के ईरान पर संयुक्त हमले में 28 फरवरी को तेहरान में श्री खामेनेई की मौत हो गयी थी। इसके बाद ईरान ने भी इजरायल एवं क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों पर हमले शुरू किये थे। श्री खामेनई का अंतिम संस्कार ऐसे समय में हुआ है जब ईरान और अमेरिका के बीच नए सिरे से सैन्य टकराव तेज हो गया है। हमलों के इस नये दौर के साथ ही श्री ट्रंप ने ईरान और अमेरिका के बीच पिछले महीने हुए समझौते के खत्म होने की घोषणा की थी। ईरान ने युद्धविराम के उल्लंघन के लिए पूरी तरह से अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया है। ईरान के सैन्य बलों ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने इस अंतिम विदाई में खलल डालने के लिए तेहरान-मशहद रेलवे लाइन के दो पुलों पर बीती रात बमबारी भी की थी।

इस बीच, श्री खामेनेई के उत्तराधिकारी और देश के नये सर्वोच्च नेता चुने गये उनके बेटे श्री मोजतबा खामेनेई उस हमले में गंभीर रूप से घायल होने के बाद से सार्वजनिक रूप से दिखाई नहीं दिये और वह इस अंतिम संस्कार में भी शामिल नहीं हुये।

## अधिक अल्कोहलयुक्त दवाओं की बिक्री के लिए लाइसेंस व डॉक्टर के पर्चे की होगी अनिवार्यता : सरकार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को अधिक मात्रा में एथिल अल्कोहल (इथेनॉल) युक्त औषधीय फॉर्मूलेशनों (दवाओं) के नियमन को सख्त कर दिया। सरकार ने ऐसे उत्पादों की बिक्री के लिए लाइसेंस और डॉक्टर के पर्चे को अनिवार्य कर दिया है। इस कदम का उद्देश्य इन दवाओं के दुरुपयोग पर रोक लगाना और साथ ही वास्तविक चिकित्सीय जरूरतों के लिए उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

मंत्रालय ने बताया कि इलायची, अदरक और अन्य सुगंधित औषधीय फॉर्मूलेशन की टिंचर (अर्क) जैसी कई औषधीय तैयारियों को पहले अनुसूची-के के तहत लाइसेंस संबंधी आवश्यकताओं से छूट प्राप्त थी। हालांकि, इनमें से कुछ उत्पादों में 80 से 90 प्रतिशत तक एथाइल अल्कोहल होता है, जिससे इनके नशे के उद्देश्य से दुरुपयोग की आशंका



रहती है। केंद्र सरकार ने यह भी बताया कि कुछ राज्य सरकारों ने ऐसे उत्पादों के दुरुपयोग को लेकर चिंता जताते हुए इस संबंध में सुझाव और संदर्भ भेजे थे। इस समस्या के समाधान के लिए सरकार ने तय किया है कि 12 प्रतिशत से अधिक एथाइल अल्कोहल वाली और 30 मिलीलीटर से अधिक पैकिंग में उपलब्ध सभी औषधीय तैयारियां अब अनुसूची-के के तहत मिलने वाली छूट की पात्र नहीं होंगी। इसके परिणामस्वरूप ऐसे उत्पादों के निर्माता और विक्रेताओं को अब औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के तहत आवश्यक लाइसेंस प्राप्त करना होगा। संशोधन के तहत इन औषधीय तैयारियों को ड्रग्स रूल्स, 1945 की अनुसूची-एच1 में भी शामिल किया गया है, जिससे ये अधिक कड़े नियामकीय नियंत्रण के दायरे में आ जाएंगी। अनुसूची-एच1 में शामिल दवाएं केवल पंजीकृत चिकित्सा प्रैक्टिशनर के पर्चे पर ही बेची जा सकेंगी और इनके विक्रय का विस्तृत रिकॉर्ड रखना भी अनिवार्य होगा। मंत्रालय के अनुसार, संशोधित व्यवस्था से अल्कोहल युक्त औषधीय उत्पादों की निगरानी और नियंत्रण मजबूत होगा तथा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इनकी आपूर्ति केवल विनियमित दवा वितरण प्रणाली के माध्यम से ही हो। इससे इन उत्पादों के दुरुपयोग और गलत इस्तेमाल की आशंका में उल्लेखनीय कमी आएगी जबकि वास्तविक चिकित्सीय जरूरत वाले मरीजों के लिए इनकी उपलब्धता बनी रहेगी।

### संक्षिप्त समाचार

#### 15 लोगों की जान लेने वाली बिल्डिंग पर चलेगा बुलडोजर

**लखनऊ।** लखनऊ के अलीगंज सेक्टर–डी स्थित भवन संख्या–102 में 22 जून को हुए भीषण अग्निकांड में 15 लोगों की मौत के मामले में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई हुई है। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की विहित प्राधिकारी कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई के बाद शुक्रवार को भवन के ध्वस्तीकरण का आदेश जारी कर दिया। कोर्ट ने भवन स्वामी की ओर से दाखिल जवाब पर सुनवाई के बाद अवैध निर्माण को नियमों के विपरीत मानते हुए कार्रवाई को मंजूरी दे दी।

#### और बढ़ेगा रामगढ़ताल का आकर्षण, खुलेगा अत्याधुनिक बैंबू रेस्टोरेंट

**गोरखपुर।** पूर्वी उत्तर प्रदेश के सबसे प्रमुख पर्यटन केंद्रों में से एक, रामगढ़ताल का आकर्षण अब और बढ़ने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप रामगढ़ताल को विश्व स्तरीय पर्यटन हब बनाने में जुटे जीडीए (गोरखपुर विकास प्राधिकरण) ने ताल में एक अत्याधुनिक पर्यटन सेवा शुरू करने की पहल की है। ताल की खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए अब यहां एक अत्याधुनिक और ईको फ्रेंडली बैंबू रेस्टोरेंट (बांस से बना रेस्टोरेंट) शुरू करने की तैयारी है। इसके लिए जीडीए ने विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली है। बैंबू रेस्टोरेंट के निर्माण और गुणवत्ता के मानक जीडीए तय करेगा, जबकि इसका संचालन निजी क्षेत्र द्वारा किया जाएगा। रामगढ़ताल में बैंबू रेस्टोरेंट शुरू करने के स्टेट वेटलैंड कमेटी से अनुमति मिल गई है।

#### सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में शाहजहांपुर ने मारी बाजी, रामपुर को मिला दूसरा स्थान

**लखनऊ।** योगी सरकार द्वारा पिछले नौ वर्षों से प्रदेश में सुशासन और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का असर धरातल पर साफ देखा जा सकता है। सीएम डैशबोर्ड की जून माह की रैंकिंग में शाहजहांपुर ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं रामपुर ने दूसरा और बरेली ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जिलों का मूल्यांकन कई मानकों के आधार पर किया जाता है। इसमें जनशिकायतों का समयबद्ध निस्तारण, प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई, फीडबैक की गुणवत्ता और योजनाओं के क्रियान्वयन जैसे पहलू शामिल होते हैं।

## जबरन हटाने की कोशिश हुई तो आंदोलन और तेज होगा : सोनम वांगचुक

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

शिक्षाविद और जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने शुक्रवार को कहा कि उनके अनिश्चितकालीन उपवास का 13वां दिन होने पर उनकी भूख स्थिर हो गई है। उन्होंने जोर दिया कि उन्हें प्रदर्शन स्थल से हटाने की कोशिश करके उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं किया जाना चाहिए। वांगचुक जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन के समर्थन में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और परीक्षा में कथित गड़बड़ियों के लिए सरकार की



जवाबदेही की मांग को लेकर शुरू हुआ यह प्रदर्शन 21वें दिन में प्रवेश कर चुका है। स्वास्थ्य बिगड़ने की स्थिति में प्रशासन के हस्तक्षेप की संभावना के संबंध में पूछे गए सवाल पर वांगचुक ने कहा कि वह अपनी इच्छा से प्रदर्शन स्थल पर मौजूद हैं और उन्हें वहां से हटाने का प्रशासन के पास कोई कारण नहीं है।

### भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को मिली मंजूरी, 17 को हो सकता है शुभारंभ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने देश की पहली हाइड्रोजन फ्यूल सेल आधारित ट्रेन के संचालन को औपचारिक मंजूरी दे दी है। हरियाणा के जींद–सोनीपत रेलखंड पर चलने वाली इस अत्याधुनिक ट्रेन का उद्घाटन 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जाने की संभावना है। यह परियोजना रेलवे के स्वच्छ ऊर्जा और कार्बन उत्सर्जन में कमी के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। उत्तरी रेलवे के अंतर्गत जींद–सोनीपत खंड को इस परियोजना के लिए पायलट कॉरिडोर के रूप में चुना गया है। दस डिब्बों वाली इस ट्रेन को पूरी तरह देश में ही डिजाइन और विकसित किया गया है। 1200 किलोवाट क्षमता वाली हाइड्रोजन फ्यूल सेल प्रणाली से संचालित यह ट्रेन अधिकतम 75 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चल सकेगी।

## उत्तर प्रदेश में 20 आईएएस अफसरों का तबादला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

यूपी सरकार ने गुरुवार देर रात को 20 आईएएस अफसरों के स्थानांतरण किया है। इनमें सचिव और विशेष सचिव स्तर के अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा बलिया, आजमगढ़, और इटावा जिले मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) शामिल है।

तबादले के क्रम में सुधा वर्मा को सचिव राजस्व से श्रमायुक्त बनाया गया है। डॉ. सारिका मोहन को महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा तथा सचिव चिकित्सा शिक्षा से महानिरीक्षक निबंधन, नेहा शर्मा महानिरीक्षक निबंधन से महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा तथा सचिव चिकित्सा शिक्षा, अरुण कुमार अपर महानिदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म से मिशन निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य आजीविका मिशन बनाए गया हैं। वहीं, जे रीभा को विशेष सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म के वर्तमान पद के साथ अपर निदेशक का प्रभार सौंपा गया है। दीपा रंजन को मिशन निदेशक राज्य आजीविका मिशन से विशेष सचिव संस्कृति विभाग, संजय कुमार प्रथम को विशेष सचिव संस्कृति एवं निदेशक धर्मार्थ कार्य को विशेष सचिव संस्कृति के प्रभार से कार्यमुक्त उन्हें निदेशक संस्कृति का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। विशाल सिंह को विशेष सचिव सस्कृति, निदेशक सूचना एवं निदेशक संस्कृति विभाग से विशेष सचिव संस्कृति तथा निदेशक संस्कृति के प्रभार से अवमुक्त कर दिया गया है।





इसी तरह संदीप भागिया अपर आयुक्त राज्य कर गौतमबुद्धनगर तथा अपर आयुक्त राज्य कर गाजियाबाद द्वितीय से प्रबंध निदेशक मध्याचंल विद्युत वितरण निगम बनाया गया हैं। परीक्षित खटाना को मुख्य विकास अधिकारी आजमगढ़ से अपर आयुक्त राज्य कर गौतमबुद्ध नगर, राकेश कुमार पटेल को अपर आयुक्त लखनऊ मंडल से मुख्य विकास अधिकारी आजमगढ़, रेणु तिवारी को विशेष सचिव महिला कल्याण तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग तथा सचिव रज्य महिला आयोग को विशेष सचिव बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के पद से कार्यमुक्त कर दिया गया है। इनके अलावा जग प्रवेश को नगर आयुक्त मथुरा-वृंदावन से विशेष सचिव वन पर्यावरण एवं जलवायु प्रवर्तन विभाग, ओजस्वी राज को मुख्य विकास अधिकारी बलिया से नगर आयुक्त मथुरा-वृंदावन, आलोक कुमार एडीएम (वि/रा) से मुख्य विकास अधिकारी बलिया। अजय कुमार गौतम को मुख्य विकास अधिकारी इटावा से अपर आयुक्त राज्य कर गाजियाबाद प्रथम, संजय कुमार सिंह को एडीएम (प्रशासन) से मुख्य विकास अधिकारी इटावा, प्रतीक्षारत मनिकंदन ए को अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त राजस्व परिषद और डा. वंदना वर्मा को विशेष सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग तथा संयुक्त प्रबंध निदेशक राज्य चीनी निगम को संयुक्त प्रबंध निदेशक सहकारी चीनी मिल्स संघ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

**सतर्कता** — रेड अलर्ट के बीच प्रशासन हाई अलर्ट पर

## चारधाम यात्रियों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम

▸ किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार राहत-बचाव दल

**एजेंसी, ऋषिकेश।**

उत्तराखंड में मूसलाधार बारिश की चेतावनी के बीच गढ़वाल मंडल में प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। शुक्रवार को गढ़वाल आयुक्त आनंद स्वरूप ने बताया कि प्रदेश के कई जिलों में रेड अलर्ट तथा अन्य जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर सभी जिलाधिकारियों, आपदा प्रबंधन अधिकारियों और



संबंधित विभागों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

आयुक्त स्वरूप ने कहा कि बारिश के कारण कहीं भी जलभराव, भूस्खलन अथवा सड़क बंद होने की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं। सभी अधिकारी एवं राहत-बचाव दल अपने-अपने क्षेत्रों में तैनात हैं और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने बताया कि यदि किसी मार्ग पर मलबा आने से यातायात बाधित होता है तो उसे प्राथमिकता के आधार पर तुरंत खोलने की कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने प्रदेशवासियों और चारधाम यात्रियों से अपील की कि खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें तथा भूस्खलन संभावित क्षेत्रों, उफनते नदी-नालों और अन्य संवेदनशील स्थानों से दूर रहें। प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने से किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सकता है।

श्री स्वरूप ने कहा कि वर्तमान में चारधाम यात्रा भी जारी है, जिसे देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। चारों धामों में संबंधित जिलाधिकारी लगातार व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। यात्रा मार्गों की स्थिति पर सतत नजर रखी जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किए जा रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं की यात्रा सुरक्षित और सुचारु बनी रहे।

## दिल्ली हाईकोर्ट का बड़ा फैसला : राजपाल यादव को तीन महीने की जेल, 7.35 करोड़ रुपये का जुर्माना

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव को चेक बाउंस मामले में बड़ा झटका लगा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने चेक बाउंस के सात मामलों में उनकी दोषसिद्धि को बरकरार रखते हुए तीन महीने के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने उन पर कुल 7.35 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

शुक्रवार, 10 जुलाई को हुई सुनवाई में दिल्ली हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली राजपाल यादव की याचिकाओं को खारिज कर दिया। अदालत ने सातों मामलों में तीन-तीन महीने की सजा सुनाई, लेकिन सभी सजाएं एक



साथ चलने के आदेश दिए। इसका मतलब है कि अभिनेता को कुल तीन महीने की ही जेल काटनी होगी।

जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने कहा कि राजपाल यादव को अदालत में दिए गए अपने अंडरटेकिंग (प्रतिबद्धता) का पालन करने के लिए कई अवसर दिए गए थे, लेकिन उन्होंने बार-बार मिले मौकों के बावजूद उसका पालन नहीं किया। इसी आधार पर अदालत ने दोषसिद्धि को बरकरार रखा। अदालत ने प्रत्येक मामले में 1.05 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। इस तरह सातों मामलों में कुल जुर्माना 7.35 करोड़ रुपये बनता है। प्रत्येक मामले में 1 करोड़ 4 लाख 75 हजार रुपये शिकायतकर्ता को दिए जाएंगे। 25 हजार रुपये राज्य को अदा किए जाएंगे।

यह मामला वर्ष 2010 में बनी फिल्म अता पता लापता से जुड़ा है। फिल्म के निर्माण के लिए राजपाल यादव ने 5 करोड़ रुपये लिए थे। अभिनेता का दावा था कि यह राशि निवेश के रूप में ली गई थी, जबकि विवाद के बाद बकाया राशि बढ़कर करीब 9 करोड़ रुपये हो गई।

# बाढ़ से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहें अधिकारी : प्रमुख सचिव

- 18 सर्वाधिक संवेदनशील जनपदों की बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा, राहत एवं बचाव व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के दिए निर्देश



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

देवीपाटन मंडल मुख्यालय, गोण्डा में शुक्रवार को प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश अपर्णा यू. की अध्यक्षता तथा राहत आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद की उपस्थिति में प्रदेश के बाढ़ से सर्वाधिक संवेदनशील 18 जनपदों की बाढ़ पूर्व तैयारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में देवीपाटन, लखनऊ, अयोध्या, बस्ती, गोरखपुर एवं आजमगढ़ मंडलों के अंतर्गत आने वाले बाढ़ संभावित जनपदों की तैयारियों का विभागवार गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बाढ़ संबंधी कार्यों के लिए जारी टेंडरों एवं कार्यादेशों की प्रगति, बाढ़ शरणालयों की स्थापना तथा उनमें पेयजल, विद्युत, शौचालय और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता का परीक्षण किया गया। साथ ही नाव, नाविक, गोताखोर एवं स्वयंसेवकों की उपलब्धता, संवेदनशील तटबंधों एवं कटान स्थलों पर कराए गए सुरक्षात्मक कार्य, बाढ़ चौकियों एवं नियंत्रण कक्षों की स्थापना, चिकित्सा एवं पशु चिकित्सा टीमों की उपलब्धता, आवश्यक दवाओं, एम्बुलेंस, पशु चारे, पेयजल, स्वच्छता एवं विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था तथा पूर्व चेतावनी प्रणाली (अर्ली वार्निंग सिस्टम) और जनजागरूकता अभियान की भी समीक्षा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रमुख सचिव ने कहा कि बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए समयबद्ध तैयारी, विभागीय समन्वय और त्वरित निर्णय अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी विभाग संभावित बाढ़ की स्थिति को ध्यान में रखते हुए अपनी तैयारियां समय से पूर्ण करें तथा जन-धन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि राहत शिविरों, नियंत्रण कक्षों एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को पूरी तरह सक्रिय रखा जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए रखने, स्थानीय प्रशासन को सतर्क रखने तथा आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बाढ़ संबंधी चेतावनियां समय से आमजन तक पहुंचाने के लिए सभी उपलब्ध संचार माध्यमों का प्रभावी उपयोग किया जाए तथा जनजागरूकता अभियान को और व्यापक बनाया जाए।

प्रमुख सचिव एवं राहत आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए की बाढ़ आने पर सभी ग्राम वासियों को समय से सूचना दे दी जाए। बाढ़ कार्य के दौरान वालंटियर से मदद ली जाये। बाढ़ शरणालय की व्यवस्था पहले से कर ली जाये। बाढ़ शरणालय में सारी व्यवस्था हो। बाढ़ शरणालय के पास पशु शरणालय भी बनाया जाए। इन्होंने नगर विकास के अधिकारियों के को निर्देश दिए कि वह शहरों के मेन होल खुले न रहे, उन्हें बंद कराया दिया जाये।

बैठक में देवीपाटन मंडल की आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल, जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन सहित प्रदेश के बाढ़ प्रभावित 18 जनपदों के अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), पुलिस, सिंचाई, लोक निर्माण, ग्राम्य विकास, कृषि, स्वास्थ्य, विद्युत एवं पशुपालन विभाग के मंडलीय एवं क्षेत्रीय अधिकारी तथा एनडीआरएफ, एसडीआरएफ एवं पीएसी के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी विभागों ने अपनी-अपनी बाढ़ पूर्व तैयारियों का प्रस्तुतिकरण करते हुए समयबद्ध कार्ययोजना से अवगत कराया। इस अवसर पर 18 जनपदों के संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# डॉ. जाहिद हुसैन इंस्टिट्यूट ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी का भव्य उद्‌घाटन समारोह आयोजित

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



**हलधरमऊ (गोंडा)।** दरसगाह इस्लामी स्कूल, हलधरमऊ परिसर में स्वर्गीय डॉ. ज़ाहिद हुसैन ख़ान की स्मृति में स्थापित डॉ. ज़ाहिद हुसैन इंस्टिट्यूट ऑफ़ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री सूरज सिंह (पूर्व प्रत्याशी, सदर विधानसभा, गोंडा) एवं विशिष्ट अतिथि श्री महफ़ूज़ ख़ान (पूर्व एमएलसी) ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं सभी विशिष्ट अतिथियों का बुके एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

समारोह में जिला पंचायत सदस्य वकार ख़ान, हाजी आमिर ख़ान, हाजी शाहबुद्दीन ख़ान (शब्बू), देवेंद्र सिंह, इब्राहीम ख़ान, अली अहमद ख़ान, बदरूस्सलाम ख़ान, सत्येंद्र सिंह, पप्पू ख़ान, फ़ुरकान ख़ान, मोहसिन ख़ान, राशिद अख़्तर ख़ान, अफ़ज़ल ख़ान, दिलगीर हुसैन, हसीब ख़ान हक़ीकुर्रहमान ख़ान सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर मोहसिन ख़ान ने कहा कि स्वर्गीय डॉ. ज़ाहिद हुसैन ख़ान ने शिक्षा के क्षेत्र में जो सपना देखा था, उसी सोच और उनकी याद को जीवंत रखने के उद्देश्य से इस कंप्यूटर लैब एवं डॉ. ज़ाहिद हुसैन इंस्टिट्यूट ऑफ़ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य ग्रामीण एवं आसपास के क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को आधुनिक कंप्यूटर शिक्षा, तकनीकी कौशल और रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम के अंत में श्री ख़ालिद अख़्तर ने सभी मुख्य अतिथियों, विशिष्ट अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनसमुदाय का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## खबरें एक नजर में

### जवाहर नवोदय विद्यालय मनकापुर में कक्षा-6 प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, मनकापुर, गोण्डा में शैक्षिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा-6 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीकरण 07 जुलाई से प्रारम्भ हो गया है। इच्छुक एवं पात्र छात्र-छात्राएं 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रभारी प्राचार्य लालता प्रसाद शर्मा ने बताया कि आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से वेबसाइट https://cbseitms. rcil.gov.in/nvs पर स्वीकार किए जाएंगे। जनपद गोण्डा के निवासी तथा किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026-27 के दौरान कक्षा-5 में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं आवेदन के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी का जन्म 01 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच होना अनिवार्य है। पात्र अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं से समय रहते ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की गई है, ताकि अंतिम तिथि के निकट होने वाली तकनीकी असुविधाओं से बचा जा सके।

### ससुर-दामाद में जमीन विवाद में चले लाठी-डंडे पैसे के विवाद में मारपीट, दो लोग घायल



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के रुपईडीहा थाना क्षेत्र के बरथनवां गांव में गुरुवार देर रात ससुर और दामाद पक्ष के लोगों के बीच जमीन विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई। इस घटना में दो लोग घायल हो गए हैं। शुक्रवार दोपहर इस पूरी घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों पक्ष एक-दूसरे पर डंडों से हमला करते दिख रहे हैं। यह विवाद रुपयों के लेनदेन और जमीन की रजिस्ट्री से जुड़ा है। बरथनवां गांव निवासी वसीम अहमद ने अपनी बेटी की शादी इसी गांव के मोहम्मद रहीस से की थी। वसीम ने अपनी कुछ जमीन दामाद और बेटी को दान कर दी थी। बाद में, वसीम ने अपने हिस्से की भूमि बेच दी। जब दामाद मोहम्मद रहीस ने भी अपनी जमीन बेचने की इच्छा जताई, तो वसीम ने उस खरीदार से 18 लाख रुपये में सौदा तय कराया, जिससे उन्होंने अपनी जमीन बेची थी। रहीस ने जरूरत बताकर वसीम से एक लाख रुपये मांगे। इसके बाद, खरीदार ने वसीम के खाते में एक लाख रुपये ट्रांसफर किए, जो वसीम ने अपने दामाद को दे दिए। हालांकि, जब रहीस से जमीन की रजिस्ट्री के लिए कहा गया, तो उसने इनकार कर दिया और एक लाख रुपये भी वापस नहीं किए। इसी बात को लेकर देर रात दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। इस मारपीट में वसीम के दो बेटे, सोनू और मोनू, घायल हो गए हैं। पीड़ित पक्ष ने थाने में नामजद तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### रेहरा बाजार पुलिस ने चोरी का किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार



**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना रेहरा बाजार पुलिस ने घर में चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई धनराशि तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र में दर्ज चोरी के मुकदमे का खुलासा किया। पुलिस के अनुसार, सात जुलाई को ग्राम रेहरा निवासी राघवेन्द्र चौबे ने तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और मकान में किराये पर रह रहे व्यक्ति के 10 हजार रुपये चोरी कर लिए। तहरीर के आधार पर थाना रेहरा बाजार में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। विवेचना एवं साक्ष्य संकलन के दौरान पुलिस ने ताहिर पुत्र युसूफ निवासी ग्राम जिमाड़ा, थाना बिनौली (जनपद बागपत), आतिम पुत्र सलीम तथा शाकिब पुत्र नसीम, दोनों निवासी सफा कॉलोनी, थाना कैराना (जनपद शामली) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरी की धनराशि तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की। बरामदगी और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी की गई। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद तीनों आरोपितों को न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है।

### शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद 13 को आएंगे महसी

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं द्वारका-शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के 13 जुलाई को महसी विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित आगमन की तैयारियां तेज हो गई हैं। गुरुवार को पूर्व विधायक के.के. ओझा ने अपने आवास पर प्रेस वार्ता कर कार्यक्रम की जानकारी दी। पूर्व विधायक ने बताया कि प्रातः लगभग आठ बजे शंकराचार्य की 81 दिवसीय 卐गविष्ठ (गो रक्षार्थ-धर्मयुद्ध) यात्रा卐 घाघरा घाट से स्वागत के साथ प्रारंभ होगी। यह यात्रा कैसरगंज, फखरपुर, मरौचा, टिकोरा मोड़, बेडनापुर, उत्तमनगर और रमपुरवा चौकी होते हुए एरिया बलभद्र सिंह इंटर कॉलेज पहुंचेगी। यहां श्रद्धालुओं द्वारा चरण पादुका वंदन, पूजन और स्वागत कार्यक्रम आयोजित होगा। के.के. ओझा ने क्षेत्र के धर्मप्रेमियों, गोभक्तों और श्रद्धालुओं से सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। उन्होंने बताया कि यात्रा का उद्देश्य गौ संरक्षण एवं सनातन मूल्यों के प्रति जनजागरण करना है। ओझा ने गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध और गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा देने की मांग का समर्थन भी किया। के.के. ओझा ने यात्रा मार्ग की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एरिया मार्ग पर कई स्थानों पर सड़क किनारे खुदाई और गड्ढे हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से मिलकर मार्ग की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग करने की बात कही। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर आमंत्रण पत्र वितरित कर रहे हैं।

# दोना-पत्तल मेकिंग मशीन के चयन के लिये साक्षात्कार 15 जुलाई को

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की टूल्स किट्स वितरण योजना के अंतर्गत दोना-पत्तल मेकिंग मशीन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए साक्षात्कार 15 जुलाई (बुधवार) को प्रातः 11 बजे जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, 122 राजा मोहल्ला, उत्तरौला रोड, निकट महाराजगंज पुलिस चौकी, गोण्डा में आयोजित होगा।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी महेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि ऑनलाइन नामांकन कर चुके सभी अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक अभिलेखों के साथ उपस्थित हों। अभ्यर्थियों को राशन कार्ड, आधार कार्ड, शैक्षिक योग्यता संबंधी प्रमाणपत्र, पासपोर्ट आकार के फोटो, निवास प्रमाण पत्र तथा जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) साथ लाना अनिवार्य होगा।

उन्होंने बताया कि निर्धारित समय पर उपस्थित न होने अथवा साक्षात्कार में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। सभी पात्र अभ्यर्थियों का चयन मुख्यालय द्वारा गठित चयन समिति के माध्यम से किया जाएगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने सभी ऑनलाइन पंजीकृत अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि पर समय से उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग करें।

# सफाई कर्मचारी संघ की नवगठित कार्यकारिणी का सम्मान समारोह आयोजित

- सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान का मिला भरोसा

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ की नवगठित कार्यकारिणी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विदेश राज्य मंत्री व गोण्डा सांसद के प्रतिनिधि राजेश सिंह, रामशंकर मिश्रा एवं सौरभ सिंह ने नवगठित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधियों ने कहा कि ग्राम पंचायतों में कार्यरत सफाई कर्मचारी ग्रामीण स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं। कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा तथा उनकी जायज मांगों को संबंधित अधिकारियों एवं शासन स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि उनकी किसी भी समस्या की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष विनोद मिश्रा ने कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों का लंबित वेतन समय से भुगतान कराया जाए, प्रोन्नति की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा किया जाए तथा पुरानी पेंशन योजना की बहाली सहित कर्मचारियों के हितों से जुड़े सभी मुद्दों का समाधान सरकार एवं प्रशासन द्वारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कर्मचारी पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं, इसलिए उनकी समस्याओं का भी त्वरित एवं संवेदनशील तरीके से निराकरण होना चाहिए। उन्होंने सभी कर्मचारियों से संगठन की एकजुटता बनाए रखने का आह्वान करते हुए भरोसा दिलाया कि संगठन उनके हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करता रहेगा। कार्यक्रम में जिला संरक्षक संतराम वर्मा, जिला महामंत्री विनय शुक्ल, संगठन मंत्री दर्शन यादव, कोषाध्यक्ष फौजदार गौतम, रमेश शुक्ला, नंदकुमार, आशाराम यादव, विजय वर्मा, अमृतलाल सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा एवं संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

# चार शातिर चोर गिरफ्तार, लाखों के जेवर व नकदी बरामद

- थानाध्यक्ष दीपक सिंह की टीम को मिली बड़ी सफलता

**पयागपुर, बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष पयागपुर दीपक सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का खुलासा किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण, पीली धातु के जेवर तथा 4,035 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार 10 जुलाई को थानाध्यक्ष दीपक सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के डिहिया पुल के पास घेराबंदी कर चारों आरोपियों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदात में शामिल होने की बात स्वीकार की। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया।

गिरफ्तार आरोपियों में कमलेश चौहान, श्याम उर्फ चौहान, पप्पू उर्फ गोमती चौहान निवासी ग्राम बकवा थाना पयागपुर तथा अजीज उर्फ सद्दाम उर्फ सलीम निवासी थाना कोतवाली नगर, श्रावस्ती शामिल हैं। पुलिस के अनुसार चारों के खिलाफ विभिन्न जनपदों में चोरी समेत कई गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

इस सराहनीय कार्रवाई में थानाध्यक्ष दीपक सिंह के साथ उपनिरीक्षक अमित प्रकाश, उपनिरीक्षक रवि कुमार, हेड कांस्टेबल शिवनारायण पाण्डेय, हेड कांस्टेबल आफताब अहमद, हेड कांस्टेबल मनीष कुमार तथा कांस्टेबल आशीष चौहान व मनीष कुमार की सक्रिय भूमिका रही।

# किसानों ने चीनी मिल को चेताया : अब नहीं चलेगी मनमानी, एक हफ्ते में व्यवस्था नहीं सुधरी तो होगा आर-पार का संघर्ष

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

- भाकियू (टिकैत) का तेवर सख्त, अवैध वसूली व खाद वितरण के मुद्दे पर जीएम को सौंपा ज्ञापन, समाधान का मिला आश्वासन



गन्ना पेराई सत्र शुरू होने से पहले भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने श्रावस्ती सहकारी किसान चीनी मिल लिमिटेड, नानपारा के खिलाफ किसानों की समस्याओं को लेकर मोर्चा खोल दिया। संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को महाप्रबंधक (जीएम) को ज्ञापन सौंपकर गन्ना क्रय केंद्रों पर कथित अवैध वसूली, खाद वितरण में पारदर्शिता और किसानों की अन्य समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट कहा कि यदि किसानों के हितों की अनदेखी जारी रही तो आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे। बैठक के दौरान किसान नेताओं ने कहा कि हर पेराई सत्र में किसान अव्यवस्थाओं, देरी और शिकायतों से जूझते हैं। इस बार ऐसी स्थिति किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने मांग की कि सभी गन्ना क्रय केंद्रों पर निष्पक्ष व्यवस्था लागू हो, किसी भी मद में किसानों से अवैध धन की वसूली न हो तथा खाद वितरण पूरी तरह पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से कराया जाए। महाप्रबंधक ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और एक सप्ताह के भीतर समस्याओं के समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला उपाध्यक्ष सरदार जितेंद्र सिंह विर्क, जिला उपाध्यक्ष शेख सहनवाज हुसैन, पूर्व प्रधान खड़िया कुलवंत सिंह, सिमरजीत सिंह, संदीप प्रजापति, सिमर सिंह, बालमीत तथा पूर्व सैनिक कुलदीप सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। किसान नेताओं ने कहा कि यह केवल ज्ञापन नहीं, बल्कि किसानों के सब्र की अंतिम चेतावनी है। यदि तय समय सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) किसानों के साथ मिलकर लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक आंदोलन की रणनीति बनाएगी, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित प्रशासन और चीनी मिल प्रबंधन की होगी।

# भारत-नेपाल सीमा पर नेपाली युवक गिरफ्तार



- सीमा पर चेकिंग के दौरान पकड़ा गया
- 15 लाख की स्मैक बरामद

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

मोतीपुर पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने एक नेपाली युवक को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से 15 लाख रुपये की स्मैक बरामद हुई। यह गिरफ्तारी गुरुवार देर रात चेकिंग के दौरान हुई। मोतीपुर थाना प्रभारी आनंद चौरसिया एसएसबी जवानों के साथ भारत-नेपाल सीमा से लगे लौकही गांव में गश्त कर रहे थे। पिलर संख्या 667 के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में आता दिखा।

टीम ने उसे रोककर तलाशी ली, जिसमें उसके कपड़ों में छिपाई गई स्मैक मिली। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान नेपाल के वर्दियां जिले निवासी सुशील कुमार के रूप में हुई है।

आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे शुक्रवार सुबह न्यायालय भेज दिया गया है।

# राम मंदिर मामले में सरकार बड़े लोगों को बचा रही : राम आसरे

- पूर्व मंत्री बोले- 70 प्रतिशत फर्जी एनकाउंटर पीडीए से जुड़े

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा गुरुवार को जनपद बहराइच पहुंचे। यहां उन्होंने पीडीए संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया और बातचीत की। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। विश्वकर्मा ने आरोप लगाया कि राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में सरकार बड़े लोगों को बचा रही है और केवल छोटे कर्मचारियों को फंसाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार छोटे-मोटे सफाई कर्मचारियों और ड्राइवरों को गिरफ्तार कर इस मामले को दबाना चाहती है। उन्होंने मौजूदा सरकार में महंगाई और बेरोजगारी को चरम पर बताया। पूर्व मंत्री ने कहा कि किसान और नौजवान सभी परेशान हैं। उन्होंने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनावों में जनता भाजपा को नकार कर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएगी। राम आसरे विश्वकर्मा ने कहा कि वर्तमान में हो रही हत्याओं में 60 से 80 प्रतिशत पीडीए वर्ग के लोग शिकार हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन हत्याओं को अंजाम देने वाले भारतीय जनता पार्टी के समर्थित लोग हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि योगीराज में हुए 70 प्रतिशत फर्जी एनकाउंटर पीडीए वर्ग से संबंधित थे। बुलडोजर की कार्रवाई पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार में लोगों को डराने और धमकाने के लिए जितनी भी कार्रवाई हुई है, उनमें से 24 में से 22 कार्रवाईयां केवल पीडीए वर्ग के लोगों, जैसे पिछड़े, दलित, मुसलमान, यादव और गुर्जरों के खिलाफ की गई हैं। उन्होंने कहा कि ये लोग समाजवादी पार्टी और विपक्ष से संबंधित हैं। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री यासर शाह, जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव, नंदेश्वर यादव, जफर उल्ला बंटी और अब्दुल मन्नान सहित कई अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### लोक के साथ-साथ परलोक का भी ध्यान रखना चाहिए : बाबा उमाकांत



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** फखरपुर इलाके में आयोजित सत्संग में संत बाबा उमाकांत महाराज शामिल हुए। उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि सतगुरु की शरण में आने और उनकी दया प्राप्त करने से मनुष्य के कर्म कटते हैं। अन्यथा, व्यक्ति को अपने कर्मों का फल अवश्य भोगना पड़ता है। बाबा उमाकांत ने संतवाणी का उल्लेख करते हुए कहा, कर्म फांस छूटे नहीं कैतिक करो उपाय, सतगुरु मिले तो ऊबरे, नहीं तो भटका खाय। उन्होंने बताया कि पूर्व में लोगों के कर्म कम होते थे, जिससे गुरु कृपा से उनका जीवन सुखी और शांत रहता था। महाराज ने वर्तमान में बढ़ती बीमारियों, मानसिक तनाव, पारिवारिक कलह, अपराध और सामाजिक अव्यवस्था का मुख्य कारण मनुष्य के गलत खान-पान, आचरण और गुरु के आदेशों से दूर होना बताया। उन्होंने जोर दिया कि जब मनुष्य गुरु के बताए मार्ग पर चलता है, तभी उसके जीवन में वास्तविक परिवर्तन आता है। बाबा उमाकांत ने कहा कि संत सदैव मानव कल्याण के लिए धरती पर रहते हैं। वे समय-समय पर लोगों को सदाचार, संयम, प्रभु-स्मरण और आध्यात्मिक जीवन का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि मानव जीवन क्षणभंगुर है, इसलिए लोक के साथ-साथ परलोक का भी ध्यान रखना चाहिए। इस सत्संग में बाबा उमाकांत महाराज को सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# तीन दिन से सड़क पर भरा गंदा पानी, नगरवासियों में आक्रोश

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



- गुमा तिराहा व मुबारक मोड़ पर जलभराव से आवागमन प्रभावित, संक्रामक बीमारियों का बढ़ा खतरा

स्थानीय बाजार के गुमा तिराहा और मुबारक मोड़ तिराहा पर पिछले तीन दिनों से गंदा पानी जमा होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। सड़क पर जलभराव के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। वहीं गंदे पानी से उठ रही दुर्गंध और मच्छरों की बढ़ती संख्या के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका भी बढ़ गई है।

स्थानीय निवासी नंदकिशोर, राधेश्याम, उदयभान, विजय, मनोज, सरोज, अंकित और अमित ने बताया कि कई दिनों से सड़क पर गंदा पानी भरा हुआ है, लेकिन समस्या के समाधान के लिए अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। उनका कहना है कि जलनिकासी की समुचित व्यवस्था न होने से हर बारिश के बाद यही स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

नगरवासियों का आरोप है कि संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारी समस्या से अवगत होने के बावजूद अनदेखी कर रहे हैं। लोगों ने जल्द से जल्द जलनिकासी की व्यवस्था कर सड़क से गंदा पानी हटाने की मांग की है, ताकि आवागमन सुचारु हो सके और संभावित संक्रामक बीमारियों से बचाव किया जा सके।

# पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने सरकार को बताया विफल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

- कहा- जनता महंगाई व बेरोजगारी से परेशान, बदलाव चाहती है



पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने अपने दो दिवसीय जनपद दौरे के दौरान कैसरगंज में एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की मौजूदा सरकार पर तीखा हमला बोला और उसे हर मोर्चे पर विफल बताया। कैसरगंज पहुंचने पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया। सिद्दीकी ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी उतरने में नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है, बेरोजगारी चरम पर है और आम आदमी रोजमर्रा की परेशानियों से जूझ रहा है। उनके अनुसार, प्रदेश की जनता अब बदलाव चाहती है और सरकार के प्रति लोगों में निराशा का माहौल है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में परिवर्तन का मन बना लिया है। उनका कहना था कि जनता ऐसे नेतृत्व की तलाश में है जो विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और किसानों के हितों को प्राथमिकता दे सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनसमस्याओं को लेकर सक्रिय रहने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए सिद्दीकी का जोरदार स्वागत किया और उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया। पूर्व मंत्री ने पत्रकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर नेम कुमार चौहान (पूर्व जिलाध्यक्ष, बहराइच), सिराज अहमद हाजी ब्रिकफील्ड वैरा काजी, रिजवान सिद्दीकी, हाजी महफूज जी, सईद भाई लखनऊ, इरफान सिद्दीकी, पत्रकार बृजेश सिंह राठौर, अशोक सिंह, नजीब अहमद, सिराज कादरी, डॉ. मिज्जन अली, यूसुफ भाई, एलर्जी सिद्दीकी, सोनू साजन, इरफ़ान सिद्दीकी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, पार्टी पदाधिकारी एवं समर्थक मौजूद रहे।

# यूपी में भारी बारिश, सीएम ने अधिकारियों को मौके पर जाने के दिए निर्देश

- मुख्यमंत्री ने उ.प्र. में अति वर्षा व आकाशीय बिजली से हुई जनहानि, पशुहानि व आर्थिक हानि का लिया संज्ञान
- सीएम ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति व्यक्त की संवेदना



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में अति वर्षा व आकाशीय बिजली से हुई जनहानि, पशुहानि व आर्थिक हानि का संज्ञान लिया। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

उत्तर प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में भारी बारिश हो रही है। प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में जनहानि, पशु हानि व अन्य नुकसान के समाचार आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसका संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त की।

### आकाशीय बिजली से हुई जन हानि, पशु हानि व आर्थिक हानि का आंकलन कर 24 घंटे में मुआवजा देने का दिया निर्देश

मुख्यमंत्री ने अति वर्षा, आकाशीय बिजली से हुई जन हानि, पशु हानि व आर्थिक हानि का आंकलन कर 24 घंटे में मुआवजा देने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को फील्ड पर निकल कर प्रभावित परिवारों की हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों से संवाद बना कर अधिकारी हर संभव सहायता उपलब्ध करवाएं। मुख्यमंत्री ने घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। मौसम विभाग के अनुसार आज 46 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आस पास के क्षेत्रों में अत्यधिक बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, गोंडा, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, तखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, औरैया व आस-पास के क्षेत्रों में येलो अलर्ट है।

# बिहार विधानसभा के प्रबोधन कार्यक्रम में शामिल होंगे उ. प्र. विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



- विधायकों को संसदीय परंपराओं एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती का दें संदेश

बिहार विधानसभा के नवनिर्वाचित एवं वर्तमान सदस्यों के लिए गया स्थित बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) में आयोजित होने वाले दो दिवसीय 'प्रबोधन कार्यक्रम' में उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना भी शामिल होंगे। बिहार विधानसभा सचिवालय, लोकसभा सचिवालय के संसदीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा बिहार सरकार के बिपार्ड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह कार्यक्रम 11 एवं 12 जुलाई, 2026 को संपन्न होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना कार्यक्रम में विधायकों को संबोधित करते हुए संसदीय परंपराओं, सदन की गरिमा, विधायी प्रक्रियाओं और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारियों से जुड़े अपने अनुभव साझा करेंगे।

महाना ने कहा कि लोकतंत्र की सफलता के लिए आवश्यक है कि जनप्रतिनिधि संविधान की भावना, संसदीय मर्यादाओं और सदन की कार्यप्रणाली को गहराई से समझें। प्रबोधन जैसे कार्यक्रम विधायकों को न केवल विधायी कार्यों की जानकारी प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप प्रभावी जनसेवा के लिए भी प्रेरित करते हैं।

## खबरें एक नजर में

### गोमतीनगर में एलडीए व नगर निगम के बुलडोजर चले, सड़क व पटरी से हटाए गए कब्जे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के पॉश इलाके गोमतीनगर में सड़क और पटरियों पर कब्जा है। शुक्रवार दोपहर 3 बजे एलडीए और नगर निगम की संयुक्त टीम बुलडोजर लेकर पहुंच गई। यहां के कब्जों को हटाया जाने लगा। लोगों ने इसका विरोध कर दिया। कई बार लोग बुलडोजर के सामने आकर खड़े हो गए और कार्रवाई रुकवाने का प्रयास किया। इस दौरान एलडीए के अधिकारियों और नगर निगम की टीम ने समझाने की कोशिश की तो उनके साथ लोगों की तीखी नोकझोंक भी हुई। विरोध के बावजूद प्रशासनिक टीम ने पुलिस की मौजूदगी में अभियान जारी रखा और सड़क पटरी से अवैध कब्जे हटाए। अधिकारियों काहना है कि हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में सार्वजनिक भूमि और सड़क पटरी को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। यातायात और आम लोगों की आवाजाही सुगम बनाने के लिए यह किया जा रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शहर में जहां-जहां सार्वजनिक भूमि और सड़क पटरी पर अवैध कब्जे हैं, वहां आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

### राजधानी में बारिश से वजीरबाग में नाला उफनाया, स्ट्रीट लाइट के पोल में उतरा करंट, गाय की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में गुरुवार रात से शुक्रवार दोपहर तक झमाझम बारिश होती रही। लगातार जारी रिमझिम बारिश के बीच बच्चे भीगते हुए स्कूल पहुंचे। बारिश के चलते जानकीपुरम विस्तार में एक स्ट्रीट लाइट के पोल में करंट उतर आया। इसकी चपेट में आने से एक गाय की मौत हो गई। उधर, वजीरबाग में नाला उफनाकर सड़क पर बहने लगा। मौसम विभाग ने आज भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। अनुमान है कि आज अधिकतम तापमान 31 और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। दिन में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। इस दौरान बादलों की गरज-चमक भी बरकरार रहेगी। गुरुवार को 24 घंटे के अंदर 27.2 मिमी बारिश हुई, जो इस सीजन में अब तक की सबसे ज्यादा बरसात है। लखनऊ का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 1.9 डिग्री कम था। न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री रहा। यह सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस ज्यादा था। अधिकतम आर्द्रता 94 फीसदी और न्यूनतम आर्द्रता 74 फीसदी रही।

### आईटीआई में ऑनलाइन आवेदन आज से

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'हर हाथ को हुनर, हर हुनर को रोजगार' के संकल्प को गति देते हुए राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 11 जुलाई से शुरू हो रही है। अभ्यर्थी 4 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक वेबसाइट ीजजचरूध्ध्ूबअजनच.पद पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि योगी सरकार ने तकनीकी शिक्षा को उद्योगों की मांग के अनुरूप आधुनिक बनाया है। इस सत्र में अभ्यर्थी राजकीय एवं निजी आईटीआई में संचालित सभी व्यवसायों के साथ-साथ टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से 211 राजकीय संस्थानों में संचालित हो रहे 10 नए दीर्घकालीन व्यवसायों में भी प्रवेश ले सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी की आईटीआई अब केवल प्रशिक्षण केंद्र नहीं, बल्कि रोजगार की गारंटी बन रही हैं।

### राजनाथ सिंह के जन्मदिवस पर सिविल अस्पताल में मरीजों को बांटे गए फल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** केंद्रीय रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के 75वें जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर के महामंत्री टिंकू सोनकर के नेतृत्व में आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच फल वितरण किया गया। टिंकू सोनकर ने अस्पताल में भर्ती मरीजों का कुशलक्षेम जाना तथा उन्हें फल वितरित कर शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह का संपूर्ण सार्वजनिक जीवन राष्ट्रसेवा, संगठन के प्रति समर्पण और जनकल्याण के कार्यों के लिए प्रेरणास्रोत रहा है। उनके जन्मदिवस पर सेवा कार्य करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धा एवं सम्मान का प्रतीक है। ध्इस अवसर पर भाजपा महानगर के पूर्व अध्यक्ष एवं एमएलसी मुकेश शर्मा , महानगर उपाध्यक्ष सौरव वाल्मीकि, महानगर मंत्री आनंद पांडे, मंडल अध्यक्ष रिंकू मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बंद मकान से 15 लाख के जेवर चोरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पीजीआई थाना क्षेत्र की न्यू ग्रीन सिटी कॉलोनी में मलिहाबाद थाने में तैनात एसएसआई के बंद मकान का ताला तोड़कर चोर करीब 15 लाख रुपये से अधिक कीमत के जेवर समेट ले गए। वारदात उस समय हुई, जब दरोगा ड्यूटी पर थे और परिवार सबसे छोटे बेटे के मुंडन संस्कार में शामिल होने विंध्याचल गया हुआ था। मलिहाबाद थाने में एसएसआई संजय यादव न्यू ग्रीन सिटी कॉलोनी, हैबतमऊ मवैया में परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि 8 जुलाई को पत्नी कविता यादव और दोनों बच्चे सबसे छोटे बेटे के मुंडन संस्कार के लिए विंध्याचल गए थे, जबकि वह ड्यूटी पर थे। इसी दौरान चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और कमरों व अलमारियों के ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए। शुक्रवार शाम करीब चार बजे परिवार घर लौटा तो कमरों के ताले टूटे मिले और पूरा सामान बिखरा पड़ा था। सूचना मिलने पर संजय यादव भी मौके पर पहुंचे और पीजीआई पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही पीजीआई इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पीड़ित के अनुसार चोरी गए जेवरों की कीमत 15 लाख रुपये से अधिक है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश में जुटी है।

# रक्षामंत्री का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन, महापौर ने चलाया स्वच्छता अभियान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



रक्षामंत्री व लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह का जन्मदिन शुक्रवार को लखनऊ के कई स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। राजनाथ सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर श्री हनुमान सेतु मंदिर में आयोजित ÷संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं जन्मोत्सव समारोह÷ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शामिल हुए और हनुमान जी महाराज से रक्षा मंत्री के स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की मंगल प्रार्थना की।

लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने राजनाथ सिंह के जन्मदिन पर हजरतगंज स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। इसके पश्चात स्वयं सफाई अभियान में सहभागिता कर स्वच्छता का संदेश दिया। रक्षामंत्री के जन्मदिन पर खनऊ नगर निगम द्वारा शहर के समस्त 110 वार्डों में वृहद मेगा सफाई अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि राजनाथ सिंह का लखनऊ के प्रति विशेष लगाव, जनसेवा का भाव और शहर के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत है। उनके जन्मदिन पर यह वृहद सफाई अभियान अपने अभिभावक के प्रति लखनऊ परिवार की ओर से सेवा, सम्मान और संकल्प की अभिव्यक्ति है। इस अवसर पर नगर आयुक्त गौरव कुमार, पार्षदगण, अपर नगर आयुक्तगण सहित नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे तथा पूरे उत्साह के साथ अभियान में सहभागिता की। युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष साकेत शर्मा ने श्रीमद् दयानंद बाल सदन मोती नगर लखनऊ में निराश्रित बच्चों को भोजन कराकर राजनाथ सिंह का जन्मदिन मनाया।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय राय व शंकर लाल लोधी, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह व बीबी डी ग्रुप के चेयरमैन विराज सागर दास गुप्ता समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने राजनाथ सिंह द्वारा लगाये गये ओपन जिम का उद्घाटन एवं वृक्षारोपण किया गया। विराज सागर दास गुप्ता ने घोषणा की कि बाल सेवा सदन के प्रत्येक वर्ष एक मेधावी छात्र को बीटेक की पढ़ाई बीबी डी ग्रुप द्वारा निशुल्क कराई जायेगी।

# स्वार्थी तत्वों से सावधान रहें, हर लड़ाई कानून के दायरे में रहकर लड़नी चाहिए : मायावती

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।




बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शुक्रवार को कहा कि हमें ऐसे संगठन और राजनीतिक पार्टियों से सतर्क रहना है जो अपने स्वार्थ के लिए लोगों को भड़का कर सड़क पर उतारते हैं। उन्होंने अपने समर्थकों से कानून के दायरे में रहकर लड़ाई लड़ने की अपील की।

मायावती ने माल एवेन्यू स्थित आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में दोहराया कि देश के करोड़ों दलितों एवं उपेक्षित वर्गों को अपने मूल अधिकारों और समस्याओं को दूर करने के लिए केन्द्र व राज्यों की राजनैतिक सत्ता की चाबी खुद अपने हाथों में लेनी होगी। मायावती ने अपने समर्थकों को सचेत करते हुए कहा कि जो भी संगठन व पार्टियां अपने संकीर्ण राजनैतिक स्वार्थ के लिए इन वर्गों के दुःखी व पीड़ित लोगों को भड़का कर उन्हें सड़कों पर उतारती हैं, हंगामा व सड़क जाम जैसा बवाल आदि कराती हैं और फिर उनके मुखिया मगरमच्छ की तरह आँसू बहाने के लिए घटनास्थल पर पहुंचकर अपनी राजनैतिक रोटी सेंकते हैं उससे पीड़ितों को न्याय मिलने वाला नहीं है, बल्कि वर्तमान हालात में यह इन वर्गों के लोगों की मुसीबत व परेशानी को और भी बढ़ाने वाला ही है। ऐसे में अपनी समस्याओं का बाबा साहेब के बताये गये सही व शान्तिपूर्ण रास्ते अर्थात अपनी एकजुटता एवं अपने वोट की ताकत से सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करना है, जो लाख दुखों की एक ही दवा है और जिसके लिए बसपा लगातार तत्पर व प्रयासरत भी है।

# विश्वेंद्र कुमार सिंह धारा 498-ए और 304-बी के आरोपों से दोषमुक्त

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



जिला एवं सत्र न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आरोपी विश्वेंद्र कुमार सिंह को पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत और दहेज उत्पीड़न से जुड़े सभी गंभीर आरोपों से बरी कर दिया है। न्यायालय ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 498-A (ससुराल में प्रताड़ना), 304-B (दहेज मृत्यु) और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 व 4 के तहत लगाए गए आरोपों से दोषमुक्त कर दिया।

**क्या था मामला:-** मामला जानकीपुरम थाना क्षेत्र से जुड़ा था, जहां केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान में लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत वर्षा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। घटना के बाद मृतका के परिजनों ने पति विश्वेंद्र कुमार सिंह और उनके परिवार पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया था। जानकीपुरम पुलिस ने तफ्तीश के बाद अदालत में विश्वेंद्र के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। तत्कालीन पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मेडिकल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई थी। दूसरी तरफ, मृतका के भाई विकास सिंह ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए मामले की सीबीआई जांच की भी मांग की थी।

**बचाव पक्ष की दलीलें रहीं मजबूत:-** न्यायालय में मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी विश्वेंद्र कुमार सिंह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल, आशीष मिश्रा और सुमित यादव ने पैरवी की। बचाव पक्ष के वकीलों ने अदालत के सामने दलील दी कि अभियोजन पक्ष आरोपी के खिलाफ लगाए गए आरोपों को साबित करने के लिए कोई भी ठोस और प्रत्यक्ष सबूत पेश करने में पूरी तरह नाकाम रहा है। पुलिस द्वारा पेश की गई थ्योरी और साक्ष्यों में कई विरोधाभास थे।

**अदालत का निर्णय:-** अदालत ने दोनों पक्षों की लंबी बहस और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का गहन अवलोकन करने के बाद पाया कि आरोपी के खिलाफ संदेह से परे कोई पुख्ता सबूत नहीं हैं। कानूनन महज संदेह के आधार पर किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। परिणामस्वरूप, जिला एवं सत्र न्यायालय ने विश्वेंद्र कुमार सिंह को सभी धाराओं में बाइज्जत बरी करने का आदेश जारी कर दिया।

# राजनाथ सिंह के जन्मदिवस पर विशाल भंडारे का आयोजन

- की गई दीर्घायु की कामना

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।




भारत के यशस्वी रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के लोकप्रिय सांसद राजनाथ सिंह जी जन्मदिवस के पावन अवसर पर आलमबाग स्थित मुनि बाबा मंदिर में उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना करते हुए पूजा-अर्चना की गई। इसके उपरांत मंदिर के समक्ष श्रद्धालुओं एवं आमजन के लिए एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

इस सेवा एवं जनकल्याण के आयोजन का नेतृत्व सतवीर सिंह आनंद (सहसंयोजक, सोशल मीडिया, भारतीय जनता पार्टी, लखनऊ महानगर), हरीश कोहली (उपाध्यक्ष, सनातन पंजाबी महासभा) तथा गुरप्रीत सिंह चड्ढा (प्रदेश उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुकेश शर्मा, सदस्य विधान परिषद एवं सुरेश तिवारी, पूर्व विधायक, लखनऊ कैंट उपस्थित रहे। इस अवसर पर पार्षद पीयूष दीवान, वरिष्ठ नेता मानसिंह, सतीश आडवाणी (सहसंयोजक, आईटी विभाग, भारतीय जनता पार्टी, लखनऊ महानगर), राजन वर्मा (मंडल अध्यक्ष, लखनऊ कैंट), मनीष सिंह (पूर्व क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी), सतबीर सिंह राजू, राजेंद्र सिंह बग्गा, मनमोहन सिंह, मनी शाहजी कोहली, तेजपाल सिंह बग्गा सहित भारतीय जनता पार्टी के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया। उपस्थित सभी अतिथियों ने आदरणीय राजनाथ सिंह के स्वस्थ, दीर्घ एवं यशस्वी जीवन की कामना करते हुए उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

# ऋषि का सद्ज्ञान नैतिक शिक्षा प्रदान करता है : उमानन्द शर्मा

- 466वाँ युगऋषि वाङ्मय की स्थापना सम्पन्न

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



गायत्री ज्ञान मंदिर के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत चन्द्रा हॉस्पीटल एण्ड रिसर्च सेंटर नर्सिंग कॉलेज, सफेदाबाद, बाराबंकी के सन्दर्भ पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 466वाँ ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

यह सम्पूर्ण साहित्य पुत्रवधु किरन श्रीवास्तव एवं पुत्र ओपी श्रीवास्तव ने अपने पूज्य माता-पिता स्व. प्रेमलता श्रीवास्तव एवं स्व. भृगुनाथ सहाय की स्मृति में ज्ञानदान के रुप में उपरोक्त संस्थान के केन्द्रीय पुस्तकालय में युगऋषि वाङ्मय साहित्य तथा संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भी भेंट किया।

इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ऋषि का सद्ज्ञान नैतिक शिक्षा प्रदान करता है। संस्थान के प्रधानाचार्य अभिषेक नोएल डेनियल ने भी अपने विचार रखे एवं प्रशासनिक अधिकारी श्री अमित ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

वाङ्मय साहित्य स्थापना के इस अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि उमानंद शर्मा, देवेन्द्र सिंह, सरोज श्रीवास्तव, अभिमन्यु लाल श्रीवास्तव एवं संस्थान के प्रधानाचार्य अभिषेक नोएल डेनियल, प्रशासनिक अधिकारी अमित सहित संकाय सदस्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### जीपीओ में रोजाना होता है आधार अपडेशन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आधार कार्ड आज के परिवेश मेंअत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज एव प्रमाणपत्र बन चुका है। हर सरकारी एव गैरसरकारी कामकाज में इसे अनिवार्य रूप से पेश करना पड़ता है। जीपीओ में नया आधार कार्ड बनाने से लेकर आधार अपडेट करने तक की सारी सेवाएं रोजाना उपलब्ध हैं। जीपीओ के चीफ पोस्टमास्टर ने अवगत कराया है कि सोमवार से शनिवार को रोजाना प्रात:8 बजे से रात्रि 8बजे तक आधार कार्ड बनवाने या उसमे सुधार हेतु काउंटर नियमित रूप से खुलता है। इतना ही नहीं रविवार को भी प्रात: 8 बजे से 4 बजे तक आधार कार्ड सम्बन्धी कार्य किये जाते हैं। केवल गजटेड अवकाश के दिन सेवा बन्द रहती है। उन्होंने बताया कि आवेदक अपने साथ जरूरी दस्तावेज अवश्य लेकर आये क्योंकि इनके बिना अपडेशन सम्भव नहीं होता है।

**तैयारी** | 35 करोड़ पौधों का होगा रोपण

# उत्तर प्रदेश में पौधरोपण महायज्ञ का शुभारम्भ करेंगे मुख्यमंत्री

- प्रदेश व केन्द्र के सभी मंत्री पौधरोपण कार्यक्रम में होंगे शामिल
- सभी जिलों में होगी समरस वन की स्थापना

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री 12 जुलाई को गोरखपुर जनपद की सहजनवा तहसील में लिंक एक्सप्रेसवे के निकट पौधा रोपित कर वृक्षारोपण महायज्ञ का शुभारम्भ करेंगे। महायज्ञ के अंतर्गत प्रदेश में वन विभाग व 26 राजकीय विभागों सहित समस्त विभाग स्वयं व व्यापक जनसहभागिता से एक दिन में 35 करोड़ पौधों का रोपण किया जायेगा। यह जानकारी प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरूण कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को लखनऊ के अरण्य भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में दी।



वन मंत्री ने बताया कि वृक्षारोपण कार्यक्रम में स्कूली छात्र एवं छात्राओं की प्रतिभागिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। 12 जुलाई को प्रत्येक ग्राम पंचायत, ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के मैदानों, एक्सप्रेस-वे,हाईवे व अन्य मार्गों के साथ-साथ रेल की पटरी के किनारे तथा सभी विश्वविद्यालय, कालेज,मेडिकल कालेजों, सीएचसी, पीएचसी व औद्योगिक इकाइयों के परिसरों में वृक्षारोपण किया जायेगा। प्रदेश में 12 जुलाई को पौधरोपण कार्यक्रम में प्रदेश व केन्द्र सरकार के सभी मंत्री शामिल होंगे। मंत्री ने बताया कि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य झांसी व उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी लखनऊ में पौधरोपण करेंगे। रालोद अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी बागपत, जितिन प्रसाद पीलीभीत, अपना दल एस की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल मीरजापुर, एसपी सिंह बघेल आगरा, कीर्तिवर्धन सिंह गोंडा, बीएल वर्मा बदायूं व कमलेश पासवान देवरिया में पौधरोपित करेंगे। इसके अलावा प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्यप्रताप शाही देवरिया, स्वतंत्रदेव सिंह जालौन, भूपेन्द्र चौधरी मुराराबाद, जयवीर सिंह फिरोजाबाद, ए.के.शर्मा आजमगढ़ तथा ओम प्रकाश राजभर गाजीपुर में पौधरोपण करेंगे। वन मंत्री डा.अरूण सक्सेना ने बताया कि प्रदेश की 2600 पौधशालाओं में 57.62 करोड़ पौधे उपलब्ध हैं। इस बार 30 प्रतिशत फलदार पौधे लगाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार प्रदेश में समृद्धि वन,समरस वन,कपि वन,महर्षि चरक वन तथा ऊर्जा वन की स्थापना की जायेगी। वन मंत्री ने बताया कि प्रदेश में विगत 09 वर्षों में हरित आवरण में 3 लाख 38 हजार एकड़ प्रदेश के वनों व वृक्षों में संचित कार्बन स्टाक 2.46 प्रतिशत है।

### मानसून को देखते हुए डीएम का आदेश 30 सितंबर तक नहीं होगी रोड कटिंग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मानसून के दौरान राजधानीवासियों को सड़क खुदाई और ट्रैफिक जाम से राहत देने के लिए जिलाधिकारी विशाख जी ने बड़ा फैसला लिया है। डीएम ने वर्षा ऋतु को देखते हुए शहर में रोड कटिंग (सड़क खुदाई) की सभी अनुमतियां 30 सितंबर 2026 तक स्थगित करने के आदेश जारी किए हैं। डीएम की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि मानसून शुरू होने के बाद सड़क खुदाई से आम लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। खुदाई के कारण सड़कों पर जलभराव, कीचड़ और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में जनहित को देखते हुए 8 जुलाई से 30 सितंबर 2026 तक सड़क खुदाई का कार्य तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाता है। आदेश के मुताबिक, यदि किसी स्थान पर सड़क की खुदाई अत्यंत आवश्यक हो तो संबंधित विभाग को पहले जिलाधिकारी को कारण बताना होगा। इसके बाद ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से विशेष अनुमति मिलने पर ही रोड कटिंग की जा सकेगी। यह आदेश नगर निगम, लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए), पुलिस, बिजली विभाग, जल निगम, जलकल, सेतु निगम, एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग और सभी इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनियों समेत सड़क खुदाई करने वाली सभी एजेंसियों पर लागू होगा।

### तलाशगस्ती



नाम:- गुमशुदा सोनिका
पिता का नाम:- श्री कृष्ण कुमार
पता:- ईडेन इन्क्लेब पावरहाऊस कुर्सी रोड थाना गुडम्बा लखनऊ
मूलपता:- ग्राम बरी पोस्ट चन्द्रसेनी थाना रेऊसा जनपद सीतापुर
उम्र:- 16 वर्ष
हुलिया:-रंग गेंहुआ, बाल काला, इकहरा शरीर लम्बाई 4"00'
पहनावा:- पीला सलवार, हरा कुर्ता , लाल दुपट्टा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है थाना गुडम्बा लखनऊ पर मु0अ0सं 204/2026 धारा 137(2)/87 BNS सम्बन्धित गुमशुदा सोनिका उपरोक्त अपने घर से दिनांक 15.05.2026 को घर से कहीं निकल गई है, अभी तक घर वापस नही आयी है, जिस किसी को इनके बारे में कोई भी जानकारी प्राप्त हो तो निम्न मोबाइल नम्बर पर सूचित करें।

| सहायक पुलिस आयुक्त | निरीक्षक | जांचकर्ता/उ0नि0 |
|---|---|---|
| गाजीपुर, लखनऊ | थाना गुडम्बा लखनऊ | मो0नं-9454406570 |
| मो0नं0-9454401186 | मो0नं0- 9454403851 | |

## खबरें एक नजर में

### मारपीट कर पिता-पुत्र को घायल किया, तीन नामजद

**तिलहर-शाहजहाँपुर।** खेत पर जा रहे पिता पुत्र ने उनके साथ मारपीट करने बाले तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव पिंगरी पिंगरा निवासी रमेश पुत्र कन्हई ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि गांव के ही दृगपाल पुत्र जानुकी व उसका बेटा कल्लू और पौत्र गगन ने बीती आठ जून को सुबह करीब 10 बजे उस समय हमला कर दिया जब वह गांव के ही साधु के खेत पर मिर्च लेने जा रहा था। आरोप है कि उक्त तीनों ने लात घूंसों, बांस, ईंट से मारा पीटा बचाने आए बेटे दिलीप भी घायल हो गया। पुलिस ने घायलों की डॉक्टरी कराकर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मारपीट कर घायल करने में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** रास्ते में साथियों के साथ रोककर मारपीट करने के मामले में भुक्तभोगी ग्रामीण ने चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव हरभानपुर निवासी संदीप वर्मा पुत्र रविन्द्र पाल ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती एक जुलाई को रात करीब 9 बजे वह घर से मुर्गा फार्म पर जा रहा था। गांव का राहुल पुत्र राजपाल पहले सेरास्ते में ही बैठा था। उसने रास्ता रोककर अपने गांव के ही साथी सुज्जू पुत्र पुत्तूलाल, जितेन्द्र पुत्र मालाराम व पंकज पुत्र मूगालाल के साथ अवैध असलाह की नोक पर लाठी डंडों से मारा पीटा। और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने मामले की नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दरबाजे पर आकर मारपीट में तीन नामजद

**तिलहर-शाहजहांपुर।** दरबाजे पर गली गलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए महिला ने तीन लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव निजामपुर निवासी रामदास की पत्नी रिंकी ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती एक जुलाई को अपरान्ह करीब चार बजे गांव के ही धर्मपाल व सुनील पुत्र कालीचरन व धर्मपाल की पत्नी सीमा देवी डण्डे लेकर उसके दरवाजे पर आए और सुनील की विदा रुकबा देने का उसके पति पर आरोप लगाते हुए गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारा पीटा और जान से मार देने की धमकी देते हुए चले गए।

### श्री सिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में शोभा यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न

**शाहजहांपुर।** श्री सिद्ध महाकालेश्वर मंदिर गुलमर्ग आर्य नगर कॉलोनी चिनोर में शोभा यात्रा के साथ आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव श्रद्धा,भक्ति और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ। शोभा यात्रा आर.पी.एफ. कॉलोनी मंदिर से प्रारंभ होकर फैक्ट्री स्टेट लक्ष्मी नारायण मंदिर से होते हुए मनकामेश्वर मंदिर डबल स्टोरी से चिनोर मंदिर निकट मालाराम के रास्ते श्री सिद्ध महाकालेश्वर मंदिर पर समापन हुआ। समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक अनुष्ठान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ शोभा यात्रा के पश्चात गणेश पूजन,कलश स्थापना एवं हवन-पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात विधि-विधान से भगवान की नवीन प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर क्षेत्र के नागरिकों ने मंदिर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति ने सभी अतिथियों,श्रद्धालुओं एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

### छात्र-छात्राओं का परिवहन केवल मानक के अनुसार वाहनों में हो




**शाहजहांपुर।** मिशन सेफ फ्यूचर अभियान के अन्तर्गत जनपद के विभिन्न क्षेत्रो में एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल सर्वेश कुमार सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल हरिओम एवं पीटीओ आरपी गौतम द्वारा नियम विरूद्ध संचालित स्कूली वाहनो के विरूद्ध सघन अभियान चलाया गया। अभियान में यातायात निरीक्षक बच्चू सिंह व यातायात उपनिरीक्षक विनय कुमार पाण्डेय भी उपस्थित रहे। उक्त अभियान में 14 वाहनों के चालान तथा 6 वाहन विभिन्न थानों में सीज किये गये। जनपद के समस्त स्कूल के प्रबन्धकों व प्रधानाचार्यो को निर्देशित किया गया कि छात्र-छात्राओं का परिवहन केवल मानक के अनुसार वाहनों में ही किया जाए।

### ददरौल में सपा से ताल ठोक रहे अरविंद पाल, जमीनी मुद्दों पर लड़ेंगे चुनाव



**शाहजहांपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। संभावित प्रत्याशियों ने अपनी-अपनी दावेदारी मजबूत करने के लिए जनता के बीच सक्रियता बढ़ा दी है। इसी क्रम में ददरौल विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के संभावित प्रत्याशी अरविंद पाल ने भी चुनावी मैदान में ताल ठोक दी है। अरविंद पाल का कहना है कि वह जमीनी मुद्दों को केंद्र में रखकर चुनाव लड़ेंगे और क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाएंगे। उन्होंने कहा कि वह सीधे जनता के बीच जाकर संवाद करेंगे और अपने पक्ष में समर्थन मांगेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य सर्व समाज को साथ लेकर क्षेत्र का समग्र विकास करना है। अरविंद पाल ने भरोसा जताया कि जनता का आशीर्वाद उन्हें अवश्य मिलेगा और वह क्षेत्र की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। बताया भाजपा सरकार से जनता परेशान हो चुकी है। आने वाला समय समाज वादी पार्टी का है। जनता ने सपा को सत्ता में लाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा सपा ने सदैव विकास की राजनीति की, जिससे सपा सरकार में जो कार्य कराए गए वह आज भी जनता को लाभ पहुंचाने का काम कर रहे, जिसमें चाहे 108, 102 एंबुलेस हो या फिर बच्चों को नि:शुल्क लेपटॉप वितरण हो।

### बैंक से उठा धुआं, मची अफरा-तफरी, कर्मचारी बोले, आग की झूठी अफवाह



**कुर्रिया कलां, शाहजहांपुर।** अज्ञात कारणों के चलते बैंक आफ बडौदा में आग लग गयी। कर्मचारियों ने बैंक के अंदर मौजूद लोगों को बाहर कर दिया और मामले की रफा दफा कर दिया। लेकिन धुआं उठता देख वहां पर सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्र हो गए। बैंक कर्मचारियों का कहना है कि वहां कुछ नही हुआ है। बैंक ऑफ बडौदा कुर्रिया कलां में लापरवाही के चक्कर में आग लग गई। 11.50 पर बैंक में जो कस्टमर खड़े हुए थे उनकी निगाह जब वहां पर पड़ी तो बैंक में कोहरा मचा हुआ था। कर्मचारियों की मशक्कत की वजह से आग पर काबू कर लिया गया, लेकिन जब तक सिस्टम आधा चल चुका था। बैंक के कुछ कर्मचारियों ने बात तुरंत खत्म कर दी। जब वहां पर पत्रकार ने फोटो खींची तो कर्मचारी रितेश कहने लगा फोटो मत खींचे कुछ नहीं हुआ लेकिन वहां पर मौजूद राहुल पांडे, पप्पू पंडित, अनूप कुमार आदि लोगों से पूछा कि बैंक से बड़ी तेज धुआं उठा। हम सब लोग तुरंत बाहर भगाए गए। बैंक के कर्मचारियों ने कोई बात बतानी जरूरी नहीं समझी।

# 'एक पेड़, मां के नाम' के संकल्प के साथ महका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**




पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, नगरिया जलालाबाद मे स्थित समुदाय स्वास्थ्य केंद्र परिसर में एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाहजहांपुर के सांसद अरुण कुमार सागर ने शिरकत की और स्वयं पौधे लगाकर वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की। सांसद अरुण कुमार सागर ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि, वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों से निपटने का एकमात्र रास्ता अधिक से अधिक पेड़ लगाना है। उन्होंने उपस्थित लोगों को एक पेड़, माँ के नाम का संकल्प दिलाया और आग्रह किया कि न केवल पौधे लगाएं, बल्कि उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाएं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम से चिकित्सा प्रभारी डॉ. दिनेश सिंह, डॉ. अनुराग शर्मा, डॉ. प्रीति पाल, सीएचओ डॉ. कुनेन्द्र पाल,मयंक मिश्रा, विमलेश, अचल कुमार दीक्षित,गीता रंजना सहित नर्स व अन्य स्टाफ ने सक्रिय भूमिका निभाई। इसके साथ ही सांसद प्रतिनिधि गौरव राघव, रजनीश सिंह, विनय शर्मा, विनोद अग्निहोत्री व अन्य समाजसेवी और वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। इस पहल ने स्थानीय निवासियों में पर्यावरण के प्रति नई चेतना जगाई है। समुदाय स्वच्छ केंद्र का परिसर अब न केवल स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्र है, बल्कि वृक्षारोपण के बाद यह क्षेत्र आने वाले समय में हरियाली और स्वच्छ हवा का प्रतीक भी बनेगा। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण बचाने के संकल्प के साथ हुआ।

## खेत में धान की पौध खा रहे सांड को भगाने गए युवा किसान को सांड ने पटक-पटक कर मार डाला



**मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।** क्षेत्र के ग्राम जरियनपुर में धान की पौध खा रहे सांड को भगाने गए 28 वर्षीय विपिन कुशवाहा पर सांड ने अचानक हमला कर दिया। सांड ने विपिन को कई बार उठा उठाकर पटका जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक विपिन के छोटे भाई नितिन कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार सांय लगभग साढ़े पांच बजे पड़ोसी खेत वाले ने बड़े भाई विपिन कुशवाहा को बताया कि तुम्हारे खेत में धान की पौध को आवारा सांड खा रहा है। उस समय हल्की बारिश हो रही थी। हल्की बारिश में भी धान की पौध बचाने के लिए विपिन लाठी लेकर खेत पर दौड़ते हुए पहुंचे और सांड को भगाने के लिए दूर से ही लाठी जमीन पर पटकते हुए सांड को भगाने का प्रयास किया। तभी सांड ने दौड़कर उसके भाई पर हमला कर दिया। वह जान बचाने के लिए खेत से भाग पाते इससे पहले ही सांड ने उन्हें कईबार उठा उठाकर पटक दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

**मृतक की पत्नी और चार बच्चे हुए बेसहारा, चौथी संतान का पांच दिन पहले ही हुआ था जन्म:** मृतक विपिन कुशवाहा पांच दिन पहले ही अपने चौथे बच्चे (बेटी) का पिता बना था। मृतक के पिता वीरपाल और मां कमला ने रोते बिलखते हुए बताया कि उसके बेटे विपिन की अचानक मृत्यु से उसकी पत्नी शिवानी,छेह वर्षीय पुत्र अक्षय,चार वर्षीय पुत्र कार्तिक,दो वर्षीय पुत्र लल्ला व पांच दिन की बेटी बेसहारा हो गई है। मृतक की पत्नी शिवानी के विलाप सुनकर हर आने जाने वालों की आंखे नम हो रहीं थी।

## आम खरीदने के भाव को लेकर मारपीट में महिला चोटिल, दो ठेले वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहपहापुर, समृद्धि न्यूज।**

आम खरीदने में भाव ताव की लेकर हुए विवाद में ठेले बालों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रुद्रपुर निवासी शिवकुमार राठौर पुत्र वालकराम ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती पांच जुलाई को अपरान्ह करीब दो बजे सरकारी अस्पताल के सामने लगे आम के ठेले से आम खरीदने गया। ठेले वाले ने 70 रूपये किलो भाव बताया। जबकि उसने 40 रुपये किलो का भाव लगा लेने की बात कही। इतना सुनकर आम के दो ठेले वाले गालियां देते हुए हाथापाई करने लगे। इस दौरान उसकी मां माया देवी घायल हो गईं। पीड़ित शिवकुमार की ओर से पुलिस ने दो ठेले बालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## जन चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं, शीघ्र समाधान का दिया आश्वासन

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



विकासखंड खुदागंज की ग्राम पंचायत रामपुर नवदिया में जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार तिलहर अज़हर अंसारी उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जन चौपाल के दौरान एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने पोषाहार भवन निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने की मांग रखी। वहीं ग्रामीण इंद्रावण ने अपनी घूरे की जमीन पर दूसरे व्यक्ति द्वारा किए गए कथित कब्जे की शिकायत दर्ज कराते हुए कब्जा हटवाने की मांग की। तहसीलदार अज़हर अंसारी ने शिकायतकर्ताओं को आश्वस्त किया कि दोनों मामलों की निष्पक्ष जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी तथा समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण कराया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान नवैद आलम, पंचायत सचिव कुलदीप वर्मा, पंचायत सहायक दीक्षा राठौर, सीएचओ पिंकी गंगवार, कोटेदार नरेश पाल, रामगोपाल वर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गीता सक्सेना एवं ममता प्रजापति, सफाई कर्मी ओम प्रकाश, राकेश, पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह, सुखदेव सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हाइवे पर अज्ञात वाहन की टक्क से बाइक सवार दो भाइयों की मौत

▸ घर में मच कोहराम, परिवार सदमे में

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**





दवा लेने जा रहे बाइक सवार दो भाइयों को हाईवे पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे एक भाई की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे ने जिला अस्पताल से बरेली ले जाए जाने पर दम तोड़ दिया। हादसे की खबर पहुंचते ही घर में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाया।

जानकारी के मुताबिक अमनपुर गौटिया निवासी विजय शर्मा ठेकेदार हैं। गुरुवार की रात लगभग 11 बजे अचानक उनके पेट में तेज दर्द उठा था जिस पर वह सीएचसी से दवा लेकर घर चले आए थे। कुछ देर उन्हें आराम हुआ लेकिन रात लगभग 2 बजे फिर बहुत तेज दर्द हुआ जिसे वह सहन नहीं कर पा रहे थे। इस पर शुक्रवार की तड़के करीब तीन बजे विजय के बड़े भाई अजय शर्मा बाइक से विजय को दवा दिलाने के लिए सीएचसी जा रहे थे। इसी दौरान तिलहर गैस एजेंसी के सामने अजय की बाइक को पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे विजय शर्मा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि अजय को गंभीर रूप से घायल होने पर कोतवाल प्रिंस शर्मा ने सीएचसी भिजवाकर उनके परिजनों को सूचना दी। गंभीर हालत होने पर अजय को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां अजय ने भी दम तोड़ दिया। इस मनहूस खबर के पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। विजय की मौत पर उसकी पत्नी रितु शर्मा , पुत्री हिमांशी एवं नित्या शर्मा तथा पुत्र कार्तिक शर्मा तथा अजय की पत्नी का मौनी, पुत्री सोनम, नैना, निशा तथा बेटा यश का रो-रोकर बुरा हाल बना है।

### सड़क दुर्घटना में कक्षा 9 की छात्रा की मौत



**कांट, शाहजहांपुर।** नथाना क्षेत्र के बलीपुर गांव कॉलेज से घर जा रही मृतक 14 वर्षीय कामिनी को ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के ढका गांव की सुधा की बेटी कामिनी थाना क्षेत्र के ग्राम बलीपुर मे नाना हरपाल यादव के यहां रहकर पढ़ाई करती थी जिसने इसी वर्ष राजकीय इंटर कॉलेज में कक्षा 9 में एडमिशन कराया था पहली बार कॉलेज गई थी वापस आते समय कांट जलालाबाद हाईवे पर बलीपुर गांव के पास ट्रक ने साइकिल सवार छात्रा को कुचल दिया जिससे छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई।ग्रामीणों ने आधा घंटे तक जाम लगा दिया मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह तोमर ने समझा बूझाकर जाम खुलवाया एवं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

## बाइक चोरी के एक पखवाड़े बाद रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहापुर, समृद्धि न्यूज।**

एक पखवाड़ा पुर बाजार बिरियागंज से बाइक चोरी हो जाने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव गोपालपुर जदीद निवासी बलराम सिंह पुत्र गंगासिंह ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 26 जून को वह बजाज बाइक संख्या यूपी 27 एएम 1535 जो उसने मदनापुर के गांव झपका पुर दिलावर निवासी भारत पाल पुत्र रामसरन से खरीदी थी। को तिलहर के बिरियागंज स्थित गुन गुन मार्केट के पास खड़ी कर सामान खरीदने चला गया था। लौटने पर बाइक गायब थी। पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## नाबालिग लड़की से रेप व पॉस्को एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

▸ डेढ़ माह पूर्व भगा ले गया था किशोरी को



**तिलहर-शाहजहांपुर।** डेढ़ माह पूर्व नाबालिग लड़की को भगा ले जाने बल रेप व पॉस्को एक्ट के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि बीती 26 मई को नगर क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की को भगा ले जाने के मामले में खुटार क्षेत्र के मोहल्ला बगिया नाथ निवासी सौरभ पुत्र रामदास राठौर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। उक्त मामले में किशोरी को विवेचनाधिकारी रमेश कुमार वर्मा ने बरामद कर लिया। साक्ष्य संकलन कर रेप व पॉस्को एक्ट की धाराओं में मामला तरमीम किया गया। किशोरी को चिकित्सीय परीक्षण के लिए वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है। पुलिस ने पॉस्को एक्ट के आरोपी सौरभ को शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर डभौरा रेलवे फाटक के पास दोपहर करीब सवा बारह बजे हगिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में कोतवाल प्रिंस शर्मा, एसआई रमेश कुमार वर्मा, हेड कांस्टेबिल संजीव कुमार व कांस्टेबिल अनिल कुमार शामिल रहे।

## कार की टक्कर से महिला घायल , रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रही महिला को टक्कर मार दी। घायल महिला के बेटे ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला पक्का कटरा निवासी अमन कुमार पुत्र जितेन्द्र कुमार ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती पांच जुलाई को शाम करीब पांच बजे उसकी माता मीना देवी घर से बाहर रोड पर जाने के लिये निकल रही थी। इसी दौरान सरकारी अस्पताल की ओर से राजनपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार कार संख्या यूपी 27 बीयू 3421 ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। जब उसने कार रोकने का प्रयास किया तो कार चालक उससे भी मारपीट पर उतारू हो गया और गलियाँ देते हुए फरार हो गया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## रोजा पुलिस टीम ने वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

▸ मारपीट व जान से मारने की धमकी का था आरोपी

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




रोजा पुलिस टीम को बड़ी सफलता हासिल हुई हैं। पुलिस ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी के आरोपी को शुक्रवार की दोपहर गिरफ्तार कर लिया हैं। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि 5 जुलाई को थाना रोजा पर एक महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी फिरोज पुत्र सुक्खू खाँ निवासी ग्राम काजीपुर, थाना सिंधौली तथा दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। पीड़िता ने आरोपी पर छेड़छाड़ करने, गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए थे। विवेचना के दौरान वादिनी के धारा 180 एवं 183 बीएनएसएस के अंतर्गत दर्ज बयानों के आधार पर अभियोग में धारा 64(1) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से नामजद फिरोज घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिये पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। शुक्रवार की दोपहर थाना रोजा पुलिस को मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी फिरोज अटसलिया पुल के नीचे कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना रोजा पुलिस ने फिरोज को अटसलिया पुल के नीचे से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने वाला आरोपी शादाब गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सदर बाजार थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के वांछित आरोपी शादाब पुत्र एजाज को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। आरोपी के खिलाफ नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने के मामले में सदर बाजार थाने में मुकदमा दर्ज है। विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में बीएनएस की अतिरिक्त धाराओं के साथ पॉक्सो अधिनियम की धारा 3ध्4(2) भी बढ़ाई गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हद्दफ चैकी के पास मक्कू बजरिया जाने वाले मार्ग से घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## बरसात में दलदल बन जाता है पसिया खेड़ा-चांदा मार्ग, ग्रामीणों ने की डामरीकरण की मांग

**सिधौली (शाहजहांपुर), समृद्धि न्यूज।**



सिधौली क्षेत्र के गांव पसिया खेड़ा से चांदा व जमदुइया जाने वाला लगभग 500 से 600 मीटर लंबा कच्चा मार्ग बरसात के दिनों में ग्रामीणों के लिए बड़ी समस्या बन जाता है। बारिश होते ही सड़क पर जलभराव और कीचड़ हो जाने से लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए गए, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग दर्जनों गांवों को जोड़ता है, जिससे प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। बरसात के मौसम में सड़क जलमग्न होने से पैदल चलना भी कठिन हो जाता है। स्कूली बच्चों, किसानों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। दोपहिया वाहन भी अक्सर कीचड़ में फंस जाते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस महत्वपूर्ण मार्ग का शीघ्र डामरीकरण कराया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। इस दौरान जावेद खान, भूरे खान, अलीम खान, साजिद खान, नाहिद खान, रज्जाक, कासिम खान, बल्लू खां सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## बी.एससी. के परिणाम में विद्यार्थियों का रहा शानदार प्रदर्शन

**शाहजहांपुर।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2025-26 का बी.एससी. (गणित) षष्ठम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के विद्यार्थियों ने इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जारी परिणाम के अनुसार कृष्णा चौहान ने 7.79 सीजीपीए प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अनुज कुमार ने 7.78 सीजीपीए के साथ द्वितीय स्थान तथा यशी मिश्रा ने 7.75 सीजीपीए प्राप्त कर तृतीय स्थान अर्जित किया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. आर के आजाद, रसायन विभागाध्यक्ष डॉ आलोक कुमार सिंह, भौतिकी विभागाध्यक्ष शिशिर शुक्ला, अमित कुमार, राजनंदन सिंह राजपूत, हर्ष पाराशरी, डॉ संदीप दीक्षित, चंदन गोस्वामी, सत्येंद्र कुमार सिंह, डॉ शशांक गुप्ता, भानु प्रताप सिंह, अमित राज चौहान, प्रशांत शर्मा, मंजीत कुमार सहित सम्पूर्ण स्टाफ ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वर्तमान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पुष्पेंद्र बहादुर सिंह ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनकी निरंतर मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा संस्था के गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

## खबरें एक नजर में

### पुवायां में फिर सांड के हमले से एक युवक की मौत

**सड़कों पर छुट्टा पशुओं का कब्जा, आए दिन हो रहीं मौतें, प्रशासन की दावे हवा हवाई**

**पुवायां, शाहजहांपुर।** सांड ने बेल्डिंग मिस्त्री को पटक-पटक कर मार दिया। घटना के समय स्थानीय लोगों ने डंडे लेकर उसको वहां से भगाया। एंबुलेंस से मिस्त्री को अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान थाना आरसी मिशन क्षेत्र के रहने वाले मुनेश कुमार के रूप में हुई है। मुनेश काम करने के बाज शुक्रवार सुबह आठ बजे पेमेन्ट लेने निकले थे। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। थाना आरसी मिशन क्षेत्र के उदौपारा गांव के रहने वाले 40 साल के मुनेश की बेल्डिंग की दुकान गांव में ही है। उन्होंने कुछ समय पहले थाना पुवायां क्षेत्र में एक व्यक्ति का ग्रील व अन्य कार्य किया था। वह काम उन्होने अपनी दुकान पर किया था। मृतक की पत्नी संगीता ने बताया कि उनको उसी व्यक्ति से 90 हजार रुपये का पैमेंट लेना था। वह सुबह आठ बजे घर से निकले थे। बस से वह पुवायां गए थे। उसके बाद उनकी मौत कैसे हुई उनको जानकारी नही है। उनको पुलिस ने सुबह दस बजे फोन करके जानकारी दी कि उनके पति घायल हुए हैं। परिजन जब अस्पताल आए तो मुनेश मृत अवस्था में मिले। पुलिस के अनुसार, राजीव चैक के पास मुनेश जा रहे थे। तभी उनके उपर सांड ने हमला कर दिया था। उसको पटक दिया था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हुए थे। स्थानीय लोगों ने सांड को भगाकर पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस से मुनेश को अस्पताल भेजा था जहां डाक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया है। थाना प्रभारी आरके रावत ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पत्नी ने बताया कि उनको जानकारी नही है कि वह उस व्यक्ति से पैमेंट ले पाए या नही। उनके पास पैमेंट नही मिला है। उस व्यक्ति ने कहा था कि वह पुवायां तक जाएं फिर वह उसको रिसिव कर लेंगे। मुनेश को मकान में कराए जाने वाले कार्य की नाप भी लेना थी। उन्होंने कोई आरोप नही लगाया है।

### पुवायां रुट पर रोडवेज बस न मिलने पर यात्री एआरएम दफ्तर पहुंचे

**पिछलें कई दिनों से सात बजे वाली बस सेवा बंद होने से यात्री उठा रहे परेशानी**

**शाहजहांपुर।** मिनी पंजाब कही जाने वाली पुवायां तहसील को जिला मुख्यालय से जाने वाली रोडवेज बस सेवा शाम 6:30 बजे के बाद न होने से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जो बस शाम को सात बजे शाहजहांपुर से बंडा जाया करती थीं, उसको शाम 4:30 बजे करने से रोजाना चलने वाले यात्रियो को दिक्कत हो रही है। साथ ही शाम आठ बजे वाली बस जोकि शाहजहांपुर से पुवायां, पुवायां से सुबह लखनऊ को जाती हैं। वो भी एक दो माह से बंद चल रही है। जिस कारण यात्रियों में आक्रोश बना हुआ है। शुक्रवार को भी जब यात्री ठीक सात बजे रोडवेज बस स्टैंड पर पहुंचे तो पता चला कि सात बजे कोई बस नहीं है, सीधे साढे आठ बजे ही पलिया सेवा वाली बस मिलेगी। जिस पर यात्री आक्रोशित हो गये और सीधे एआरएम आफिस जा पहुंचे और विरोध जताया कि हम लोग रोजाना रोडवेज से यात्रा करते हैं। आखिरकार कब तक यह समस्या बनी रहेगी। एआरएम ने यात्रियों का गुस्सा देख आनन फानन में पुवायां तक दूसरे रुट की बस लगवाकर यात्रियों को खुद बैठाया और रवाना किया। सवाल यह है कि कब तक यह समस्या बनी रहेगी। दूसरी ई-बसों का संचालन भी बंद हो जाने से परेशानियां बढ़ गई है। विरोध जताने वाले यात्रियों में उज्जवल मिश्रा, अनूप गुप्ता, दिव्या गुप्ता, सुनील बाजपेयी आदि शामिल रहे।

### महिलाओं के कुंडल झपटने वाला शातिर गिरफ्तार, दो वारदातों का खुलासा, भेजा गया जेल




**शाहजहाँपुर।** कोतवाली पुलिस, एसओजी और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने महिलाओं से कुंडल झपटने की दो घटनाओं का सफल खुलासा करते हुए शातिर अभियुक्त अमन उर्फ सुहैल खान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से दोनों घटनाओं से संबंधित पीली धातु के टूटे हुए कुंडल, एक अवैध .315 बोर देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, यक्ष एप और सर्विलांस की मदद से आरोपी की पहचान कर उसे कान्हा गौशाला रोड से बरेली-सीतापुर हाईवे की ओर जाते समय गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने मोती चैक के पास ई-रिक्शा में बैठी एक महिला तथा हुण्डालखेल स्थित कन्नौजिया अस्पताल के पास पैदल जा रही महिला के कुंडल झपटने की बात स्वीकार की। उसने बताया कि पहचान छिपाने के लिए कुंडलों को तोड़ दिया था और उन्हें बेचने बरेली जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### सऊदउल्ला ने एसएससी में हासिल की 22वीं रैंक



**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर के मोहल्ला उम्मरपुर निवासी वरिष्ठ सपा नेता के पुत्र ने कर्मचारी चयन आयोग से एसएससी जूनियर इंजीनियर जेई परीक्षा में अखिल भारतीय 22 रैंक प्राप्त की है। आवास पर लगा बधाई देने बालों का तांता। सपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनवर उल्ला खान के सुपुत्र सऊद अनवर खान ने कर्मचारी चयन आयोग से एसएससी जूनियर इंजीनियर जेई परीक्षा में अखिल भारतीय 22 रैंक प्राप्त की। विभाग केंद्रीय लोक निर्माण विभाग सीपीडब्ल्यूडी में चयन अनवर उल्ला खां ने पुत्र की इस कामयाबी पर शुभचिंतकों का आभार जताया।

# विधायक को तहसील निरीक्षण में मिलीं अनियमितताएं

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



विधायक अरविंद कुमार सिंह ने तहसील का औचक निरीक्षण किया। इस औचक कार्रवाई से तहसील प्रशासन और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान विधायक को मौके पर कई गंभीर अनियमितताएं और लापरवाही देखने को मिलीं, जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। निरीक्षण के दौरान सबसे बड़ी खामी यह सामने आई कि जनता से जुड़ी महत्वपूर्ण पत्रावलियों का निस्तारण निर्धारित 45 दिनों की समय-सीमा के भीतर नहीं किया जा रहा है। महीनों से फाइलें पेंडिंग पड़ी हैं, जिसके कारण आम जनता और किसानों को अपने काम के लिए तहसील के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। विधायक ने इस पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि जनता का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड रूम और संबंधित पटलों की जांच में यह भी पाया गया कि कई महत्वपूर्ण सरकारी पत्रावलियां अपने स्थान से गायब हैं। सरकारी रिकॉर्ड का इस तरह गायब होना या सुव्यवस्थित न होना बेहद संवेदनशील और संदेहास्पद मामला है। इस लापरवाही को लेकर विधायक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक अरविंद सिंह ने संबंधित उच्चाधिकारी को निर्देशित किया है कि तहसील में पाई गई इन सभी कमियों और गायब पत्रावलियों की गहनता से जांच की जाए। उन्होंने अधिकारी को तत्काल प्रभाव से एक विस्तृत और स्पष्ट रिपोर्ट तैयार कर जल्द से जल्द सौंपने के कड़े निर्देश दिए हैं, ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जा सके।

> सदर तहसील में जनता से जुड़े कामकाज ससमय न होने से लोगों को दिक्कतें आ रही थी। कई लोगों की शिकायत पर तहसील दफ्तर जाकर पत्रावलियों, रजिस्टर आदि देखा गया है, जिसमें पाया कि दाखिल खारिज, आय, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र आदि कार्य पेंडिंग चल रहे हैं। एक सप्ताह का समय दिया गया है, उच्चाधिकारियों से वार्ता की गई है।
> -अरविंद सिंह, ददरौल विधायक

### घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़, विरोध पर दी जान से मारने की धमकी

**पुवायां, शाहजहांपुर।** पुवायां थाना क्षेत्र के करनापुर गांव निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार करनापुर निवासी बुद्धन खां ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 7 जुलाई की रात करीब आठ बजे सकरापुर गांव निवासी नदीम खां उनके घर में घुस आया। आरोप है कि उसने उनकी पुत्री आरजू के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी गाली-गलौज करता हुआ मौके से भाग गया और थाने में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने 10 जुलाई को थाने पहुंचकर तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# बकाया मानदेय व अन्य मांगों को लेकर ग्राम रोजगार सेवकों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड कटरा-खुदागंज के ग्राम रोजगार सेवकों ने अपनी लंबित मांगों के शीघ्र निस्तारण की मांग को लेकर शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। रोजगार सेवकों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान नहीं किया गया, तो वे मनरेगा सहित अन्य शासकीय योजनाओं के कार्यों का बहिष्कार करने के लिए विवश होंगे। ज्ञापन में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के लगभग 16 माह के बकाया मानदेय का भुगतान अब तक नहीं किया गया है, जिससे ग्राम रोजगार सेवकों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान कराने के साथ-साथ विगत वर्षों एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष की कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) की राशि संबंधित खातों में जमा कराने की मांग की है। रोजगार सेवकों ने यह भी मांग उठाई कि मनरेगा कार्यों के प्रभावी एवं पारदर्शी संचालन के लिए प्रत्येक ग्राम रोजगार सेवक को एंड्रॉयड मोबाइल फोन उपलब्ध कराया जाए, ताकि ऑनलाइन कार्यों का निष्पादन सुचारु रूप से हो सके। और जनपद शाहजहांपुर के अन्य विकासखंडों में वर्ष 2025-26 के सात से आठ माह तक का मानदेय भुगतान किया जा चुका है, जबकि विकासखंड कटरा-खुदागंज में अब तक केवल एक माह का मानदेय ही प्राप्त हुआ है। इस असमानता को लेकर रोजगार सेवकों में गहरा असंतोष व्याप्त है। उन्होंने प्रशासन से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई कर स्थिति को सामान्य बनाने की अपील की है। वहीं इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष रघुराम सिंह,रमेश योगेश, अखिलेश गंगवार, प्रेमचंद, धनपाल, विश्राम गंगवार, विनीत सिंह, अरविंद कुमार, हरीश सिंह अनुज सिंह, राहुल प्रताप, चंद्रसेन सुभाष गंगवार, सहित कई रोजगार सेवक मौजूद रहे।

# बीएसएनएल टॉवर पर चढ़े युवक को 19 घंटे बाद बेहद नाटकीय ढंग से उतारा जा सका

- मांग के मुताबिक अफसरों ने विभिन्न एजेंसियों के रूप में भूमिका निभाकर पाई सफलता

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

हाइवे पर कछियानी खेड़ा स्थित बीएसएनएल टॉवर पर गुरुवार रात चढ़े सरफिरे युवक को नीचे उतारने के लिए युवक अड़ियल रवैये के चलते उसकी मांग पर पुलिस व प्रशासन के अफसरों को बेहद नाटकीय भूमिका निभाने पर 19 घंटे बाद बमुश्किल सकुशल नीचे उतारा जा सका। जानकारी के मुताबिक गुरुवार रात करीब आठ बजे एक युवक टॉवर पर चढ़ जाने की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कम्प मच गया डायल 112 टीम के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची पूरी रात मान मनव्वल का सिलसिला जारी रहा। रुक रुक कर हो रही बरसात से अनिष्ट की आशंका से प्रशासन की बेचैनी बढ़ना स्वाभाविक थी , जैसे तैसे रात गुजरी शुक्रवार सुबह पुनः प्रयास शुरू हुए युवक ने पुलिस , प्रशासन व मीडिया को नकारते हुए सेना व सीबीआई को बुलाने पर ही उतरने का भरोसा दिया। आखिर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही पुलिस अधिकारियों ने भी सिविल ड्रेस में पहुंच उसे वेद नाटकीय ढंग से फोन और वीडियो कॉल के जरिए उसे भरोसा दिलाते हुए नीचे उतरने की अपील की। 19 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद अपरान्ह तीन बजे आखिर कार पुलिस व प्रशासन को सफलता मिल ही गई युवक को सकुशल नीचे उतारा गया कोतवाली लेजाकर उसकी समस्या को सुनने के बाद उसे मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा गया। जहां से मानसिक हालत दुरुस्त न होने की आशंका के मद्देनजर उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। टॉवर से उतरे कटरा निवासी युवक आकाश यादव ने बताया कि वह हरियाणा के झिझर में वर्क एप्स के जरिए डेढ़ साल पहले काम करने गया था जहां उसे पूरे पैसे नहीं मिले उसने हरियाणा पुलिस द्वारा उसपर अत्याचार करने के भी आरोप लगाए। युवक की माँ अनीता ने बताया कि आकाश बीती सात जुलाई को ही हरियाणा से घर वापस लौटा था कुछ समय से मानसिक चिकित्सालय से इलाज चला था आर्थिक समस्या के चलते उसे एक माह से दवा नहीं मिल सकी। गुरुवार को अपरान्ह चार बजे वह खाना खाकर घर से निकला था। वह युवक के पिता गुड्डू यादव ने बताया कि आकाश छह भाइयों और दो बहनों में दूसरे नंबर का है। उनका कहना है कि हरियाणा में मोबाइल और पैसों से जुड़े विवाद के बाद से वह मानसिक तनाव में रहने लगा था। युवक को उतारने की मुहिम में एडीएम वित्त अरविंद कुमार, एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे, एसडीएम जीत सिंह राय, सीओ इशिका सिंह, कोतवाल प्रिंस शर्मा, इंस्पेक्टर क्राइम सुनील यादव, एसआई देवेश कुमार की विशेष भूमिका रही।

# इंसानियतः मासूम के लिए डाक्टर बने भगवान, एडीएम ने हाथ जोड़ किया अभिवादन

- सरकारी डाक्टरों ने मासूम राहुल के ईलाज को हाथ कर दिए थे खड़े

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जिसे बिन मां-बाप के मासूम के ईलाज के लिए सरकारी सिस्टम के डाक्टरों ने ईलाज के लिए यह कहकर हाथ खड़े कर दिए थे कि इस बच्चे की पैर सर्जरी यहां नहीं हो पाएगी और पैर काटना पड़ेगा। उस मासूम बच्चे की सर्जरी कर डाक्टर केपी गुप्ता ने इंसानियत की मिशाल पेश करते हुए बच्चे को जीवनदान दिया है। इस इंसानियत भरी खबर सुनकर खुद एडीएम वित्त अरविंद कुमार अस्पताल पहुंचे और डा.केपी गुप्ता को हाथ जोड़कर उनकी इंसानियत का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि आप सच में इस मासूम बच्चे के लिए भगवान बने हैं। एडीएम वित्त के द्वारा बच्चे का हालचाल जाना गया। डाक्टर के कार्यों की सराहना की गई। डॉ. केपी गुप्ता ने बताया कि मैने बच्चे के पैर का 17 दिन ईलाज कर सर्जरी की है। यह मेरा धर्म व जिम्मेदारी की है कि जरुरतमंद की मदद की जाए। बता दें कि इस बच्चे राहुल को डीएम के निर्देश पर एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था, लेकिन सरकारी अस्पताल के डाक्टरों ने जिम्मेदारी न समझकर लापरवाही दिखाई। जिसके बाद राहुल को प्राइवेट चिकित्सक केपी गुप्ता ने भर्ती कथ ईलाज किया। मदनापुर का बिन मां बाप के राहुल का ईलाज कथ डॉ. केपी गुप्ता ने दिल जीत लिया है।

### विहिप की धार्मिक एवं साहसिक यात्रा के पुष्पेन्द्र बने जिला प्रभारी

**मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।** क्षेत्र के ग्राम नगला पिपरिया निवासी हिंदुत्व के पुरोधा विश्व हिन्दू परिषद परशुरामपुरी के जिला उपाध्यक्ष पंडित पुष्पेन्द्र सिंह परमार को बाबा बूढ़ा अमरनाथ चट्टानी धार्मिक यात्रा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। शुक्रवार को जलालाबाद के सत्यानंद अस्पताल में हुई विश्व हिंदू परिषद जिला परशुरामपुरी की आवश्यक बैठक में मुख्य अतिथि विहिप के सह प्रांत मंत्री राकेश त्याजी, जिलाध्यक्ष डॉ. बृजेश गुप्ता,जिला मंत्री शलभ मिश्रा,नवल किशोर, आदित्य, गुरुपाल आदि की उपस्थिति में दिवंगत अशोक सिंघल जन्म शताब्दी वर्ष की रूपरेखा तय की गई। बैठक में अखंड भारत संकल्प दिवस सेवा सप्ताह के अंतर्गत बूढ़ा अमरनाथ चट्टानी एवं कांवड़ यात्रा का कार्यक्रम जुलाई में तय करते हुए विहिप के जिला उपाध्यक्ष पंडित पुष्पेन्द्र सिंह परमार को सर्वसम्मति से बाबा यात्रा बाबा बूढ़ा अमरनाथ चट्टानी यात्रा का प्रभारी बनाया गया।

# डीएम ने अंटा चौराहा के पीछे से देवी प्रसाद स्कूल तक जाने वाले मार्ग का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी एवं नगर मजिस्ट्रेट रजनीकांत के साथ नगर क्षेत्र में अंटा चौराहा के पीछे से देवी प्रसाद स्कूल तक जाने वाले मार्ग का पैदल भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जल निगम द्वारा पेयजल पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो जाने के उपरांत पानी के बहाव का परीक्षण कराया जाए तथा उसके बाद सड़क निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जाए। उन्होंने नाली पर किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटाने के भी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सड़क निर्माण में बाधा बनने वाले मकानों को चिन्हित कर उन पर निशान लगाने तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के साथ-साथ सड़क निर्माण कार्य भी निरंतर जारी रहना चाहिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराया जाए।

# जन सुरक्षा बीमा एवं पेंशन योजनाओं की चार दिवसीय कार्यशाला का सफल समापन

- योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित बनाएं: त्रिवेन्द्र सिंह

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



रोजा सहकारी गन्ना समिति लिमिटेड के सभागार में शुक्रवार की शाम गन्ना किसानों के जनहितार्थ आयोजित जन सुरक्षा बीमा एवं पेंशन योजनाओं पर आधारित चार दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आज चैथे एवं अंतिम दिवस सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यशाला में क्षेत्र के बड़ी संख्या में गन्ना किसानों ने सहभागिता कर विभिन्न जनकल्याणकारी सुरक्षा एवं पेंशन योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान इफको, बैंक प्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा किसानों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना तथा प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की पात्रता, लाभ, प्रीमियम, पंजीकरण प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही किसानों की शंकाओं का समाधान करते हुए उन्हें अधिक से अधिक संख्या में इन योजनाओं से जुड़कर स्वयं एवं अपने परिवार की आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोजा सहकारी गन्ना समिति के अध्यक्ष त्रिवेन्द्र सिंह ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जन सुरक्षा एवं पेंशन योजनाएँ किसानों के जीवन में आर्थिक सुरक्षा का मजबूत आधार हैं। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित बनाएं। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी, समिति सचिव, ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक अधिकारी, लखनऊ से पधारे विभागीय अधिकारी, समिति के संचालक मंडल के सदस्य, चीनी मिल के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में गन्ना किसान उपस्थित रहे। चार दिवसीय इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य गन्ना किसानों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित सुरक्षा बीमा एवं पेंशन योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें अधिक से अधिक लाभान्वित करना तथा सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना रहा। कार्यशाला के समापन पर किसानों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

# विश्व हिंदू परिषद ने आयोजित किया शिविर



**शाहजहांपुर।** विश्व हिंदू परिषद की युवा शाखा बजरंगदल शाहजीपुर महानगर द्वारा बजरंग दल के सेवा सप्ताह के अंतर्गत विवेकानंद नगर प्रखंड में एक विशाल चिकित्सा सेवा शिविर का सफल आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर उपस्थित कार्यकर्त्ताओ की देख-रेख में सकुशल संपन्न हुआ। शिविर में स्थानीय नागरिकों को स्वास्थ्य परामर्श और चिकित्सा सेवाएँ प्रदान की गईं। इस पुनीत कार्य में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का विशेष मार्गदर्शन और सहयोग प्राप्त हुआ। चिकित्सा शिविर में धर्मेंद्र सिंह महानगर मंत्री, हर्षित गुप्ता महानगर संयोजक बजरंग दल, राजीव महानगर सह-संयोजक, रमेश कोरी महानगर उपाध्यक्ष, महानगर सह प्रचार-प्रमुख कुनाल राठौड़, लखन वर्मा महानगर बलोपासना प्रमुख बजरंग दाल, गोविंद श्रीवास्तव प्रखंड उपाध्यक्ष, ऋषभ गुप्ता, अमन कश्यप प्रखंड सुरक्षा प्रमुख व विवेकानंद नगर प्रखंड के सभी ऊर्जावान कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों के सहयोग से यह सेवा कार्य अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# शुभ-मुहूर्त: निगोही में 171 वर-वधू का सामूहिक विवाह समारोह संपन्न

- विधायक, एमएलसी समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने दिया आशीर्वाद

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत शुक्रवार को रामलीला मैदान आदर्श इन्टर कालेज निगोही में सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमें मंच संचालन इन्दु अजनबी द्वारा किया और जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने कार्यक्रम में आकर वर-वधू को आशीर्वाद दिया। मुख्य अतिथि तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, विशिष्ट अतिथि एमएलसी डा. सुधीर गुप्ता, जिलाध्यक्ष केसी. मिश्रा, अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत निगोही, एडीएम वित्त, डीडीओ, एसडीएम तिलहर, खण्ड विकास अधिकारी निगोही एवं तिलहर,ईओ नगर पालिका परिषद तिलहर एवं नगर पंचायत निगोही समेत सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी की मौजूदगी रही। विधायक की उपस्थिति में 171 नवयुगलों जोडों का विवाह सम्पन्न हुआ। विधायक ने कहा कि आज हर गरीब की बेटियों के हाथ पीले करने का कार्य सरकार कर रही है। हर वर्ग के लोगों का ध्यान भाजपा सरकार में रखा जा रहा है। एमएलसी ने कहा कि योगी सरकार के कार्यों से जनता संतुष्ट हैं, उनकी योजनाओं का लाभ हर वर्ग तक पहुंच पा रहा है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम कराने मे खण्ड विकास अधिकारी निगोही, सिधौली, तिलहर, नगर पंचायत निगोही, नगर पालिका परिषद तिलहर के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी नरेन्द्र देव, तुषार, राघवेन्द्र मोहन शर्मा व अन्य विभागीय कर्मचारी द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। योजना के सम्बन्ध में जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापिन किया गया।

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 1994 जिसका अनुक्रमांक 0424068 व इंटरमीडिएट वर्ष 1996 जिसका अनुक्रमांक 225890 का अंकपत्र व सह प्रमाणपत्र वास्तव में खो गए हैं। **बरुण कुमार शर्मा पुत्र महेश चंद्र शर्मा नि. मो. कसभरा अस्तल, पुवायां, हाल नि. नेहरू नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश**

## जिम्मेदारी न लेने का घातक रोग

महाराष्ट्र में थोड़े दिनों की बारिश से हाहाकार मच चुका है। कई लोगों की जान चली गई है। 7,000 करोड़ रुपए की लागत वाले और हाल ही में शुरू किए मुंबई-पुणे मिसिंग लिंक एक्सप्रेसवे पर जो भूस्खलन हुआ और करीब 18 घंटे यातायात बंद रहा, तो विपक्ष ने सरकार पर सवाल उठाए। साथ ही सोशल मीडिया पर भी सरकार की खिंचाई हुई। यह मुद्दा विधानसभा में भी उठा। विधानसभा में शहरों के विकास पर नियम 293 के तहत जब बहस हो रही थी तो मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विपक्ष पर कड़ा हमला करते हुए इस परियोजना को इंजीनियरिंग का एक शानदार वैश्विक नमूना करार दिया। उन्होंने कहा कि देवेंद्र फडणवीस को बुरा-भला कहना ठीक है। मुझे इसकी आदत है। मुझ पर इन बातों का कोई असर नहीं होता। मैंने जिंदगी में एक बात सीखी है, आज से 10 साल बाद, जो लोग आज बुरा-भला कह रहे हैं, वे शायद दिखाई न दें, लेकिन कनेक्टिंग लिंक कायम रहेगा, और उस पर देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे के नाम होंगे। आप मुझे जितना चाहें बदनाम करें, लेकिन अगर आप महाराष्ट्र को बदनाम करेंगे, तो मैं किसी को नहीं बख्शूंगा। इसके बाद अपनी भाषा का स्तर प्रचलित भाजपाई राजनीति के अनुरूप गिराते हुए फड़नवीस ने कहा कि जिनको कुत्ता भी नहीं पूछा, वो आजकल सोशल मीडिया पर आकर सबको गाली देते हैं, मुख्यमंत्री को भी गाली देते हैं। ऐसे भाड़े के टट्टू इस मिसिंग लिंक के बारे में भी पैसा ले-लेकर सोशल मीडिया पर लिख रहे थे, ऐसे लोगों को कह देना चाहता हूं कि अगर महाराष्ट्र का अपमान करोगे तो छोड़ूंगा नहीं। देवेन्द्र फड़नवीस ने सदन की गरिमा को हाशिए पर धकलते हुए कुत्ते जैसे असंसदीय शब्द का इस्तेमाल किया और इस पर जिस तरह सदन में सत्ता पक्ष के लोगों ने उनका समर्थन किया, उससे जाहिर होता है कि सरकार को लोकतांत्रिक शालीनता और मर्यादा की कोई परवाह नहीं है। सोशल मीडिया पर पैसे लेकर ट्रोलिंग का काम भाजपा के शासन में ही खूब बढ़ा है और इसके पीछे किन लोगों का समर्थन रहा है, यह जनता जानती है। वैसे अगर संरचनात्मक गड़बड़ियों पर सरकार से ही जवाब मांगा जाएगा, इस पर भाजपा सरकार के लोग चिढ़ते क्यों हैं, यह समझ से परे है। हाल ही में एक वाकया उत्तरप्रदेश से सामने आया है, जब पत्रकार ने मंत्री दिनेश प्रताप सिंह से सवाल किया कि मुख्यमंत्री के उद्घाटन से पहले ही लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे कई जगह से धंस गया है। तो दिनेश प्रताप सिंह ने जवाब दिया कि इसमें कौन सी नयी बात है, आप सड़क खुद बनवा लो। उन्होंने सड़कों की टूट-फूट और मरम्मत को प्रक्रिया का हिस्सा बताया। बेशक सड़कें टूटती हैं, उनमें गड्ढे बनते हैं, लेकिन जब वे कई बरसों तक इस्तेमाल हो जाएं तब उनकी मरम्मत की नौबत आनी चाहिए। अगर उद्घाटन से पहले या शुरु होने के चंद दिनों में सड़कें, पुल या कोई भी इमारत टूटे तो जाहिर है कि उसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। इस समय अकेले महाराष्ट्र या उत्तर प्रदेश से नहीं, बल्कि गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली कई राज्यों में कहीं सड़कें टूटीं, कहीं एयरपोर्ट पानी-पानी हुआ, कहीं स्टेशन पर पंखे से पानी गिरने लगा। ऐसी तस्वीरें देखकर समझा जा सकता है कि विकास के नाम पर जनता के दिए टैक्स से जो भारी-भरकम परियोजनाएं बन रही हैं, उनकी लागत का बड़ा हिस्सा भाजपा नेताओं, अधिकारियों या ठेकेदारों की जेब में जा रहा है। दिक्कत यह है कि भारतीय जनता ने इस भ्रष्टाचार को अब सामान्य आचरण मानकर स्वीकार कर लिया है। फिर भी कभी सवाल उठाए जाते हैं तो ऐसे ही जवाब मिलते हैं कि खुद बनवा लो या जिनको कुत्ता नहीं पूछता वो सवाल पूछ रहे हैं। सरकार की आलोचना को व्यक्तिगत आलोचना माना जाने लगा है या फिर देश विरोधी काम। जबकि हाल ही में महाराष्ट्र में ही जस्टिस माधव जामदार ने सरकार विरोधी नारे लगाने पर एक व्यक्ति को तड़ीपार करने के आदेश पर पुलिस को फटकार लगाई और साफ कहा कि किसी नेता के खिलाफ नारे लगाना देशविरोधी काम नहीं है। इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ऐसा ही फैसला सुनाया था कि सरकार की आलोचना देश की आलोचना नहीं है। हम नहीं जानते कि देवेन्द्र फड़नवीस ने इस फैसले को सुना या नहीं, मगर यह तय है कि वे पूरी तरह नरेन्द्र मोदी के नक्शेकदमों पर चल रहे हैं। देवेन्द्र फड़नवीस का मानना है कि आज से दस साल बाद भी परियोजनाओं पर उनका नाम रहेगा, यह बिल्कुल सही बात है क्योंकि आज से 60-70 साल पहले जो काम कांग्रेस की सरकारों में हुआ है, उनका नाम अब भी बना ही हुआ है। भले आज भाजपा कांग्रेस सरकारों के काम को नकार दे। असल बात तो यह है कि सरकार किसी भी दल की हो, जनता उसे काम करने के लिए सत्ता सौंपती है इसलिए काम किया जाए तो उसका एहसान नहीं जताया जा सकता।

# समाज से मर्यादा का ह्रास, राम को फिर वनवास



राहुल कुमार गुप्ता



आज जब मन विचारों के द्वंद्व में उलझा हुआ है तब विचारों के ज्वार की स्याही से शब्द कागज में अपनी राह बनाते स्वतः आगे बढ़ रहे हैं और आँखें नम हैं।

यह आलेख अब केवल शब्दों का संग्रह नहीं रह गया बल्कि यह हमारे समय की उस नैतिक और आध्यात्मिक शून्यता पर एक गहरा घाव है, जिसे हम अक्सर धर्म के चमकीले आवरण से ढकने की कोशिश करते हैं। आज का समाज जिस मोड़ पर खड़ा है, वहाँ ईश्वर, आस्था और मर्यादा का बाज़ारीकरण हो चुका है। जब प्रतीक सत्य पर भारी पड़ने लगें, जब नारे हमारे विवेक की आवाज़ को दबाने लगें, और जब भव्यता के शोर में करुणा की धीमी पुकार खो जाए, तब समझ लेना चाहिए कि मर्यादा की हत्या हो चुकी है। यह हमारे अंतर्मन को झकझोरने का एक विनम्र प्रयास है, ताकि हम धर्म के वास्तविक स्वरूप को पहचान सकें।

इतिहास गवाह है कि जब-जब किसी दिव्य विचार या महापुरुष को राजनीतिक या सामाजिक सत्ता का साधन बनाया गया, तब-तब मूल तत्व पीछे छूट गया और केवल खोखले प्रतीक आगे रह गए।

आज समाज में राम का नाम आस्था की जगह अधिकतर नारे और स्लोगन की तरह लिया जा रहा है, जबकि राम को नारे की तरह बोलने वाली भीड़, राम के आदर्शों और उनके चरित्र से अंजान है।

मर्यादा पुरुषोत्तम राम का संपूर्ण जीवन त्याग, न्याय और समता का दस्तावेज़ है। राम जब अयोध्या से वन की ओर निकले, तो उनके पास न मुकुट था, न सिंहासन। फिर भी वे राम थे। वे शबरी की झोपड़ी में जाते हैं और उनके जूठे बेर खाते हैं, जो उस दौर के सामाजिक ताने-बाने और जातिगत ऊंच-नीच पर सबसे बड़ा प्रहार था। वे केवट को गले लगाते हैं, जो सत्ता के अहंकार के विपरीत एक राजा की निरहंकारिता का प्रतीक है। राम भरत की प्रतीक्षा में हैं और हनुमान की निष्ठा में हैं। वे हर उस आम इंसान के भीतर हैं, जो बिना किसी प्रचार या ढोल-नगाड़े के, किसी दूसरे के दुःख को देखकर पिघल जाता है और उसे अपना समझ लेता है।

परंतु आज का वर्तमान परिदृश्य इसके ठीक उलट है। आज राम के नाम पर भव्य आयोजन, गगनचुंबी पोस्टर, डिजिटल प्रचार और गर्जना करते लाउडस्पीकर हैं। यह बदलाव त्रेतायुग के मर्यादित राम से आज के ब्रांड तक का है। बाज़ार को मर्यादा नहीं चाहिए, उसे एक ऐसा नाम चाहिए जिसे सुनते ही भीड़ सोचने-समझने के बजाय केवल नारा लगाने लगे। धीरे-धीरे राम पीछे छूट गए और आगे मंच, माइक, कैमरे, कटआउट और जुलूस आ गए। इस शोर में राम की असली आवाज़ कहीं दब गई। किसी भी धर्म के पूजास्थलों/इबादतगाहों के भव्य निर्माण मात्र से ईश्वर खुश नहीं होता। ईश्वर तो तब खुश होता है जब लोगों का मन निर्मल होता है, पवित्र होता है। सुंदरकाण्ड में प्रभु श्री राम खुद ऐसा कहते हैं- निर्मल मन जो, सो मोहि पावा, मोहि कपट छल छिद्र न भावा। क्या लाखों दीप जलाकर, हम हमारे भीतर का अँधेरा समाप्त कर पा रहे हैं? क्या बड़े-बड़े भंडारों का आयोजन कर हम वास्तव में गरीबों की भूख मिटा रहे हैं? क्या हम सच में लोड स्पीकरों के शोर में अपने हृदय में ईश्वर को स्थान देने में कामयाब हो रहे हैं? हम वास्तविक मार्ग से जाने कब के भटक चुके हैं।

क्या वास्तव में ईश्वर को पत्थरों के ऊंचे शिखर, सोने के गुंबद या अरबों के दानपात्र चाहिए? दुनिया के तमाम बड़े धर्मग्रंथ इस बात का खंडन करते हैं। ईश्वर मनुष्य से भव्यता नहीं, बल्कि पवित्र आचरण और मानवता की सेवा मांगता है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान कृष्ण कहते हैं कि ईश्वर सभी मनुष्यों के हृदय में निवास करता है। जब ईश्वर हर जीव के भीतर है, तो किसी मनुष्य का अपमान करके, किसी लाचार को सताकर या समाज में नफ़रत फैलाकर की गई पूजा कभी भी ईश्वर तक नहीं पहुँच सकती। इसी तरह, इस्लाम में भी सबसे बड़ा धर्म मानवता की सेवा को माना गया है। एक प्रसिद्ध हदीस के अनुसार, पैगंबर मुहम्मद ने कहा था कि वह व्यक्ति सच्चा आस्तिक नहीं हो सकता, जो खुद पेट भरकर सो जाए और उसका पड़ोसी भूखा रहे। यहाँ पड़ोसी का कोई धर्म नहीं पूछा गया, केवल उसकी भूख देखी गई। बाइबिल में ईसा मसीह सिखाते हैं कि किसी बीमार, कैदी या भूखे की सेवा करना ही साक्षात ईश्वर की सेवा है। सिख धर्म में गुरु नानक देव जी का स्पष्ट संदेश था कि सत्य सबसे ऊपर है, लेकिन सत्य से भी ऊपर व्यक्ति का सच्चा आचरण और चरित्र है।

जब सभी धर्मग्रंथ चीख-चीखकर कह रहे हैं कि ईश्वर मनुष्य के भीतर है, तो फिर बाहर यह कैसा कोलाहल है? हकीकत यह है कि आज दानपात्र बड़े होते जा रहे हैं और हमारे दिल छोटे। झंडे ऊँचे होते जा रहे हैं और हमारे विचार बौने। जयघोष गूँज रहे हैं और आपसी संवाद मर रहा है। आज के दौर में सबसे बड़ा संकट यह है कि असहमति को अपराध मान लिया गया है। यदि आप स्थापित व्यवस्था या शोर मचाती भीड़ से एक तार्किक प्रश्न पूछ लें, तो आपकी निष्ठा पर सवाल उठा दिया जाता है कि तुम राम/ईश्वर के साथ हो या नहीं? यह प्रश्न ही बुनियादी तौर पर गलत है। राम के सब हैं और सब के ही वो राम हैं, वो किसी की निजी संपत्ति नहीं वो पूरे ब्रह्मांड के हैं।

राम तो वन में भी राम थे, राजमहल में भी राम थे और सबसे अधिक राम तब थे, जब उनके पास न सिंहासन था, न मुकुट। कबीरदास ने सदियों पहले आगाह किया था कि पोथी पढ़-पढ़कर दुनिया थक गई, लेकिन कोई पंडित नहीं बन पाया; जो प्रेम के ढाई अक्षर पढ़ लेता है, वही सच्चा ज्ञानी है। आज जब नारे तर्क पर भारी पड़ने लगे हैं, तो समाज में संवाद मर रहा है। जहाँ संवाद मर जाता है, वहाँ मानवता दम तोड़ देती है। जब ईश्वर के नाम पर मनुष्य छोटा होने लगे, तो समझ लेना चाहिए कि धर्म नहीं, बल्कि हमारा अहंकार बढ़ा है। हम ईश्वर की रक्षा के नाम पर लड़ रहे हैं, जबकि सत्य यह है कि संपूर्ण ब्रह्मांड को संभालने वाले ईश्वर को हमारी रक्षा की आवश्यकता नहीं है। मर्यादा कभी पत्थरों से नहीं बनती, वह मनुष्यों के आचरण से बनती है। मंदिर शिखरों से नहीं, विश्वास से ऊँचे होते हैं और विश्वास कभी डर में नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र मन में जन्म लेता है। जब प्रश्न पूछना अपराध बन जाए, तो समझ लेना चाहिए कि उत्तर कमज़ोर पड़ चुके हैं।

वास्तव में, राम किसी चुनाव का वादा नहीं हैं, न ही वे किसी भाषण की पंक्ति या प्रचार की रणनीति हैं। राम उस क्षण का नाम हैं जब अपार शक्ति होते हुए भी मनुष्य न्याय का रास्ता चुनता है। राम तब प्रकट होते हैं जब प्रतिशोध संभव होते हुए भी मनुष्य क्षमा चुनता है। जब सारे अधिकार हाथ में हों, फिर भी मनुष्य मर्यादा न छोड़े, वही राम हैं। और शायद यही सबसे कठिन है। क्योंकि पत्थरों का मंदिर बनाना आसान है, लेकिन अपने भीतर मर्यादा का निर्माण करना बहुत कठिन है। नारे लिखना आसान है, पर अपने चरित्र को वैसा सुंदर लिखना कठिन है। जय-जयकार करना बहुत आसान है, लेकिन राम जैसा आचरण करना बेहद कठिन है।

इसलिए आज सबसे बड़ा संकट राम का नहीं है, संकट मर्यादा का है। जिस दिन मर्यादा बिकने लगे, समझ लेना चाहिए कि बाज़ार बहुत बड़ा हो गया है और राम फिर एक बार मानवीय समाज छोड़कर वन की ओर लौट गए हैं। आज बाज़ार बहुत बड़ा हो चुका है, धर्म का बाज़ार, राजनीति का बाज़ार, भावनाओं का बाज़ार। इस बाज़ार में हर चीज़ बिकाऊ है। यदि आज भी हम नहीं जागे, यदि हमने अपने आचरण में करुणा, प्रेम और न्याय को स्थान नहीं दिया, तो इन भव्य महलों, इन कंक्रीट के जंगलों में केवल हमारे अहंकार की गूँज सुनाई देगी। राम तो उस शोर-शराबे और पाखंड को छोड़कर चुपचाप किसी शांत कोने में चले जाएंगे, जहाँ कोई माइक नहीं होगा, बस शबरी के आँसू होंगे और केवट का निश्छल प्रेम होगा। आखिर में हम अपनी आत्मा से पूछें कि क्या हम राम को सचमुच अपने भीतर रोकना चाहते हैं, या उन्हें फिर से वन भेजने की तैयारी कर रहे हैं?

त्रेतायुग में तो मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी को मात्र 14 वर्ष का वनवास हुआ था और कारण मात्र मां कैकई का अपने सगे पुत्र भरत को राजा बनाने की चाह थी। जब की पूरा कौशल प्रदेश राम के आदर्शों के कारण राम को अपने हृदय में बसाये हुए था। 14 वर्ष वनवास के बाद राम केवल इसलिए वापस आए कि त्रेता युग के लोगों ने उन्हें अपने हृदय में बसा उनके आदर्शों को आत्मसात किया, उनके इंतजार में लोग अपनी सुध-बुध भी खो बैठे थे। और श्री राम के प्रति इसी अथाह प्रेम के चलते ही त्रेता के भाग्य में रामराज्य साकार हुआ था। जब तक राम के प्रति प्रेम, और उनके आदर्शों को हमारा समाज आत्मसात नहीं करेगा, तब तक भयमुक्त समाज और रामराज्य की परिकल्पना मात्र कल्पना बन कर ही रह जाएगी।

आज जब समाज में मर्यादा का ह्रास अपनी तीव्रतम गति से हो रहा है, जहां मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी के आदर्शों से अब समाज को लेना देना नहीं रह गया, राम कुछ निर्मल हृदयों को छोड़ कब के वनवास में चले गए। केवल डीजे, लाउड स्पीकरों की गूंज, मंदिरों के निर्माण से और भीड़ के नारों मात्र से राम को अब वापस नहीं बुला सकते। राम को समाज में वापस आने के लिए निर्मल भाव चाहिए, उन्हें अपने आदर्श चाहिए।

विचार

# रुकना चाहिए जनसंख्या विस्फोट

योगेश कुमार गोयल

जनसंख्या संबंधित समस्याओं पर वैश्विक चेतना जागृत करने के लिए प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। भारत के संदर्भ में देखें तो तेजी से बढ़ती आबादी के कारण ही हम सभी तक शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों को पहुंचाने में पिछड़ रहे हैं। देश में बेरोजगारी की समस्या विकराल हो चुकी है। हालांकि विगत दशकों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से नए रोजगार जुटाने के कार्यक्रम चलाए गए लेकिन बढ़ती आबादी के कारण ये सभी कार्यक्रम ऊंट के मुंह में जीरा ही साबित हुए। देश में आबादी और संसाधनों के बीच असंतुलन बढ़ता जा रहा है। वास्तविकता यही है कि विगत दशकों में देश की जनसंख्या जिस गति से बढ़ी, उस गति से कोई भी सरकार जनता के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने की व्यवस्था करने में सफल हो ही नहीं सकती थी।

आज देश की बहुत बड़ी आबादी निम्न स्तर का जीवन जीने को विवश है। देश में करीब 40 प्रतिशत आबादी आजादी के बाद से ही गरीबी के आलम में जी रही है। गरीबी में जीवन गुजार रहे ऐसे बहुत से लोगों की यही सोच रही है कि उनके यहां जितने ज्यादा बच्चे होंगे, उतने ही ज्यादा कमाने वाले हाथ होंगे किन्तु यह सोच वास्तविकता के धरातल से परे है। लगातार बढ़ती महंगाई के जमाने में परिवार बड़ा होने से कमाने वाले हाथ ज्यादा होने पर जितनी आय बढ़ती है, उससे कहीं ज्यादा जरूरतें और विभिन्न उत्पादों की कीमतें बढ़ जाती हैं, जिनकी पूर्ति कर पाना सामर्थ्य से परे हो जाता है। इसलिए जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रमों की सफलता के लिए सर्वाधिक जरूरी यही है कि घोर निर्धनता में जी रहे ऐसे लोगों को परिवार नियोजन कार्यक्रमों के महत्व के बारे में जागरूक करने की ओर खास ध्यान दिया जाए क्योंकि जब तक इस कार्यक्रम में इन लोगों की भागीदारी नहीं होगी, तब तक लक्ष्य की प्राप्ति संभव नहीं है।

देश में जनसंख्या वृद्धि का मुकाबला करने के लिए पिछले काफी समय से कुछ कड़े कानून बनाने की मांग हो रही है लेकिन इस दिशा में कुछ राज्य सरकारें दो से ज्यादा बच्चों वाले परिवारों को सरकारी नौकरी तथा स्थानीय निकाय चुनावों में उम्मीदवारी से अयोग्य अघोषित करने जैसे जिस तरह के उपायों पर विचार कर रही हैं, उन्हें तर्कसंगत नहीं माना जा सकता। हालांकि जनसंख्या वृद्धि मौजूदा समय में गंभीर चुनौती है लेकिन ऐसे उपायों को संवैधानिक नजरिये से भी तर्कसम्मत नहीं माना जाता। चीन में 1980 से पहले केवल एक बच्चा पैदा करने की अनुमति थी, जिसका उल्लंघन करने पर दम्पति को न केवल सरकारी योजनाओं से वंचित कर दिया जाता था बल्कि सजा भी दी जाती थी लेकिन वहां यह नीति सफल नहीं हुई। इसीलिए चीन सरकार ने 2016 में इस नीति में बदलाव कर दो बच्चों की अनुमति दी और बाद में तीन बच्चों की अनुमति देनी पड़ी। चीन की तानाशाही सरकार द्वारा नीतियों में बड़ा बदलाव करते हुए दम्पत्तियों को तीन बच्चे करने की अनुमति क्यों दी गई, इसके कारण समझना भी जरूरी है। दरअसल वहां लोगों की सामान्य प्रजनन दर में निरन्तर गिरावट आ रही है और कुछ विशेषज्ञों के मुताबिक यही स्थिति भारत में भी होनी है।



जनसंख्या में स्थायित्व और कामकाजी युवाओं की स्थिर संख्या के लिए महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 2.1 होनी चाहिए और चीन में यह दर निरन्तर गिर रही है। 1970 में चीन में यह दर 5.8 थी, जो 2015 में घटकर 1.6 और 2020 में केवल 1.3 ही रह गई जबकि बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ती गई। नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टेटिस्टिक्स (एनबीएस) के अनुसार आने वाले समय में आबादी में अधिक उम्र वालों की संख्या बढ़ने से संतुलित विकास और जनसंख्या को लेकर दबाव बढ़ेगा। 1982 में हुई जनगणना में चीन की जनसंख्या में 2.1 फीसदी की सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई थी लेकिन उसके बाद जनसंख्या में लगातार गिरावट दर्ज की गई, जिसके लिए वहां की कम्युनिस्ट सरकार द्वारा अपनाई गई दशकों पुरानी वन चाइल्ड पॉलिसी को जिम्मेदार माना जाता है।

विगत एक दशक में चीन की जनसंख्या करीब सात करोड़ बढ़ी लेकिन बुजुर्गों की संख्या बढ़ने से चीन के लिए अलग ही समस्या उत्पन्न होने लगी है। दरअसल चीन को आशंका है कि अगले दस वर्षों में उसकी जनसंख्या में गिरावट आएगी, जिससे कामगारों की संख्या में कमी आने से उसकी खपत भी घटेगी। एनबीएस के आंकड़ों के मुताबिक चीन को जिन जनसांख्यिकीय संकट का सामना करना पड़ा था, वह और गहरा होने की उम्मीद थी, इसीलिए चीन को अपनी जनसंख्या नीति में बदलाव करने पर विवश होना पड़ा।

जहां तक भारत की बात है तो यहां 1994 में महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 3.4 थी, जो घटकर 2015 में 2.2 रह गई थी यानी सामान्य के करीब। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत की जनसंख्या 2050 तक बढ़ने के बाद से गिरनी शुरू हो जाएगी और 2100 तक पहुंचते-पहुंचते सामान्य प्रजनन दर केवल 1.3 ही रह जाएगी। इसका अर्थ है कि तब अधिकांश परिवारों में केवल एक ही बच्चा होगा और भारत उसी स्थिति में खड़ा होगा, जिसमें वन चाइल्ड पॉलिसी के बाद चीन खड़ा हुआ और उसे विगत सात वर्षों में दो बार अपनी जनसंख्या नीति में बड़ा परिवर्तन करना पड़ा। इसलिए टू चाइल्ड पॉलिसी जैसे कानूनों के जरिये जनसंख्या नियंत्रण की कोशिशों को व्यावहारिक नहीं माना जा रहा बल्कि इसके लिए डराने-धमकाने वाले कानूनों के बजाय लोगों में जागरुकता पैदा किया जाना सबसे जरूरी है।

बगैर कड़े कानूनों के देश के ऐसे राज्यों में जनसंख्या वृद्धि दर में कमी आई है, जहां साक्षरता दर ज्यादा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत में गरीब महिलाओं की प्रजनन दर करीब 3.2 है जबकि सम्पन्न महिलाओं में यह दर केवल 1.5 पाई गई है। इसी प्रकार अनपढ़ महिलाओं के औसतन 3.1 बच्चे होते हैं जबकि शिक्षित महिलाओं में यह संख्या औसतन 1.7 है। इसका स्पष्ट अर्थ है कि जनसंख्या विस्फोट का सीधा संबंध सामाजिक और शैक्षिक स्थितियों से जुड़ा है। शिक्षा के अभाव में ही देश की बड़ी आबादी को छोटे परिवार के लाभ को लेकर जागरूक नहीं किया जा सका है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

साहित्य



## हाथों में किताबें, राह में दलदल...!

**संजय एम तराणेकर**

हाथों में किताबें, आँखों में उजियारा,
पर राह में फैला कीचड़ इतना सारा।
नन्हें-नन्हें कदमों का यह कैसा सफ़र,
हर मोड़ पे है ठहरा विकास बेअसर।

कंधों पे बस्ता, मन में दौड़ते अरमान,
फिर भी मुश्किलों से होती पहचान।
जहाँ सड़क होनी थी, वहाँ दलदल है,
बचपन का हर कदम आज घायल है।

कहते हैं शिक्षा से बदलता रहा हैं देश,
फिर क्यों बच्चों को मिले संघर्ष शेष?
क्या यही तरक्की, क्या यही विकास,
जब राह बन जाए प्रतिदिन का त्रास?

आओ मिल के हम ऐसी तस्वीर बदलें,
हर गाँव की राहों को पक्की सड़क दें।
शिक्षा बने सचमुच सभी का अधिकार,
ताकि हरेक बच्चे के सपने हों साकार।





## राशिफल

**मेषः-** आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्तवपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**वृषभः-** मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अर्निणय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुनः-** लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्कः-** कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**सिंहः-** आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्याः-** आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**तुलाः-** व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है।

**वृश्चिकः-** आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें।

**धनुः-** आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकरः-** व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**कुंभः-** आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

मीनः- गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी।

# हिन्दू धर्म आधारित संस्कारों की शिक्षा पर न्यायिक मुहर

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय का हालिया निर्णय उन सभी के लिए नजीर है, जो अकसर भारतीय हिन्दू ज्ञान परंपरा और धर्म के मूल नैतिक तत्वों पर भी प्रश्न उठाते रहते हैं। इसलिए यह एक सरकारी परिपत्र की वैधानिकता तक सीमित न होकर उस मूल प्रश्न का उत्तर भी है, जिस पर लंबे समय से देश में बहस चल रही है कि क्या भारतीय संस्कृति और उसकी ज्ञान परंपरा को विद्यालयी शिक्षा का हिस्सा बनाया जाना चाहिए या नहीं।

वस्तुतः सरकारी विद्यालयों में सरस्वती वंदना, गायत्री मंत्र, गुरु मंत्र और शांति मंत्र के वाचन संबंधी राज्य सरकार के निर्देश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करते हुए उच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया कि संविधान किसी भी सांप्रदायिक सिद्धांतों से असंबद्ध नैतिक शिक्षा पर रोक नहीं लगाता। यह टिप्पणी भारतीय शिक्षा व्यवस्था, संविधान और सांस्कृतिक विरासत के बीच संतुलन स्थापित करने वाली एक महत्वपूर्ण न्यायिक व्याख्या के रूप में देखी जानी चाहिए।

कहना होगा कि भारतीय शिक्षा की अवधारणा सदैव सा विद्या या विमुक्तये के सिद्धांत पर आधारित रही है। यहां शिक्षा का उद्देश्य रोजगार प्राप्त करने के साथ ही ऐसे नागरिक तैयार करना है, जिनमें ज्ञान के साथ चरित्र, अनुशासन, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व भी हो। इसी कारण गुरुकुल परंपरा से लेकर आधुनिक विद्यालयों तक प्रार्थना, शांति पाठ, गुरु वंदना और नैतिक मूल्यों का विशेष स्थान रहा है। इन परंपराओं का मूल उद्देश्य मनुष्य के भीतर श्रेष्ठ संस्कारों का विकास करना रहा है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने भी अपने विद्यालयों में जो व्यवस्था लागू की, उसका घोषित उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा, सांस्कृतिक चेतना और नैतिक मूल्यों से जोड़ना था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भी स्पष्ट रूप से भारतीय ज्ञान प्रणालियों, स्थानीय परंपराओं और मूल्य आधारित शिक्षा को विद्यालयी पाठ्यक्रम का महत्वपूर्ण अंग मानती है। ऐसे में राज्य सरकार का यह प्रयास उसी व्यापक नीति का विस्तार माना जा सकता है।

याचिकाकर्ताओं ने इस व्यवस्था को संविधान के अनुच्छेद 14, 21, 25, 28, 29 और 30 का उल्लंघन बताते हुए इसे धार्मिक शिक्षा का स्वरूप देने का प्रयास किया। उनका तर्क था कि सरकारी विद्यालयों में ऐसे मंत्रों का वाचन अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों को असहज कर सकता है। यह एक संवैधानिक प्रश्न था, जिसका उत्तर सिर्फ भावनाओं के आधार पर देना संभव नहीं था, संविधान की भाषा और उसके उद्देश्य से ही दिया जा सकता था। यहीं पर उच्च न्यायालय का निर्णय महत्वपूर्ण हो जाता है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अनुच्छेद 28 (1) का आशय राज्य पोषित संस्थानों में किसी विशेष धर्म के कर्मकांड, पूजा-पद्धति अथवा धार्मिक सिद्धांतों की शिक्षा को रोकना है, किंतु इसका अर्थ यह नहीं है कि नैतिक शिक्षा, नागरिक कर्तव्यों, सामाजिक समरसता और चरित्र निर्माण से जुड़े सांस्कृतिक मूल्यों को भी प्रतिबंधित मान लिया जाए।

न्यायालय ने यह भी पाया कि सरकारी आदेश में ऐसा कोई बाध्यकारी प्रावधान नहीं है, जिससे किसी छात्र को उसकी धार्मिक मान्यता के विरुद्ध कार्य करने के लिए विवश किया जा रहा हो। महत्वपूर्ण यह भी है कि आदेश में किसी छात्र के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई का कोई प्रावधान नहीं था, इसलिए यह निर्णय भारतीय संस्कृति और भारतीय संविधान के बीच कृत्रिम टकराव पैदा करने वाली सोच पर भी अप्रत्यक्ष प्रश्नचिह्न लगाता है।

भारतीय परंपरा में गायत्री मंत्र को सद्बुद्धि की प्रार्थना, शांति मंत्र को समस्त विश्व के कल्याण की कामना और सरस्वती वंदना को ज्ञान के प्रति समर्पण का प्रतीक माना जाता है। इनका मूल भाव नैतिक और मानवीय है। इन्हें सिर्फ संकीर्ण धार्मिक दृष्टि से देखना भारतीय ज्ञान परंपरा की व्यापकता को सीमित कर देना होगा। इस निर्णय का एक और महत्वपूर्ण पक्ष राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 से जुड़ा है। नई शिक्षा नीति तकनीकी दक्षता से आगे समग्र व्यक्तित्व निर्माण पर बल देती है। उसमें भारतीय ज्ञान परंपरा, सांस्कृतिक विरासत, नैतिक मूल्यों और संवैधानिक कर्तव्यों को शिक्षा का अभिन्न अंग बताया गया है। यदि विद्यालय बच्चों को केवल परीक्षा पास करने की मशीन बना दें और उनके भीतर अनुशासन, करुणा, कृतज्ञता, राष्ट्रबोध तथा सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास न हो, तो शिक्षा अधूरी रह जाएगी।

आज जब समाज अनेक सामाजिक चुनौतियों, बढ़ती हिंसा, नशे की प्रवृत्ति, डिजिटल व्यसन और नैतिक संकट का सामना कर रहा है, तब विद्यालयों में मूल्य आधारित शिक्षा की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महसूस की जा रही है। यह मूल्य किसी एक धर्म (हिन्दू) तक सीमित कर उन्हें संकीर्ण मान लेना उचित नहीं है, क्योंकि किसी भी धर्म के श्रेष्ठ सिद्धान्त सभ्य समाज की साझा आवश्यकता हैं। यदि भारतीय संस्कृति की सकारात्मक परंपराएं विद्यार्थियों में आत्मानुशासन, एकाग्रता, कर्तव्यबोध और श्रेष्ठ नागरिकता की भावना विकसित करने में सहायक बनती हैं, तो उन्हें पूर्वाग्रह के बजाय विवेकपूर्ण दृष्टि से देखा जाना चाहिए।

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय का यह निर्णय इसी संतुलित सोच का प्रतिनिधित्व करता है। अदालत ने न तो संविधान की धर्मनिरपेक्ष भावना से समझौता किया और न ही भारतीय सांस्कृतिक विरासत को संदेह की दृष्टि से देखा। उसने स्पष्ट किया कि नैतिक शिक्षा और सांप्रदायिक शिक्षा में मूलभूत अंतर है तथा दोनों को एक-दूसरे का पर्याय नहीं माना जा सकता।

वास्तव में यह निर्णय आगे छत्तीसगढ़ तक सीमित नहीं रहेगा। यह भविष्य में शिक्षा, संस्कृति और संविधान से जुड़े अनेक विमर्शों के लिए संदर्भ बिंदु बनेगा। इससे यह संदेश भी जाता है कि भारतीय लोकतंत्र में संविधान और संस्कृति परस्पर विरोधी न होकर एक-दूसरे के पूरक हैं। उनका उद्देश्य व्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान करते हुए समाज में सद्भाव, नैतिकता और उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है।

इसके साथ ही यहां यह भी स्पष्ट हो गया है कि जो लोग भारतीय हिन्दू धर्म एवं संस्कृति को संकुचित आइने से देखते हैं, वे अपने दृष्टिकोण में विस्तार करें, हिन्दू धर्म के नैतिक मूल्य सर्वकल्याणकारी हैं, यानी वे प्रत्येक मनुष्य के जीवन को उत्तरोत्तर आगे श्रेष्ठ दिशा में बढ़ाने वाले हैं। यह किसी संप्रदाय, मत, पंथ, रिलीजन के सीमित दायरे से परे हैं। इसलिए हिन्दू धर्म के सभी सिद्धांत मनुष्य मात्र के हित के लिए हैं, वह सभी के लिए समान हितकारक हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### शादी की 10वीं सालगिरह पर प्रीति कटियार ने किया 5वां रक्तदान



**फतेहपुर।** समाज में सुरक्षा और नारी शक्ति का संदेश देने वाली एंटी रोमियो और मिशन शक्ति प्रभारी, सब इंस्पेक्टर प्रीति कटियार ने आज अपनी शादी की 10वीं सालगिरह को एक बेहद अनूठे और प्रेरणादायी तरीके से मनाया। उन्होंने इस खास मौके पर सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के सहयोग से मानस रक्तकेंद्र में जाकर अपना 5वां स्वैच्छिक रक्तदान किया। सब इंस्पेक्टर प्रीति कटियार ने कहा कि शादी की सालगिरह जैसे व्यक्तिगत खुशियों के अवसरों को यदि मानव सेवा से जोड़ा जाए, तो उसकी खुशी दोगुनी हो जाती है। रक्त की एक-एक बूंद किसी का जीवन बचा सकती है, इसलिए हर सक्षम व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए।

**मानस रक्तकेंद्र में काटा गया केक, प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित:** इस विशेष अवसर पर मानस रक्तकेंद्र में सब इंस्पेक्टर प्रीति कटियार और उनके परिजनों की उपस्थिति में केक काटकर विवाह वर्षगांठ की खुशियां मनाई गईं। रक्तदान के उपरांत मानस रक्तकेंद्र के प्रभारी अमन यादव ने उन्हें प्रशस्ति पत्र और पुष्प देकर सम्मानित किया और उनके इस कदम की सराहना की। इस अवसर पर गरिमामयी उपस्थिति रक्तदान कार्यक्रम के दौरान संस्था सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन से गुरमीत सिंह व रंजीत प्रताप उपस्थित रहे, वहीं मानस रक्तकेंद्र की ओर से प्रभारी अमन यादव, टेक्नीशियन अनामिका पाल और विष्णु सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। सभी ने सब इंस्पेक्टर प्रीति कटियार को विवाह वर्षगांठ की शुभकामनाएं दीं और उनके इस मानवीय कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

### युवक से की गई मारपीट, न्याय के लिए एसपी कार्यालय पहुंचे पीड़ित परिजन




**महोबा।** कोतवाली कुलपहाड़ क्षेत्र के बुधौरा गांव में एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट करने का आरोप लगा है। पीड़ित परिजन ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित परिवार के अनुसार, गांव निवासी घासीराम ने कुछ लोगों पर घर से बाहर बुलाकर लाठी-डंडों एवं धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर देने का आरोप लगाया है। आरोप है कि हमले के दौरान जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर भी किया गया, शोर और गोली की आवाज सुनकर परिजन तथा ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी कथित रूप से धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। घटना की सूचना डायल-112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस से घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलाताल भेजा गया। पीड़ित का कहना है कि वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे जिला चिकित्सालय महोबा रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पीड़ित परिवार का कहना है कि थाना पुलिस ने उन्हें थाने से वापस भेज दिया। इसी शिकायत को लेकर पीड़ित परिवार पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और निष्पक्ष जांच व आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है! कोतवाली प्रभारी अवधेश कुमार मिश्रा का कहना है कि शिकायत पत्र मिलने पर जाँच कर कार्यवाही की जायगी!इस मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का माहौल बना है।

### थाना कुलपहाड़ पुलिस ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार




**कुलपहाड़/महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ अनुरुद्ध कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ अवधेश कुमार मिश्रा द्वारा गठित उ.नि. विकास तिवारी मय हमराह कां. अभय पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 1 नफर वारण्टी अभियुक्त रामपाल कुशवाहा पुत्र मोहनलाल कुशवाहा उम्र 45 वर्ष निवासी मो. टौरियापुरा थाना कुलपहाङ जनपद महोबा सम्बन्धित एसटी नं. 39/19 असं. 07/19 धारा 504/307 भादवि में मा. न्यायालय अपर सत्र न्यायधीश (एफ.टी.सी.) महोबा द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विधायक ने किया पौधरोपण

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को विधानसभा अयाह शाह के गोपाल नगर शनि मंदिर स्थित ए टी एस प्रांगण में विधायक विकास गुप्ता ने अधिकारियों एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर विधायक विकास गुप्ता ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की सुरक्षा का माध्यम नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की अमूल्य धरोहर भी हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपनी माता के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाने तथा उसकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान प्रकृति संरक्षण के साथ-साथ मातृ सम्मान का भी प्रतीक है। अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर हम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम में रणजीत सिंह एआरटीओ (प्रशासन), संतोष सिंह एआरटीओ-1 (प्रवर्तन), प्रतीक मिश्रा एआरटीओ-2 (प्रवर्तन), कृष्ण चंद्र सिंह आरआई (क्षेत्रीय निरीक्षक), राम सागर पीटीओ (यात्री कर अधिकारी) वन दरोगा शिवमंगल यादव, रेंजर रूप सिंह, दतौली ग्राम प्रधान राजा सिंह, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सावन गुप्ता गौरव अग्रहरि, भारतीय जनता युवा मोर्चा बहुआ मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता एवं अवनीश कुमार (मोंटी), रिंकू गुप्ता, मनीष कुमार' सहित संबंधित विभाग के अधिकारी, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। अंत में सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

## वन महोत्सव के तहत निकली पौधों की बारात, सीडीओ ने दिखाई हरी झंडी



**फतेहपुर।** वन महोत्सव के तहत शुक्रवार को वन विभाग ने पर्यावरण संरक्षण और अधिक से अधिक वृक्षारोपण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से पौधों की बारात एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया। कलेक्ट्रेट परिसर से मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। हाथों में तख्तियां और पौधे लेकर छात्र एक पेड़ मां के नाम लगाने का संदेश देते हुए शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों से गुजरे। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के महत्व से जुड़े नारे लगाए तथा आमजन से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। रैली का समापन वीआईपी रोड स्थित वन विभाग कार्यालय में हुआ। प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) ने बताया कि इस वर्ष शासन की ओर से जनपद को 53 लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य दिया गया है। 12 जुलाई को प्रदेशव्यापी वृक्षारोपण अभियान के तहत विभिन्न विभागों के सहयोग से व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा। उन्होंने लोगों से वन महोत्सव को एक उत्सव के रूप में मनाते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने और पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता निभाने की अपील की।

## वृक्षारोपण अभियान को जनभागीदारी का महाअभियान बनाया जाए: गंगवार



- सभी विभाग लक्ष्य के अनुरूप तैयारी पूरी करें, किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं होगी

**उरई (जालौन)।** शुक्रवार को राज्य मंत्री, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग, उत्तर प्रदेश संजय सिंह गंगवार ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में 12 जुलाई को आयोजित होने वाले वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप वृक्षारोपण अभियान को जनभागीदारी का महाअभियान बनाया जाए तथा प्रत्येक विभाग अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पूरी तैयारी समय से पूर्ण करे। जनपद की विभागवार तैयारियों, माइक्रोप्लान, पौध उपलब्धता, गड्ढा खुदान, रोपण स्थलों के चयन, पौध उठान, वीआईपी वृक्षारोपण स्थल तथा विभागीय प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में तैयार किए गए माइक्रोप्लान के अनुरूप रोपण कार्य सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक रोपे गए पौधे के संरक्षण और जीवित रहने की व्यवस्था भी पहले से सुनिश्चित रहे। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहे, बल्कि उसकी नियमित सिंचाई, सुरक्षा, जियो टैगिंग और निगरानी भी सुनिश्चित की जाए। सभी विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि अभियान शत-प्रतिशत सफलता के साथ संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनप्रतिनिधि समाजसेवी आदि एक-एक पौधा अपने मां के नाम फैमिली के साथ अवश्य लगाएं। समीक्षा के दौरान विभागवार लक्ष्य एवं प्रगति का अवलोकन करते हुए निर्देश दिए गए कि जिन विभागों में तैयारी शेष है, वह तत्काल उसे पूर्ण करें। वृक्षारोपण हेतु चिन्हित स्थलों, अग्रिम मृदा कार्य तथा गड्ढा खुदान की प्रगति लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण कर ली जाए ताकि अभियान के दिन किसी प्रकार की बाधा न आए। पौधशालाओं में उपलब्ध पौधों की गुणवत्ता एवं ऊंचाई की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह, सीडीओ, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार सहित जनप्रतिधि व वन विभाग एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के प्रचार-प्रसार हेतु पांच प्रचार वाहन रवाना:** राज्य मंत्री, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग, उत्तर प्रदेश संजय सिंह गंगवार, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान एवं प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर वन विभाग के पांच प्रचार वाहनों को रवाना किया। यह प्रचार वाहन जनपद की सभी तहसीलों कालपी, कोंच, उरई, जालौन एवं माधौगढ़ में वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे।

## श्री कुंज बिहारी एजुकेशनल ट्रस्ट के 3 छात्रों का आईआईटी में चयन

- 50-50 हजार की चेक देकर हुआ सम्मान, बढ़ाया मान

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**




कस्बे के कुवरपुर रोड के समीप संचालित श्री कुंज बिहारी एजुकेशनल ट्रस्ट में अध्ययनरत तीन छात्र-छात्राओं ने आईआईटी प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर ट्रस्ट द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं सेवानिवृत्त चीफ कमिश्नर दिलीप अग्रवाल ने की। इस अवसर पर आईआईटी में सफल हुए छात्र रोशन जैकब, छात्रा आमना खातून और छात्रा राधा पांडेय का माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। साथ ही तीनों मेधावियों को 50-50 हजार रुपये की चेक प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर दिलीप अग्रवाल ने कहा कि श्री कुंज बिहारी एजुकेशनल ट्रस्ट का उद्देश्य सिर्फ बच्चों को शिक्षित कर रोजगार दिलाना ही नहीं है, बल्कि उन्हें एक अच्छा और जिम्मेदार नागरिक भी बनाना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी यदि मेहनत और लगन से पढ़ाई करें तो देश के बड़े संस्थानों तक पहुंच सकते हैं।कार्यक्रम का सफल संचालन आलोक गौड़ ने किया। सम्मान समारोह में नगर पालिका परिषद बिंदकी की अध्यक्ष राधा साहू, पूर्व प्रधानाचार्य आरबी सिंह, ओपी बाजपेई, प्रबंधक वेद गुप्ता, नेहरू इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आशीष चौहान, अमरजीत सिंह, मणिशंकर मौर्य, अनूप अग्रवाल, अनुपमा अग्रवाल, मनोज, जीतू, आकाश तिवारी, संगीता सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक और छात्र उपस्थित रहे। तीनों छात्रों की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और अन्य छात्र भी उनसे प्रेरणा ले रहे हैं।

# जयपुरिया स्कूल की छात्रों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त, 11 बच्चे सहित शिक्षिका घायल

- चालक बस को छोड़ मौके से भागा, क्लीनर सहित तीन बच्चों की हालत गंभीर
- चालक की लापरवाही से बस पुलिया से टकराकर खाई में गिरी

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज़।**



सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल की बस उरई से जालौन आते समय अकोढ़ी दुबे श्रमदान के पास खाई में गिरकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में बस में सवार 11 बच्चों समेत एक महिला शिक्षिका और क्लीनर घायल हो गए। चालक बस छोड़कर भाग निकला। एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां क्लीनर व तीन बच्चों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च संस्थान रेफर किया गया। हैरानी की बात तो यह है कि ''मिशन सेफ फ्यूचर'' के तहत लगातार एआरटीओ सड़कों पर उतरकर स्कूली वाहनों की चेकिंग का अभियान चला रहे है। दावा करते हैं कि बच्चों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी दौरान जयपुरिया स्कूल की बच्चों से भरी बस दुर्घटना का शिकार हो जाती है। सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल उरई की बस बच्चों को लेने के लिए प्रतिदिन जालौन आती है। नगर से लगभग 20 बच्चे स्कूल पढ़ने के लिए जाते हैं। शुक्रवार को छुट्टी होने के बाद दोपहर करीब ढ़ाई बजे स्कूल बस बच्चों को वापस छोड़ने के लिए जालौन आ रही थी। जब बस अकोढ़ी दुबे श्रमदान के पास पहुंची तो अचानक से बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में चली गई और एक पेड़ से टकराकर रूक गई। अचानक हुए इस हादसे के बाद बच्चों में चीख पुकार मच गई। हादसे के समय बस में 16 बच्चे, चालक, परिचालक और एक महिला शिक्षिका मौजूद थी। हादसे में अधिकांश बच्चे घायल हो गए। हादसा होते ही चालक देशराज बस छोड़कर मौके से भाग निकला। हादसे को लेकर बच्चों का कहना था कि बस चालक को नींद आ गई थी, जिससे हादसा हुआ जबकि क्लीनर ने बताया कि बस की स्टीयरिंग फेल होने से हादसा हुआ। अकोढ़ी दुबे श्रमदान के पास जब हादसा हुआ उस समय वहां से अपना दल के जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी अपनी कार लेकर निकल रहे थे। बस को दुर्घटनाग्रस्त देखकर उन्होंने गाड़ी रोकी और एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस के साथ ही उन्होंने भी अपनी गाड़ी से घायल बच्चों को अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस कर्मियों और राहगीरों की मदद से सभी बच्चो और स्टॉफ को बाहर निकालकर सीएचसी पहुंचाया गया। वहीं, हादसे की खबर मिलते ही बच्चों के परिजन भी अस्पताल पहुच गए। तुरंत सक्रिय हुए मेडिकल स्टॉफ ने बच्चों का उपचार शुरू किया। परिचालक मुन्ना (60), लव पटेल (14) पुत्र मानवेंद्र, शिवांश (6) पुत्र श्याम, सूर्यप्रताप (11) पुत्र कुलदीप को प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च संस्थान रेफर कर दिया गया। जबकि चोटिल महिला शिक्षिका अंजली राजावत (24) पुत्री सत्यपाल, इंद्रवीर, (14) पुत्र मानवेंद्र, देवांश (13) पुत्र शैलेंद्र, वैष्णवी (9) पुत्री कुलदीप, यशवी (11) प्रदीप, टिया (11) पुत्री राहुल, तनवी (13) पुत्री अरूण, समर्थ (11) पुत्र अरूण, अध्ययन (12) पुत्र पुष्पेंद्र को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। सूचना मिलने पर सीओ अजय कुमार सिंह, नायब तहसीलदार सतेंद्र गुप्ता, इंस्पेक्टर क्राइम विवेक कुमार मौर्य, एसआई शिवम सेंगर पुलिस फोर्स के साथ अस्पताल पहुचें और बच्चों का हाल जाना।

### शौच के लिये गयी युवती से युवक ने की छेड़खानी

**जालौन (उरई)।** छोटे भाई के साथ घर के बाहर शौच के लिए गई युवती के साथ युवक ने छेड़छाड़ कर दी। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफप्राथमिकी दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीती पांच जुलाई की रात करीब 10 बजे 20 वर्षीय युवती अपने 11 वर्षीय छोटे भाई के साथ शौच के लिए घर से बाहर गई थी। शौच के लिए गई युवती के साथ गांव के ही राजाबाबू रास्ते में उसके साथ छेड़खानी करने लगे। बचने की कोशिश में युवती के कपड़े फट गए और युवती के चिल्लाने की आवाज सुनकर जब आसपास के लोग दौड़े तो युवक मौके से भाग निकला। घर जाकर युवती ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफप्राथमिकी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

## कैथेरी टोल प्लाजा के पास डीसीएम-ट्रक की भिड़ंत, दो की मौत

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**

- पुलिस ने बमुश्किल डीसीएम में फंसे चालक-परिचालक को निकाला

बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। कैथेरी टोल प्लाजा के पास खजूर से लदी एक डीसीएम (छोटा मालवाहक वाहन) आगे चल रहे ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि डीसीएम का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। हादसे में चालक और परिचालक समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार देर रात खजूर से लदी डीसीएम तेज रफ्तार से बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर गुजर रही थी। कैथेरी टोल प्लाजा के निकट अचानक आगे चल रहे ट्रक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास मौजूद टोल कर्मी और राहगीर मौके पर पहुंचे। दुर्घटना का दृश्य बेहद भयावह था। डीसीएम का केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका था और उसमें सवार लोग अंदर फंस गए थे। सूचना मिलते ही पुलिस, एंबुलेंस और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। राहत एवं बचाव दल ने सबसे पहले घायलों को बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल भिजवाया। वहीं डीसीएम के केबिन में बुरी तरह फंसे चालक और परिचालक को निकालने के लिए काफी देर तक मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस के अनुसार हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। मृतकों की पहचान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और उनके परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस और एक्सप्रेस-वे प्रबंधन ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया, जिसके बाद यातायात सामान्य कराया गया। हालांकि दुर्घटना की वास्तविक वजह क्या थी, इसका पता लगाने के लिए पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। यह भी देखा जा रहा है कि हादसा चालक को झपकी आने, तेज रफ्तार, सुरक्षित दूरी न रखने या किसी तकनीकी खराबी के कारण हुआ। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

## 35 वर्ष पुरानी राजस्व अभिलेख त्रुटि का एक दिन में समाधान

- उपजिलाधिकारी आदेश सिंह सागर ने गहन परीक्षण कर नागरिक को सौंपी संशोधित खतौनी

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी ग़ज़ल भारद्वाज के निर्देशन में तहसील कुलपहाड़ द्वारा नागरिक-केंद्रित प्रशासन का एक उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए वर्ष 1991 से चली आ रही राजस्व अभिलेख संबंधी त्रुटि का उपजिलाधिकारी द्वारा सफलतापूर्वक समाधान किया गया। बताया गया है कि वर्ष 1991 के बैनामे में दोनों भाइयों के नाम प्रकाश एवं विशाल अंकित कर दिए गए थे, जबकि उनके पूर्ण नाम क्रमशः प्रकाश शर्मा एवं राजविशाल थे। यही त्रुटि राजस्व अभिलेखों में भी दर्ज हो गई, जिसके कारण संबंधित नागरिक लगभग 35 वर्षों तक सही खतौनी, किसान पंजीकरण, नामांतरण तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रहा। पिछले लगभग 10 वर्षों से वह विभिन्न स्तरों पर शिकायत कर रहा था, लेकिन उसका समाधान नहीं हो सका। उपजिलाधिकारी आदेश सिंह सागर द्वारा प्रकरण का गहन परीक्षण कराया गया। उनके निर्देश पर लेखपाल द्वारा तथ्यात्मक जांच एवं भूमि प्रबंधन समिति (LMC) के माध्यम से ग्राम स्तर पर सत्यापन कराया गया। जांच में यह प्रमाणित हुआ कि अभिलेख में दर्ज अपूर्ण नाम और संबंधित व्यक्तियों की वास्तविक पहचान एक ही है। इसके उपरांत विधिसम्मत प्रक्रिया अपनाते हुए राजस्व अभिलेखों में आवश्यक संशोधन किया गया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि संशोधित खतौनी तैयार होने के बाद स्वयं द्वारा संबंधित नागरिक को संशोधित खतौनी उपलब्ध कराई गई। जिससे खतौनी पाकर पीड़ित किसान का खुशी का ठिकाना नहीं रहा। अब संबंधित किसान अपना पंजीकरण, भूमि संबंधी लेन-देन एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेगा।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद।

पत्रांक 506/1-30निविदा/2026-27 दिनांकः-09/07/2026

## -: अल्पकालीन निविदा सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद में स्वच्छ भारत मिशन/राज्य वित्त आयोग/ पालिका निधि के अन्तर्गत उपलब्ध धनराशि से शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149 सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अधीन निम्न सारणी अनुसार कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक कर्म/एजेन्सी/ कम्पनी/ठेकेदार दिनांक 21/7/2026 समय 4.00 बजे तक सील बन्द निविदा दे सकते है। निविदा पत्र, निविदा आमंत्रण तिथि से एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं, प्राप्त निविदाएं तद्दिनांक को सायंकाल 4-30 बजे उपस्थिति निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। निविदा के साथ लागत की 5 प्रतिशत जमानत राशि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद के नाम बन्धक होगी जो एन0 एस0 सी0/एफ0डी0आर0/नकद जमा रसीद-फार्म-5/टी0डी0आर0 के रूप में ही स्वीकार की जावेगी। बिना जमानत राशि व सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार पालिका के सक्षम अधिकारी को सुरक्षित रहेगा।

| क्रम. सं0 | | कार्य का नाम | | आगणन/ अनु0 लागत | निविदा मूल्य + जी0एस0टी0 | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत प्लास्टिक मुक्त भारत व सोर्स सेग्रीगेशन के संदेश व स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 हेतु पालिका क्षेत्रान्तर्गत स्थित पल्ला तालाब स्थित पटेल पार्क, टाउन हाल स्थित पार्क, पालिका द्वारा संचालित वेस्ट प्रोसेसिंग प्लान्ट, 16 शौचालयों व पब्लिक प्लेसेस व समस्त 42 वार्डो में वॉल पेन्टिंग कार्य 30000 वर्ग फुट में कराये जाने हेतु। | | 566400.00 | 708.00 | 11500 | 01 माह |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद**

# लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों की है महत्वपूर्ण भूमिका: दिनेश प्रताप सिंह

**25 करोड़ रुपये की 150 विकास परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण एवं शिलान्यास**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात उप्र दिनेश प्रताप सिंह की गरिमामयी उपस्थिति एवं अध्यक्ष जिला पंचायत रंजना चौधरी की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के समग्र विकास, जनहितकारी योजनाओं की प्रगति तथा आगामी विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा करते हुए जनप्रतिनिधियों द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए गए। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने जिला पंचायत के सभी निर्वाचित सदस्यों द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान जनसेवा एवं विकास कार्यों में दिए गए सकारात्मक योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता से जनपद में विकास कार्यों को गति मिली है और आमजन को विभिन्न योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए सभी सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने सभी सदस्यों के सफल एवं सम्मानजनक कार्यकाल के लिए



शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि सभी जनप्रतिनिधि पुनः जनता का विश्वास प्राप्त कर निर्वाचित होकर जनसेवा एवं इस कार्य को आगे बढ़ाएंगे। अध्यक्ष जिला पंचायत रंजना चौधरी ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि जिला पंचायत सदैव जनहित एवं विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करती रही है। उन्होंने सभी सदस्यों के सहयोग एवं सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी जनपद के सर्वांगीण विकास के लिए इसी प्रकार समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

बैठक के उपरान्त मंत्री जी द्वारा विधानसभा सदर व बछरावां की लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से तैयार एवं प्रस्तावित लगभग 150 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। इन परियोजनाओं में विभिन्न क्षेत्रों में सड़क निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण, संपर्क मार्ग, नाली निर्माण, सामुदायिक भवन, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों से लेकर शहरों तक आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं गुणवत्तापूर्ण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इन विकास परियोजनाओं के पूर्ण होने से जनपद के हजारों नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम में अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला पंचायत ओम प्रकाश सिंह सहित जिला पंचायत सदस्यगण, जनप्रतिनिधि, संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बाढ़ राहत-बचाव कार्य की एसडीएम ने किया समीक्षा



**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी आनंद तिवारी की अध्यक्षता एवं तहसीलदार विपुल कुमार सिंह की मौजूदगी में बाढ़ राहत एवं बचाव तैयारियों के बावत समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। उपजिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षकों लेखपालों और पंचायत सचिवों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की नियमित भ्रमण कर बाढ़ की स्थिति पर निगाह बनाये रखे।आपात स्थिति की सूचना तत्काल तहसील कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराएं जिससे समय रहते राहत एवं बचाव कार्य शुरू किए जा सकें।उन्होंने संवेदनशील गांवों में नावों राहत सामग्री पेयजल विद्युत व्यवस्था और सुरक्षित आश्रय स्थलों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. प्रणव कुमार श्रीवास्तव तथा सीएचसी सूरतगंज अधीक्षक,डॉ राजर्षि त्रिपाठी को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक दवाओं चिकित्सकीय टीमों और एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, गये।पशु चिकित्सा अधिकारियों को पशुओं के लिए दवाएं टीकाकरण और चारे की व्यवस्था पहले से तैयार रखने को कहा गया।एडीओ पंचायत एवं पंचायत सचिवों को गांवों में साफ-सफाई जलभराव की रोकथाम हैंडपंपों की स्वच्छता तथा राहत शिविरों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।ग्राम प्रशासकों से कहा गया कि वे ग्रामीणों को बाढ़ के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों के प्रति जागरूक करें और प्रशासन के साथ समन्वय बनाए रखें उपजिलाधिकारी ने कहाकि बाढ़ जैसी आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में बड़ी संख्या अधिकारी,कर्मचारी मौजूद रहे।

# बारिश में करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



कोतवाली क्षेत्र के पूरे अहिरन मजरा सकोली गांव में शुक्रवार सुबह बारिश के दौरान घर के बाहर खेल रहे 14 वर्षीय किशोर की विद्युत करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, पूरे अहिरन मजरा सकोली निवासी धारानाथ यादव का पुत्र शिवांश यादव (14) शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे घर के बाहर खेल रहा था। उसी दौरान बारिश हो रही थी। खेलते समय वह घर के पास से गुजर रहा विद्युत केबल के संपर्क में आ गया। केबल में करंट प्रवाहित होने के कारण उसे जोरदार झटका लगा और वह मौके पर ही जमीन पर गिर पड़ा। परिजन और आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। किसी तरह किशोर को केबल से अलग कर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। कुछ देर पहले तक घर के बाहर खेल रहे बेटे का शव सामने देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी दयाशंकर द्विवेदी ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**बछरावां, रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

बीते बृहस्पतिवार की देर रात तकरीबन 9:00 बजे के आसपास थाना क्षेत्र के अंतर्गत घटित हुई एक सड़क दुर्घटना ने फिर से जनपद की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं एवं सेवाओं को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आपको बताते चलें कि स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां मौराबा मार्ग पर बीते गुरुवार की देर रात तकरीबन 9:00 बजे के आसपास शेखपुर समोधा गांव के निकट एक अज्ञात पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो युवक राहुल पुत्र चेन्नई उम्र 22 वर्ष निवासी टांडा एवं मुकेश पुत्र विनय उम्र 20 वर्ष निवासी लोहरामऊ, जो की बाइक पर सवार होकर लोहरामऊ से वापस टांडा गांव आ रहे थे। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं



अज्ञात पिकअप टक्कर मारने के बाद मय चालक सहित मौके से फरार हो गया। दोनों युवको में घायल एक युवक राहुल गंभीर अवस्था में काफी देर तक सड़क मार्ग पर पड़ा तड़पता रहा। घटना का नजारा देखकर आसपास मौजूद लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और उनके द्वारा स्वास्थ्य व्यवस्था की आपातकालीन सेवा 108 एंबुलेंस को फोन किया जाने लगा। परंतु कई स्थानीय लोगों के द्वारा फोन करने पर बार-बार उक्त सेवा के द्वारा यह जानकारी दी गई की एंबुलेंस उपलब्ध नहीं है। काफी देर तक सड़क पर घायल युवक के तड़पने के कारण उक्त मार्ग पर दोनों तरफ लंबा जाम लग गया और आवागमन लगभग आधे घंटे तक बाधित रहा। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा जाम को खुलवाकर आवागमन पुनः सुचारू रूप से शुरू कराया गया है। तभी आसपास मौजूद लोगों के द्वारा एक ई रिक्शा की मदद से घायल अवस्था में दोनों युवकों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा घायल अवस्था में दोनों युवकों का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात राहुल की हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। टक्कर इतनी तेज थी की बाइक के परखच्चे उड़ गए। वहीं स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस व्यवस्था पर अपना आक्रोश भी जाहिर किया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को मंचों से बेहतर बताते हुए नहीं थकते हैं, परंतु समय पर आम आदमी को उन स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ न मिल पाना स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों की सबसे बड़ी कमी साबित हो रहा है। फिलहाल उक्त घटना ने एक बार फिर स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक की लगातार स्वास्थ्य विभाग के लिए बेहतर की जा रही व्यवस्थाओं के प्रयास पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है।

# लाइन पर गिरी पेड़ों की टहनियां, बिजली बाधित

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

शुक्रवार को भारी बारिश के चलते कहीं लाइनों पर पेड़ों की टहनियां गिरीं तो कहीं तारों के जोड़ में फाल्ट आ गए, जिससे करीब ढाई सौ गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाने से जहां विद्युत स्टेशन पर कंप्लेंट आती रही वह उन्हें ठीक करने के लिए विद्युत कर्मियों की टीम बारिश के बावजूद क्षेत्र में जुटी रही। शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे तेज बारिश शुरू होते ही विद्युत व्यवस्था लड़खड़ा गई। स्थानीय विद्युत उपकेंद्र से संचालित थोरथिया, भीखरपुर, मऊ, भानपुर, रसूलपुर और दलसिंहपुर के साथ टाउन व तहसील फीडर एक-एक कर ब्रेकडाउन में चले गए। देखते ही देखते नगर से लेकर गांवों तक बिजली गुल हो गई।घरों में लोग बिजली आने का इंतजार करने लगे। समय बीतने के साथ ही इनवर्टर जवाब देने लगे तो मोबाइल चार्जिंग की समस्या खड़ी हो गई। नगर क्षेत्र में बिजली के अभाव में पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में पांच से छह घंटे तक बिजली न आने से लोगों की परेशानी बढ़ती गई। उधर, उपकेंद्र से निकली विद्युतकर्मियों की टीमें बारिश के बीच लाइनों की खाक छानती रहीं। कहीं पेड़ की टहनियां हटाईं तो कहीं तारों के जोड़ में आया फाल्ट खोजा। लगातार बरसते पानी के बीच कर्मचारी भीगते हुए एक स्थान से दूसरे स्थान तक दौड़ते रहे। भारी बारिश के बावजूद करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद टाउन व तहसील फीडर की आपूर्ति बहाल हो गई।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी मरम्मत का सिलसिला जारी रहा। एक फाल्ट ठीक होता, लाइन चालू होती और उससे जुड़े गांवो की विद्युत आपूर्ति शुरू हो जाती।

## खबरें एक नजर में

### जिलाधिकारी ने सुनीं जनता की शिकायतें



**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व, विकास, चिकित्सा तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो, इसलिए सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। साथ ही अधिकारियों से कहा कि शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोगों का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो।

### डीजे बजाने पहुंचा युवक बना दूल्हे का जीजा

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र अमेठी के अंतर्गत एक शादी समारोह में डीजे बजाने पहुंचा युवक दूल्हे का बहनोई बन गया। पहली मुलाकात में शुरू हुई बातचीत धीरे-धीरे प्रेम संबंध में बदल गई और करीब तीन साल बाद दोनों ने परिवारों की सहमति से सात फेरे लेकर अपने रिश्ते को नया नाम दे दिया। मिली जानकारी के अनुसार अमेठी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में आयोजित विवाह समारोह में युवक डीजे संचालक के रूप में पहुंचा था। इसी दौरान उसकी मुलाकात दूल्हे की बहन से हुई। दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और समय के साथ उनका रिश्ता गहरा होता चला गया। करीब तीन वर्षों तक दोनों एक-दूसरे के संपर्क में रहे। जब दोनों ने अपने परिवारों को इस संबंध के बारे में बताया, तो परिजनों ने सहमति जताते हुए पूरे रीति-रिवाज और सामाजिक परंपराओं के अनुसार दोनों का विवाह संपन्न कराया। शादी में डीजे बजाने आया युवक अब उसी परिवार का बहनोई बन गया। यह अनोखी प्रेम कहानी इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। हालांकि इस घटना की स्वतंत्र रूप से आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है यदि यह जानकारी स्थानीय स्रोतों पर आधारित है तो इसे उसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

### शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द आज पहुंचेंगे डलमऊ



**डलमऊ,रायबरेली समृद्धि न्यूज।** जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज आज डलमऊ पहुंचेंगे उनके नेतृत्व में निकाली जा रही ऐतिहासिक गविष्ठ (गो-रक्षार्थ-धर्मयुद्ध) यात्रा शनिवार 11 जुलाई को प्रातः 10 बजे डलमऊ कस्बा पहुंचेगी जहां प्रयागराज रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के पास उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। यात्रा के आगमन को लेकर क्षेत्र में श्रद्धालुओं और धर्मप्रेमियों में भारी उत्साह का माहौल है। शंकराचार्य के आगमन को लेकर स्वागत स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है और तैयारियां अंतिम चरण में हैं। गौरतलब है कि गो-रक्षा एवं सनातन धर्म के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह निकाली जा रही इस ऐतिहासिक गविष्ठ यात्रा का विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जगद्गुरु शंकराचार्य के आगमन से डलमऊ का धार्मिक वातावरण और अधिक भक्तिमय हो जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना जताई जा रही है।

# शंकराचार्य अभिमुक्तेश्वरानंद का रविवार को होगा स्वागत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी के रविवार सुबह हैदरगढ़ आगमन पर भव्य स्वागत किया जाएगा। सपा नेता गौतम रावत ने यह जानकारी देते हुए बताया कि रविवार सुबह 8:30 बजे हैदरगढ़ में गविष्टि (गोरक्षार्थ-धर्मयुद्ध) यात्रा के अंतर्गत परम पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज (1008) का आगमन होगा। इस अवसर पर बछरावा चौराहा व कस्बा के मुख्य चौराहा पर स्वामी जी का भव्य स्वागत किया जाएगा। स्वागत के उपरांत आरती-पूजन एवं गौमाता पूजन का आयोजन होगा बताया कि गौपूजन के पश्चात स्वामी जी का काफिला उनके निज आवास ग्राम गोतौना पहुँचेगा, जहाँ अल्पाहार की व्यवस्था रहेगी तथा स्वामी जी श्रद्धालुओं को अपने प्रेरणादायी उद्बोधन से संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाराबंकी सांसद तनुज पुनिया, लखनऊ की पार्षद ममता रावत एवं समाजवादी पार्टी एवं इंडिया गठबंधन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

# चोरी के 75 मीटर बिजली के तार के साथ तीन गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में ऑपरेशन चक्रव्यूह अभियान के क्रम में शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी



मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक मोटरसाइकिल पर सवार 3 अभियुक्तों अमर नाथ तिवारी उर्फ लोधे पुत्र रामतीरथ निवासी ग्राम पठकीपुर भंडारा मजरे प्रतापपुर थाना कुड़वार जनपद सुलतानपुर, रौनक सिंह पुत्र शिव सहाय सिंह निवासी ग्राम पठकीपुर भंडारा मजरे प्रतापपुर व अभय प्रताप सिंह उर्फ शक्ति सिंह पुत्र स्व. शिव सिंह मिवासी ग्राम बड़ी गौहनिया मजरे बाजगढ़ी थाना गौरीगंज को गिरफ्तार किया गया है। मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेण्डर प्लस के कागज मांगने दिखा न सके। अभियुक्तों के कब्जे से 75 मीटर बिजली के एल्युमिनियम का तार बरामद हुआ है। बरामद बिजली के तार के बारे में पूछने पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि तीनो लोग मिलकर घूम फिर कर ऐसे बिजली के खंभों को चिन्हित कर लेते हैं जिनमें तार तो लगा होता है लेकिन लाइट नहीं होती है, जिसे मौका पाकर काट कर बेंच लेते हैं। बरामद तार को बीते 7 जुलाई को नहर पटरी के किनारे से काटकर चुरा लिये थे, जिसका आधा हिस्सा बेचकर रूपयों को आपस में बांट लिया था। बरामद तार उसी चोरी का है। गिरफ्तारी के संबंध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# दुर्घटना में मृत युवक के घर पहुंचे सपा जिलाध्यक्ष, दी आर्थिक सहायता

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

बहादुरपुर विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तरौना पूरे बंधन निवासी संदीप कोरी की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राम उदित यादव के नेतृत्व में पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने परिजनों को सांत्वना देते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। सपा नेताओं ने मृतक की पत्नी निशा कोरी से मुलाकात कर घटना पर गहरा दुख जताया और पार्टी की ओर से पीड़ित परिवार को 60 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई।



जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा गरीब, दलित, शोषित और वंचित परिवारों के सुख-दुख में उनके साथ खड़ी रही है।

संकट की इस घड़ी में पार्टी परिवार के साथ है और आगे भी हर संभव मदद की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में विधानसभा अध्यक्ष तिलोई राम प्रसाद यादव, राजा विक्रम सिंह, इंदु कुमार पाठक, भुवनेश प्रताप सिंह, मो. नईम, राम भवन ओझा, ब्लॉक अध्यक्ष भेटूवा दीपू तिवारी, बृजेश पटेल, समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अशोक यादव, अनिल यादव, जायस नगर अध्यक्ष जैद जायसी, ब्लॉक अध्यक्ष बहादुरपुर रजलू गुर्जर समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नाजिर और पेशकार में हुई हाथापाई, जनता देखकर दंग

**रामनगर,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

बिजली बचाने को लेकर नाजिर और पेशकार के मध्य शुरू हुआ विवाद मारपीट तक पहुंच गया। तहसील दार के पेशकार और एक निजी कर्मचारी के हस्तक्षेप के चलते बाहर से आये करीब दर्जन भर अराजक तत्वों ने नाजिर की पिटाई कर दी। न्याय के मंदिर में मौजूद प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार आला अधिकारियों ने कर्मचारियों के बीच समझौते को लागू मान लिया। लेकिन बाहर से आये लोगों की डण्डे बाजी और हाथापाई की घटना को सी सी टी वी में देखना भी मुनासिब नहीं समझा जा सका। जिससे दोषी लोगों को चिन्हित कर उन लोगों के खिलाफ उचित कार्यवाही हो सके।जो आम जन मानस में चर्चा का विषय है। प्राप्त विवरण के अनुसार गुरुवार शाम करीब पांच बजे के बाद तहसीलदार न्यायालय परिसर में नाजिर अरविंद शुक्ला पेशकार आशुतोष कुमार सिंह और एक निजी कर्मचारी मौजूद थे। इसी दौरान बिजली बचाने को लेकर कहासुनी शुरू हुई जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। शोर-शराबा होने पर तहसील परिसर में अफरा-तफरी मच गई।चर्चा है कि कुछ देर बाद बाहर से आए लोगों ने नाजिर की जबरदस्त पिटाई कर दी। दूसरे दिन भी उनके हाथों में गढ्ढे लगने के निशान दिखाई पड़ रहे थे।

# त्रिवेणी संगम में विसर्जित की गईं स्व. दादा तेजभान सिंह की अस्थियां

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पूर्व भाजपा विधायक एवं जननायक विकास खण्ड जामो अंतर्गत अचलपुर गांव निवासी स्वर्गीय दादा तेजभान सिंह की अस्थियां गुरुवार को प्रयागराज स्थित पावन त्रिवेणी संगम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से विसर्जित की गईं। इस दौरान परिजनों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। इससे पूर्व स्व. तेजभान सिंह का अस्थि कलश भाजपा जिला कार्यालय लाया गया, जहां भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों और आमजन ने पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में उनके जनसेवा, संगठन के प्रति समर्पण और सामाजिक योगदान को याद करते हुए सभी ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि के उपरांत अस्थि कलश यात्रा प्रयागराज के लिए रवाना हुई।

# 25 हजार रूपये का ईनामिया शातिर गिरफ्तार



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर यूपी गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त रामकुमार यादव पुत्र छोटेलाल यादव निवासी पूरे शिवगुलाम मजरे भनौली थाना मुसाफिरखाना को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 1 तमंचा व 1 जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ है। बरामदगी के आधार पर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त एक शातिर अपराधी है जिसके विरुद्ध सुलतानपुर व अमेठी के विभिन्न थानो पर चोरी, मारपीट, दुष्कर्म, आर्म्स एक्ट, पॉक्सो एक्ट व अन्य गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत है। उपर्युक्त वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 25,000 रुपये का ईनाम घोषित किया गया था। गिरफ्तारी के संबंध में मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# स्टेट बैंक में खाता खोलने की एकल विंडो खोलने की मांग



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** शिक्षक नेता ने भारतीय स्टेट बैंक टाउन शाखा के प्रबंधक से मुलाकात कर शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के खाते खोले जाने के लिए एकल खिड़की की व्यवस्था की मांग की है। शाखा प्रबंधक गौरव बाजपेई ने समस्या का समाधान करने एवं सिंगल विंडो खोलने का आश्वासन दिया और कहा की बैंक मे पर्याप्त स्टॉफ हैं किसी को असुविधा नही होंगी।

उल्लेखनीय हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा शिक्षकों की मांग को देखते हुए कैशलेस ईलाज के साथ साथ स्टेट बैंक के साथ हुए करार मे बेसिक शिक्षा विभाग के सभी कर्मचारियों शिक्षक,शिक्षामित्र, अनुदेशक,अनुचर रसोईयो को स्टेट बैंक मे खाता होने पर एक करोड़ से 1.5 करोड़ तक के विभिन्न दुर्घटना बीमा का लाभ देने के साथ साथ रसोईयो को भी स्टेट बैंक मे खाता व रुपे कार्ड धारक होने पर 2 लाख तक बीमा किये जाने की घोषणा की गई थी।बैंक के साथ हुए करार के बाद हैदरगढ, त्रिवेदीगंज व सिद्धौर के करीब 2000 कर्मचारियों, जिनका खाता स्टेट बैंक मे नहीं या उन्होंने खाता सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत नही कराया हैं। शिक्षकों शिक्षामित्रों अनुदेशको रसोईयो की सहयता के लिए एक सिंगल विंडो सुविधा देने की मांग की।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकिक्रयू का प्रदर्शन

**सीतापुर,समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान क्रांति यूनियन ने किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर शुक्रवार को मिश्रिख तहसील में उपजिलाधिकारी अभिनव कुमार यादव को ज्ञापन सौंपा। संगठन के जिला प्रभारी सुनील शर्मा के नेतृत्व में पहुंचे पदाधिकारियों ने किसानों से जुड़े कई अहम मुद्दों को उठाते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में संगठन ने रासायनिक उर्वरकों की कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाने तथा इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। साथ ही वन विभाग द्वारा पौधरोपण के दौरान किसानों की फसलों को हुए नुकसान का उचित मुआवजा दिलाने की भी



मांग की गई। किसान नेताओं ने बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराने, बरसाती सीजन में फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने तथा किसानों की अन्य लंबित समस्याओं का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने की मांग की। भारतीय किसान क्रांति यूनियन ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का समय रहते समाधान नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद उपजिलाधिकारी अभिनव कुमार यादव ने किसानों की मांगों पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# रिश्वतखोरी की जांच में आरोप पुष्ट, कार्रवाई सिर्फ तबादला?

**सीतापुर,समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड बिसवां में तैनात रहे तकनीकी सहायक राजकिशोर वर्मा से जुड़े कथित 50 हजार रुपये रिश्वत मांगने के वायरल ऑडियो प्रकरण में जांच पूरी होने के बावजूद अब तक केवल स्थानांतरण की कार्रवाई होने से प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

मामले में यह चर्चा तेज है कि यदि जांच में आरोपों की पुष्टि हुई है तो विभागीय कार्रवाई अब तक क्यों नहीं हुई।सूत्रों के अनुसार, वायरल ऑडियो सामने आने के बाद खंड विकास अधिकारी धनंजय सिंह ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। समिति ने उपलब्ध साक्ष्यों और ऑडियो की जांच कर अपनी रिपोर्ट




तैयार की, जिसे अग्रिम कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को भेज दिया गया। स्वयं खंड विकास अधिकारी ने भी जांच रिपोर्ट भेजे जाने की पुष्टि की थी। इसी बीच मुख्य विकास अधिकारी के आदेश पर संबंधित तकनीकी सहायक का विकासखंड बिसवां से विकासखंड ऐलिया स्थानांतरण कर दिया गया, जहां उन्होंने कार्यभार भी ग्रहण कर लिया।

**क्या बोले जिम्मेदार अधिकारी**

जांच से जुड़े अधिकारी से बातचीत में उन्होंने बताया कि संबंधित तकनीकी सहायक का स्थानांतरण कर दिया गया है। हालांकि विभागीय कार्रवाई और जांच रिपोर्ट के निष्कर्षों के संबंध में स्पष्ट जवाब देने के बजाय उन्होंने बात को टालने का प्रयास किया। इससे यह सवाल और गहरा हो गया कि जांच रिपोर्ट में यदि आरोपों की पुष्टि हुई है, तो अब तक नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

लेकिन जांच रिपोर्ट के बाद केवल तबादले तक सीमित कार्रवाई ने पूरे प्रकरण पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आरोप सही पाए गए हैं तो नियमानुसार विभागीय जांच, निलंबन अथवा अन्य दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए थी। ग्रामीणों और क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में केवल स्थानांतरण की कार्रवाई से गलत संदेश जाता है। उनका कहना है कि इससे न तो जवाबदेही तय होती है और न ही भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लग पाता है। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष समीक्षा कर जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की भी जांच कराने की मांग की है। अब सभी की निगाहें जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी पर हैं कि जांच रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर संबंधित कर्मचारी के साथ-साथ कार्रवाई में विलंब अथवा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाती है या नहीं।

# ई-कॉमर्स विशेषज्ञ नितेश गुप्ता को मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान

▶ 'बॉर्डरलेस कॉमर्स' पुस्तक के लिए मिला प्रशस्ति प्रमाणपत्र

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**




नगर के युवा लेखक एवं ई-कॉमर्स विशेषज्ञ नितेश गुप्ता को उनकी चर्चित पुस्तक 'बॉर्डरलेस कॉमर्स' के लिए यूरोपियन बुक ऑफ ग्लोबल रिकॉर्ड्स-2026 द्वारा प्रशस्ति प्रमाणपत्र (सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिएशन) से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया, जिसमें साहित्य, शिक्षा, नवाचार तथा विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया। यह सम्मान वैश्विक व्यापार, सीमापार ई-कॉमर्स और डिजिटल नवाचार के क्षेत्र में उनके शोधपरक लेखन एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

संस्था ने अपने प्रशस्ति पत्र में नितेश गुप्ता के कार्यों को नवाचार, उद्यमिता तथा वैश्विक व्यापार की नई सोच को बढ़ावा देने वाला बताया है। नितेश गुप्ता की पुस्तक 'बॉर्डरलेस कॉमर्स' में अंतरराष्ट्रीय व्यापार, डिजिटल मार्केटप्लेस, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और आधुनिक ई-कॉमर्स की बदलती दुनिया को सरल एवं सहज भाषा में प्रस्तुत किया गया है। यह पुस्तक देश-विदेश के उद्यमियों, नवप्रवर्तक स्टार्टअप, विद्यार्थियों तथा व्यवसायिक पेशेवरों के बीच लोकप्रिय हो रही है। पुस्तक अमेज़न और फ्लिपकार्ट जैसे प्रमुख ऑनलाइन मंचों पर उपलब्ध है, जहाँ पाठकों ने इसे सराहा है। छिबरामऊ जैसे छोटे नगर से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले नितेश गुप्ता की यह उपलब्धि जनपद कन्नौज एवं प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। शिक्षकों, साहित्यकारों, सामाजिक संगठनों और बुद्धिजीवियों ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि उनकी सफलता युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। परिवार में भी खुशी का माहौल है। उनकी माता ने इसे ईश्वर की कृपा और वर्षों की मेहनत का प्रतिफल बताया, जबकि भाई निखिल गुप्ता और उनकी पत्नी ने इस सम्मान को नितेश की लगन, अनुशासन और निरंतर सीखने की भावना का परिणाम बताया।

## एक जनपद-एक व्यंजन योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन शुरू

**कन्नौज।** जिले की प्रसिद्ध गट्टा मिठाई और खोया के पेड़ा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने एक जनपद-एक व्यंजन योजना के तहत वित्तीय सहायता देने का निर्णय लिया है। जिले में 12 इकाइयों को योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए पात्र उद्यमियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। लघु उद्योग केंद्र के उपायुक्त उद्योग प्रेमकांत ने बताया कि योजना के तहत गट्टा मिठाई और खोया के पेड़ा से जुड़े नए या संचालित उद्योगों को बैंक के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही परियोजना लागत के आधार पर 25 प्रतिशत तक मार्जिन मनी सहायता मिलेगी। 25 लाख रुपये तक की परियोजनाओं पर 25 प्रतिशत, 25 से 50 लाख तक पर अधिकतम 6.25 लाख रुपये या 20 प्रतिशत तथा 50 लाख से 1.50 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं पर 10 लाख रुपये या 10 प्रतिशत मार्जिन मनी का प्रावधान है।

# नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' के दीर्घायु के लिए हुआ सुंदरकांड पाठ



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

▶ हवन पूजन, प्रसाद वितरण के बाद पौधारोपण
▶ सर्व समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

श्री गंगेश्वर नाथ मंदिर परिसर में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी का पुनप्राप्ति जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए सुंदरकांड पाठ, हवन पूजन और फिर प्रसाद वितरण के बाद पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में सर्व समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिव के दरबार में शिव आराधना में उपयोग होने वाले सबसे महत्वपूर्ण बेलपत्र, आंवला, शमी जैसे पौधों को शिव भक्तों को टीम और पर्यावरण प्रहरी प्रकृति के रक्षक के सदस्यों ने इस संकल्प के साथ वितरित किया कि प्रसाद स्वरूप पौधा प्राप्त करने वाले सभी लोग अपने-अपने पौधे का संरक्षण भी करेंगे ताकि पृथ्वी को आने वाली आपदाओं से बचाने में अपना सहयोग कर सकें।

इंजीनियर पियूष गुप्ता के संयोजन में हुए कार्यक्रम में प्रदीप गुप्ता पूर्व जिला पंचायत सदस्य, रविंद्र गुप्ता, आनंद गुप्ता महिंद्रा ट्रैक्टर एजेंसी, दिलीप गुप्ता मंडल अध्यक्ष भाजपा, आनंद गुप्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा, कृष्ण अवतार गुप्ता, रजत त्रिपाठी, शशांक मिश्रा, विपिन द्विवेदी, शिप्रा द्विवेदी, स्नेहलता द्विवेदी, लता गुप्ता, मुस्कान गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, रोहित गुप्ता, वैभव गुप्ता, पवन गुप्ता, राहुल गुप्ता, पंकज गुप्ता, सक्षम गुप्ता, शैलेंद्र गुप्ता समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## लापता युवक का आम के पेड़ से लटका मिला शव, परिवार में कोहराम



**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र की प्रेमपुर चौकी अंतर्गत ग्राम भरौली सिरकनेपुर में शुक्रवार सुबह 26 वर्षीय युवक का शव आम के पेड़ से लटका मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। युवक गुरुवार शाम से लापता था। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतक की पहचान भरौली सिरकनेपुर निवासी मनीष कुमार (26) पुत्र रामविलास के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार मनीष गुरुवार शाम करीब चार बजे घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों और ग्रामीणों ने रातभर उसकी तलाश की, मगर कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार सुबह खेतों की ओर गए ग्रामीणों ने गांव के बाहर एक आम के पेड़ पर सफेद गमछे के सहारे मनीष का शव लटका देखा। सूचना मिलने पर प्रेमपुर चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटना की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मनीष चार भाइयों में दूसरे नंबर पर था। उसकी तीन बहनों की शादी हो चुकी है। परिवार घटना से स्तब्ध है। चौकी प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्पष्ट पुष्टि हो सकेगी।

# विभागीय मंत्री के क्षेत्र में बिजली समस्या से जूझे उपभोक्ता

**गुरुवार की रात विस्फोटक आवाज के साथ तिर्वा खैरनगर मार्ग पर स्थित 400 के.वी के ट्रांसफार्मर जला**

**तिर्वा/कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



तिर्वा नगर में स्थित 400 के.वी का ट्रांसफार्मर गुरूवार की रात विस्फोटक आवाज के साथ जल गया। बिजली समस्या पैदा होने के कारण बिजली उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।

बताते चलें कि, तिर्वा/उमर्दा विधानसभा से विधायक और वर्तमान में ऊर्जा विभाग में कैलाश राजपूत कार्यरत विभागीय राज्यमंत्री हैं। इसके बाद भी तिर्वा नगर में बिजली की समस्या से बिजली उपभोक्ता जूझते नजर आ रहे हैं।

बीते गुरुवार की रात तिर्वा खैरनगर मार्ग पर नगर में स्थापित 400 के.वी का ट्रांसफार्मर तेज विस्फोटक आवाज के साथ जल गया। इससे नगर के कई मोहल्लों की आपूर्ति प्रभावित हो गई। बता दें कि, ट्रांसफार्मर जलने से बिजली आपूर्ति प्रभावित होने के कारण नगर के मुख्य मार्ग सहित मंडीबाजार, सुभाष नगर, लोहिया नगर सहित अन्य आसपास के बिजली उपभोक्ता बड़ी संख्या में प्रभावित हुए। बिजली समस्या के कारण जहां बड़ी संख्या में बिजली उपभोक्ता शुक्रवार को सुबह से शाम तक पानी की समस्या से लेकर मौसम की उमस भरी चिपचिपाती गर्मी से जूझते नजर आए,वहीं बिजली संचालित उनके कारोबार पर भी व्यापक प्रभाव पड़ा। शुक्रवार की देर सायं तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी।

मामले में उपखंड अधिकारी अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि, नगर में आकस्मिक बिजली समस्या आने पर अतरिक्त ट्रांसफार्मर मौजूद था, लेकिन बीते समय गुरसहायगंज चला गया था। नगर में बीते गुरुवार की रात ट्रांसफार्मर जल गया था। नया ट्रांसफार्मर फर्रुखाबाद से दोपहर एक बजे के करीब लोड करवाया गया है। शाम तक ट्रांसफार्मर आ जाएगा और देर सायं तक बिजली आपूर्ति बहाल हो जाएगी।

## नगर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष मनोज गुप्ता का मनाया जन्मदिन, पत्रकारों ने दी बधाई



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार मनोज गुप्ता का जन्मदिन पत्रकारों और मीडिया कर्मियों की उपस्थिति में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी ने केक काटकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और मनोज गुप्ता के दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की गई। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार पूर्व सभासद ज्ञानेंद्र गुप्ता तथा वरिष्ठ पत्रकार संजय द्विवेदी ने कहा कि गुप्ता ने नगर प्रेस क्लब के अध्यक्ष रहते हुए पत्रकारों के हितों के लिए लगातार काम किया। उनकी सादगी, मिलनसारिता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण अनुकरणीय है। हम सभी उनके स्वस्थ और सफल जीवन की कामना करते हैं। जन्मदिन समारोह में वरिष्ठ पत्रकार संजय द्विवेदी, ज्ञानेंद्र गुप्ता प्रदीप पाठक, उमर इदरीसी, संजीव त्रिपाठी, शकील अहमद इरशाद खान, सिद्धार्थ कौशल, संजीव सिंह चौहान, राजीव सिंह चौहान, अंशु दुबे, फहीम खान सहित बड़ी संख्या में पत्रकार एवं मीडिया कर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने साथ में भोजन किया और मनोज गुप्ता को जन्मदिन की बधाई दी।

# 12 जुलाई को स्कूलों में मनाया जाएगा पौधरोपण महायज्ञ-2026

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार के निर्देश पर 12 जुलाई 2026 को वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 का आयोजन किया जाएगा।

इसको लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कन्नौज पुष्पा सरोज ने जनपद के सभी माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को पत्र जारी कर आवश्यक निर्देश दिए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने कहा कि केवल औपचारिकता न हो। इसमें स्कूलों के छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि अगली पीढ़ी वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन के प्रति संवेदनशील बने। उन्होंने सभी प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया कि 12 जुलाई को विद्यालयों में कार्यशाला आयोजित की जाए। इसमें छात्रों को वृक्षारोपण, पौधों की देखभाल और जलवायु पर प्रभाव की जानकारी दी जाए। साथ ही वाद-विवाद, निबंध और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं भी कराई जाएं।

**निबंध के विषय-** 1. जन-जन की भागीदारी, हरित आवरण की तैयारी 2. वृक्षारोपण का जलवायु परिवर्तन पर प्रभाव 3. वृक्षारोपण का महत्व 4. पर्यावरण संरक्षण

**प्रश्नोत्तरी के प्रश्न-**1. वृक्षारोपण किस दिनांक को मनाया जाता है 2. वृक्षारोपण अभियान वर्ष-2026 की विषय-वस्तु क्या है 3. चिपको आंदोलन मुख्य रूप से किसके संरक्षण के लिए चलाया गया था 4. औषधीय पौधों के नाम 5. छायादार पौधों / फलदार पौधों के नाम जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने कहा कि वृक्षारोपण में विद्यालय पारिस्थितिकी मंडल, राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना, स्काउट एवं गाइड के सदस्यों की विशेष भागीदारी सुनिश्चित की जाए। अभिभावक-शिक्षक बैठक के माध्यम से अभिभावकों और विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को भी प्रेरित किया जाए। इस बार अभियान की विषय-वस्तु एक पेड़ माँ के नाम रखी गई है। इसके लिए https://ecoclubs.education.gov.in पर पंजीकरण कराया जाए। उन्होंने आगे कहा,कियथासंभव स्थानीय प्रजाति के साथ फलदार और सहजन के पौधे लगाए जाएं। इससे भविष्य में प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत छात्रों को लाभ मिलेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी विद्यालयों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम के चलचित्र और छायाचित्र विद्यालय के नाम के साथ व्हाट्सएप समूह पर अनिवार्य रूप से भेजें।

## उमरा के लिए रवाना हुए जायरीन, परिजनों ने दी विदाई



**छिबरामऊ, कन्नौज।** क्षेत्र के कई जायरीन शुक्रवार शाम दिल्ली स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उमरा की पवित्र यात्रा के लिए रवाना हुए। उड़ान से पहले परिजनों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने फूल-मालाएं पहनाकर तथा गले मिलकर उन्हें भावभीनी विदाई दी। सभी ने जायरीन के सुरक्षित सफर, कुशलतापूर्वक इबादत और सकुशल वापसी की दुआ की। नगर के मोहल्ला जिलापुरी निवासी जुनैद अंसारी पुत्र जावेद अंसारी अपनी दादी शहीदा बानो पत्नी मुस्तफा अंसारी तथा नानी मीना बेगम पत्नी सरफुद्दीन के साथ शुक्रवार तड़के करीब दो बजे छिबरामऊ से दिल्ली के लिए रवाना हुए। इसके बाद शुक्रवार शाम करीब पांच बजे उन्होंने दिल्ली से उमरा के लिए उड़ान भरी। रवाना होने से पहले जायरीन ने पवित्र यात्रा पर जाने की खुशी व्यक्त करते हुए देश, प्रदेश और समाज में अमन-चैन, भाईचारा, खुशहाली और तरक्की के लिए विशेष दुआ करने की बात कही। परिजनों ने बताया कि उमरा यात्रा की तैयारियां लंबे समय से चल रही थीं और सभी आवश्यक दस्तावेज तथा अन्य औपचारिकताएं पहले ही पूरी कर ली गई थीं। क्षेत्रवासियों ने सभी जायरीन को शुभकामनाएं देते हुए उनकी यात्रा मंगलमय और सकुशल वापसी की कामना की। इस दौरान पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी के पुत्र जुनैद सिद्दीकी, रशीद अंसारी लकी टेलर, इमाद अंसारी, नसरा, फरहान, लकी, जीशान उर्फ मुन्ना अंसारी, फैजान, नावेद, राजू अंसारी, बसु खान, शानू मंसूरी, अफजाल व बहारुद्दीन सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# चोरों ने एक ही गांव के तीन घरों को बनाया निशाना, लाखों के जेवर और नकदी किए पार

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली क्षेत्र की कुंवरपुर कंडौली चौकी अंतर्गत ग्राम नौगाहे में बुधवार रात बेखौफ चोरों ने एक ही गांव के तीन घरों को निशाना बनाते हुए सेंधमारी करके लाखों के जेवरात और नगदी चोरी कर दहशत फैला दी। चोरों ने जगदीश पुत्र कोमिल प्रसाद के मकान की पीछे की दीवार में सेंध लगाकर घर में रखे दो सोने की अंगूठियां, एक जोड़ी झुमकी, एक जोड़ी कुंडल, एक सोने का मंगलसूत्र, चांदी का कमरबंध (गुरछा), पायल तथा पांच हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। पीड़ित जगदीश ने बताया कि उन्होंने हाल ही में मक्का और मूंगफली की फसल बेचकर गिरवी रखे गए जेवर छुड़ाए थे, जिन्हें चोर अपने साथ ले गए। इसके बाद चोरों ने जगदीश के बड़े भाई अरविंद पाल तथा ग्रामीण स्वराम पुत्र बेचे के घरों में भी सेंध लगाई, लेकिन वहां कोई कीमती सामान हाथ नहीं लग सका। गुरुवार सुबह घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने आसपास तलाश की तो गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर कल्लन दुबे के खेत में चोरों द्वारा छोड़ा गया बक्सा बरामद हुआ।

बक्से का सामान खेत में बिखरा पड़ा था, जबकि कीमती जेवर और नकदी गायब थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बाद ग्रामीणों के मन में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# कुंवरपुर बनवारी की ग्राम चौपाल में सुनी गईं जनसमस्याएं

▶ साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुंवरपुर बनवारी में शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच बनी। चौपाल में एडीओ पंचायत रवी प्रताप सिंह, पंचायत सचिव आदित्य कुमार तथा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शाहिद मंसूरी ने ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने गांव की गलियों में जलभराव, नालियों की सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए तथा गांव का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों की देखरेख में गर्भवती महिला शिवानी की गोद भराई की रस्म भी संपन्न कराई गई, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य योजनाओं के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इसके बाद आरबीआई और नाबार्ड के सहयोग से आरोह फाउंडेशन द्वारा वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। फाइनेंशियल काउंसलर सूरज सविता ने अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और जीवन ज्योति बीमा योजना की जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल अरेस्ट, डिजिटल किडनैपिंग, ओटीपी और यूपीआई धोखाधड़ी, फर्जी वीडियो कॉल तथा संदिग्ध लिंक से बचने के उपाय बताते हुए बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करने की सलाह दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# बाबा बर्फानी के दर्शन कर सकुशल लौटे 53 श्रद्धालु का मयंक गुप्ता ने किया स्वागत

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर के 53 श्रद्धालु बाबा बर्फानी श्री अमरनाथ जी के दर्शन कर सकुशल अपने घर वापस लौट आए हैं। 25 जून को यात्रा पर गए भक्तों का नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने स्वागत कर बधाई दी। इस अवसर पर मयंक गुप्ता ने कहा, कि बाबा बर्फानी की कृपा से हमारे नगर के सभी श्रद्धालु सुरक्षित दर्शन कर वापस लौटे हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है। भूखे को अन्न, प्यासे को पानी देने वाले बाबा अमरनाथ सबकी मनोकामना पूर्ण करें। जय बाबा बर्फानी। स्वागत के दौरान निर्मल गुप्ता ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता को बाबा बर्फानी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया।

यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं में निर्मल गुप्ता, दीपक गुप्ता, रचित चौरसिया, गोपाल गुप्ता, शैलेंद्र सैनी, भैया लाल दुबे, विनीता सैनी, आरती गुप्ता, मीना देवी, दीपू माथुर, शाहिद आदि शामिल थे। एक यात्रा, 10 तीर्थधाम के दर्शन आयोजकों ने बताया कि इस बार यात्रियों के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। यात्रा बस गोवर्धन, बरसाना, वृंदावन, खाटू श्याम जी, अमृतसर, वाघा बॉर्डर, श्रीनगर, श्री अमरनाथ जी, माता वैष्णो देवी और ऋषिकेश इन 10 धामों से होते हुए गई थी। दर्शन के बाद वापसी भी इसी मार्ग से हुई। आयोजकों का कहना है कि इस एक ही यात्रा में श्रद्धालुओं को ब्रज, राजस्थान, पंजाब और उत्तराखंड के प्रमुख तीर्थों के दर्शन का सौभाग्य मिला।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**तिर्वा/कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

▶ इंदरगढ़ के महाद्विरा गांव के बाहर मिला शव
▶ पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया



तिर्वा तहसील के इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के महाद्विरा गांव के बाहर शुक्रवार सुबह एक 26 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच की जा रही है। महाद्विरा गांव निवासी ब्रह्मादीन के पुत्र शिवम का शव सुबह खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने पेड़ से लटका देखा। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और मृतक की पहचान शिवम के रूप में हुई। मृतक के पिता ब्रह्मादीन की सूचना पर इंदरगढ़ थानाध्यक्ष विनोद कुमार कश्यप पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष विनोद कुमार कश्यप ने बताया कि युवक की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।स्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एसपी ने परेड की सलामी लेकर परखी पुलिसकर्मियों की फिटनेस

**कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर पुलिसकर्मियों की फिटनेस और अनुशासन का जायजा लिया। परेड के निरीक्षण के बाद उन्होंने जवानों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का संदेश देते हुए दौड़ लगवाई। साथ ही टोलीवार ड्रिल कराकर उसकी गुणवत्ता परखी और प्रभारी पुलिस लाइन को इसे और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

एसपी ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों से शस्त्र अभ्यास भी कराया। इसके बाद परिवहन शाखा का निरीक्षण कर पुलिस लाइन में उपलब्ध वाहनों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने जीडी कार्यालय, क्वार्टर गार्ड, शस्त्रागार, पुलिस कैंटीन, बैरक, स्टोर रूम, भोजनालय, कंट्रोल रूम, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम, आरओआईपी, यूपी-112 सहित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांचीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी तिर्वा एवं लाइन कुलवीर सिंह, प्रतिसार निरीक्षक तथा अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। एसपी ने पुलिस लाइन की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए रखने तथा अनुशासन एवं कार्यकुशलता में निरंतर सुधार पर जोर दिया।

# सांसद निधि से धार्मिक स्थलों पर लगेंगी सोलर लाइटें

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिले के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर जल्द ही सांसद निधि से सोलर लाइटें लगाई जाएंगी। कन्नौज सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की सांसद निधि से इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर पोर्टल पर अपलोड किया गया है।

प्रस्ताव के अनुसार विकास खंड जलालाबाद के मठिया स्थित शिव मंदिर, मिरगांव के बजरंगबली मंदिर, खिराजपुर के गामा देवी मंदिर, रामपुर निवादा रेगावा के बालाजी मंदिर, परसपुर सरैया के बजरंगबली मंदिर तथा अनौगी के काली देवी मंदिर सहित कई धार्मिक स्थलों को योजना में शामिल किया गया है। इसके अलावा गुगरापुर विकास खंड के चिंतामणि मंदिर, मामा भोले मंदिर, स्वामी हरिश्चंद्र आश्रम, करीमपुर आश्रम और भिम्मापुरवा कटरी अमीनाबाद स्थित शिव मंदिर पर भी सोलर लाइटें लगाने का प्रस्ताव भेजा गया है। सदर क्षेत्र के माड़ीवी देवी मंदिर, कुतलूपुर के हाजारा महादेव मंदिर तथा नगर के ठकुराना मोहल्ले स्थित सिद्धनाथ बाबा मंदिर और बाबा पंचमुखी महादेव मंदिर, भटपुरी भी इस सूची में शामिल हैं। सपा नेता जय कुमार तिवारी (बउअन) और समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन ने बताया कि सभी प्रस्ताव सांसद निधि पोर्टल पर अपलोड कर दिए गए हैं।

# छात्र संसद भविष्य के नेतृत्व की पहली पाठशाला: कैलाश राजपूत



**तिर्वा/कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तिर्वा में शुक्रवार को छात्र संसद का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश के ऊर्जा राज्यमंत्री कैलाश राजपूत ने छात्र संसद के 34 मंत्रियों और 52 सांसदों को पद, कर्तव्यनिष्ठा एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि छात्र संसद विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और समाज सेवा की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। छात्र संसद में कक्षा नौ के मोहन प्रताप सिंह को प्रधानमंत्री और कक्षा 12 की शैला कटियार को प्रधानमंत्री (कन्या भारती) बनाया गया। अक्षत पोरवाल एवं अंजली यादव ने उपप्रधानमंत्री पद की शपथ ली। गौरव सिंह व भावना मिश्रा को अनुशासन मंत्री, काव्या भदौरिया को सूचना एवं प्रसारण मंत्री, अनामिका को स्वास्थ्य मंत्री तथा यशवर्धन राठौर को विज्ञान मंत्री का दायित्व सौंपा गया।

मुख्य अतिथि कैलाश राजपूत ने कहा कि छात्र संसद भविष्य के नेतृत्व की पहली पाठशाला है। इससे विद्यार्थियों में जिम्मेदारी, निर्णय क्षमता और लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास होता है। छात्र संसद प्रमुख आचार्य सुशील त्रिपाठी ने संसद की आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन वीरेश एवं आचार्य सुशील त्रिपाठी ने किया, जबकि आचार्य ज्ञानेश ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



# लोडर की टक्कर से पिता-पुत्र की मौत, पुत्री गंभीर

**कम्पिल/कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

लोडर की टक्कर से पिता पुत्र की मौत हो गई। जबकि पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मृतक के शव को पीएम के लिए भेज दिया। मौत की खबर पर स्वजन बिलखने लगे।

जानकारी के अनुसार जनपद एटा के थाना जैथरा के गांव कुंवरपुर निवासी 35 वर्षीय सुनील जाटव अपने 12 वर्षीय पुत्र सुनील व 10 वर्षीय पुत्री सौम्या के साथ पत्नी पिंकी को बुलाने के लिए बाइक से जनपद बदायूं के गांव अटैना जा रहे थे। कंपिल अटैना मार्ग पर पुल के निकट पीछे से आ रहे अनियंत्रित लोडर ने टक्कर मार दी। जिससे तीनों बाइक सवार सड़क पर जा गिरे। जिससे पिता पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई।



मृतक पिता-पुत्र का फाइल फोटो



अस्पताल में भर्ती घायल



जांच पड़ताल करती पुलिस

राहगीरों ने लोडर का पीछा किया, लेकिन चालक लोडर लेकर मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना थाना पुलिस व मृतक के स्वजनों को दी।

मौके पर पहुंचे स्वजन शव देखकर बिलखने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। घायल सौम्या को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। प्राथमिक उपचार के बाद सौम्या को भी लोहिया रेफर किया गया।

थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया शव पीएम के लिए भेज दिए गए हैं। घायल किशोरी को इलाज के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# अमृत सरोवरों के संरक्षण एवं नियमित अनुरक्षण का कार्य निरंतर जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण कपिल कुमार ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत जनपद में वर्ष 2022-23 के दौरान 100 अमृत सरोवरों का निर्माण कराया गया। इनमें 75 अमृत सरोवर ग्राम पंचायत स्तर, 20 क्षेत्र पंचायत स्तर, 04 जिला पंचायत स्तर तथा 01 अमृत सरोवर लघु सिंचाई विभाग द्वारा विकसित किया गया। अमृत सरोवरों के निर्माण के उपरांत प्रत्येक वर्ष ग्राम पंचायतों द्वारा इनकी नियमित साफ-सफाई एवं अनुरक्षण कराया जाता रहा है। साथ ही शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय पर्वों एवं विशेष अवसरों जैसे 15 अगस्त, 26 जनवरी, 02 अक्टूबर, विश्व पर्यावरण दिवस तथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी इन सरोवरों पर किया जाता है। इन आयोजनों के फोटोग्राफ एवं विवरण समय-समय पर शासन को प्रेषित किए जाते रहे हैं। वर्तमान में कुछ अमृत सरोवरों पर मौसमी रूप से हल्की झाड़ियां एवं घास उग आई हैं, जिनकी ग्राम पंचायत स्तर पर साफ-सफाई का कार्य कराया जा रहा है। संबंधित कार्यों की प्रगति का अभिलेखीकरण भी किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में मनरेगा योजना के स्थान पर विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण लागू किए जाने की प्रक्रिया के कारण पूर्व में मनरेगा से कराए जाने वाले कार्यों का समापन कर दिया गया है। इसके चलते कुछ समय के लिए अमृत सरोवरों पर श्रमिकों के माध्यम से कराए जाने वाले अनुरक्षण कार्य प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि नई योजना की गाइडलाइन के अनुरूप आवश्यकतानुसार अमृत सरोवरों की साफ-सफाई संरक्षण एवं अनुरक्षण का कार्य नियमित रूप से कराया जाएगा। जिससे इन जलाशयों की उपयोगिता एवं सौंदर्य बनाए रखा जा सके। जनपद प्रशासन अमृत सरोवरों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।



अमृत सरोवरों के संरक्षण कार्यक्रम में मौजूद लोग

# मकान नाम कराने को लेकर पुत्र ने मां-बाप को पीटा

- पीड़ित का कहना है कि बेटा देता है धमकी



जानकारी देते पीड़ित

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र के गांव वहवलपुर में बेटे ने मकान अपने नाम कराने के लिए माता-पिता के साथ मारपीट कर दी। आए दिन होने वाली मारपीट और धमकियों से परेशान पिता ने पुलिस से गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के गांव वहवलपुर निवासी 62 वर्षीय सुनील कुमार पुत्र दयाशंकर ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनका बड़ा बेटा अश्वनी मकान अपने नाम करवाने के पीछे पड़ा है। मकान के लालच में वह आए दिन घर में उत्पात मचाता है। आरोप है कि बेटा पहले मां के साथ मारपीट करता है। जब पिता बीच-बचाव करते हैं तो उनके साथ भी गाली-गलौज करते हुए मारपीट करता है। पीड़ित का कहना है कि बेटा धमकी देता है बेटे के इस आतंक से पूरा परिवार दहशत में जीने को मजबूर है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद दोषी बेटे के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## देवर ने परिजनों के साथ मिलकर मां-बेटी को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** देवर व परिजन ने मां-बेटी को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने देवर व परिजनों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव सिरौली निवासी मिथलेश पत्नी विक्रम शुक्रवार सुबह लगभग ग्यारह बजे घर पर थी। उसी दौरान नशे की हालत में घर आए देवर व उसके परिजनों ने मिथलेश को गाली-गलौज किया। विरोध करने पर देवर व परिजनों ने मिथलेश को लाठी-डंडों से मारपीट करना शुरू कर दिया। मिथलेश को बचाने आई पुत्री दिव्या को भी मारपीट की। इस दौरान परिजनों ने घर व जमीन में हिस्सा न देने की धमकी दी। थाने पहुंची मिथलेश पत्नी विक्रम ने पुलिस को घटना की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# बहन के घर आये युवक का पेड़ पर लटका मिला शव

- कई दिन से था लापता, पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर की जांच

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

बहन के घर आये युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उस समय लटका मिला जब ग्रामीण शौच के लिए खेतों की ओर गये। ग्रामीणों ने देखा कि एक शव पेड़ से लटक रहा है और उसमें दुर्गंध आ रही है, इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किये। जानकारी के अनुसार जनपद हरदोई के थाना अरवल क्षेत्र के शेखपुर निवासी राजू पुत्र राम सिंह 29 जून को अपनी बहन गुड्डी देवी पत्नी राजेश निवासी कमालगंज के क्षेत्र अखमेलपुर के यहां आया था। 30 जून की सुबह राजू शौच जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। राजू के वापस न लौटने पर उसके बहनोई राजेश ने उसकी तलाश शुरू की। राजेश ने राजू के मोबाइल पर कई बार संपर्क किया, जिस पर राजू ने बताया कि वह कानपुर चला गया है। इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया और उससे कोई संपर्क नहीं हो सका। राजेश ने अपने रिश्तेदारों के साथ राजू की तलाश जारी रखी और खुदागंज चौकी पुलिस को उसकी गुमशुदगी की सूचना दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की खोजबीन शुरू कर दी थी। शुक्रवार सुबह गांव का एक ग्रामीण शौच के लिए गया, तो उसने एक पेड़ पर शव लटका देखा। सूचना मिलने पर खुदागंज चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे। हुलिए के आधार पर उन्हें आशंका हुई कि यह शव उसी युवक का हो सकता है जिसकी गुमशुदगी दर्ज थी। इसके बाद बहनोई राजेश को बुलाया गया। जिन्होंने शव की पहचान राजू के रूप में की। थाना प्रभारी रामसहाय सिंह भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। मृतक के बहनोई राजेश ने बताया कि राजू दिल्ली में रहकर कुल्फी बेचने का काम करता था। वह तीन भाई हैं तथा उसकी माता का नाम रामवती है। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों बाद राजू को लड़की वाले देखने आने वाले थे, लेकिन उससे पहले ही यह घटना हो गई। शव दो से तीन दिन पुराना लग रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



मृतक का फाइल फोटो



जांच पड़ताल करती पुलिस

# नोएडा में कायमगंज निवासी इंजीनियर की मौत

- ड्यूटी जाते समय नाले में करंट उतर आने से घटी घटना
- दादा रामविलास बोले बेटे को खोने के बाद आर्यन को पढ़ा-लिखाकर बनाया था इंजीनियर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बारिश में सड़कों पर भरे पानी और लापरवाही ने एक युवक की मौत हो गयी। नोएडा में गुरुवार को ड्यूटी पर जा रहे कायमगंज नगर के मोहल्ला कूंचा निवासी 23 वर्षीय बीटेक इंजीनियर आर्यन प्रजापति पुत्र संजय प्रजापति की नाले में उतरे करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। वह नोएडा की एक सोलर पैनल एवं इन्वर्टर कंपनी में इंजीनियर था। गुरुवार सुबह वह ड्यूटी के लिए निकला था। रास्ते में बारिश के कारण भारी जलभराव था। इसी दौरान उसका पैर फिसला और वह नाले में गिर गया। नाले में हाई-वोल्टेज करंट प्रवाहित हो रहा था। करंट लगते ही उसकी मौके पर ही मौत हो गई। करंट के डर से आसपास के लोग उसे बचा नहीं सके।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहले बिजली कटवाई, फिर शव को बाहर निकाला। वहां से गुजर रही एक महिला सहकर्मी ने आर्यन को पहचान कर कंपनी को सूचना दी। कंपनी ने मोबाइल से परिजनों को खबर दी। आर्यन के पिता संजय प्रजापति का 5 साल पहले निधन हो चुका है। इसके बाद आर्यन ने पढ़ाई पूरी कर परिवार की जिम्मेदारी संभाली थी। वह मां रानी का इकलौता बेटा और घर का एकमात्र कमाने वाला था। बेटे की मौत की खबर सुनते ही मां रानी और चाचा मोहित नोएडा के लिए रवाना हो गए। दादा रामविलास ने बताया बेटे को खोने के बाद आर्यन को पढ़ा-लिखाकर इंजीनियर बनाया था। अब वही हमें छोड़कर चला गया। परिजनों में कोहराम मच गया।



मृतक का फाइल फोटो



रोते बिलखते परिजन

## तहसील रोड पर जाम से मिली निजात

# पुलिस ने काटे 16 बाइकों के चालान



बाइक का चालान करती पुलिस

- अतिक्रमण पर कस्बा चौकी इंचार्ज अंकुर भाटी का एक्शन
- पुलिस की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों ने ली राहत की सांस

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

तहसील रोड पर आए दिन लगने वाले जाम से लोगों को राहत दिलाने के लिए पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। शुक्रवार को कस्बा चौकी इंचार्ज अंकुर भाटी के नेतृत्व में अतिक्रमण कर सड़क किनारे खड़ी की गई 16 दो पहिया वाहनों का ऑनलाइन चालान काटा गया। तहसील रोड पर कस्बा चौकी, तहसील, सरकारी अस्पताल और मुंशिफ कोर्ट होने के कारण यहां दिनभर लोगों का आवागमन रहता है। तहसील और अस्पताल आने वाले लोग अपनी बाइकें सड़क किनारे खड़ी कर देते हैं। इससे रास्ता तंग हो जाता है और आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है। राहगीरों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जाम की शिकायतों को देखते हुए शुक्रवार को कस्बा चौकी इंचार्ज अंकुर भाटी, हेडकास्टेबल धरमेन्द्र तिवारी, कास्टेबल विजय गूर्जर, कांस्टेबल सचिन, कांस्टेबल सुरेश ने टीम के साथ तहसील रोड पर अभियान चलाया। इस दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े दो पहिया वाहनों का ऑनलाइन चालान काटा गया। साथ ही वाहन स्वामियों को हिदायत दी गई कि वह दोबारा सड़क पर अतिक्रमण न करें। कस्बा चौकी इंचार्ज अंकुर भाटी ने बताया कि 16 दो पहिया वाहनों के चालान किए गए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई भी बाइक चालक सड़क किनारे वाहन खड़ा कर जाम की स्थिति पैदा करेगा तो उसके खिलाफ आगे भी इसी तरह कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है।

## खबरें एक नजर में

### बाइक चालक के खिलाफ थाने में दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ पीड़ित ने तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज के गांव नगला झबरा निवासी अरविन्द पाल विगत 6 जुलाई को सुबह लगभग साढ़े ग्यारह बजे गांव बीसलपुर बांगर से बाइक से घर लौट रहे थे। अरविन्द जैसे ही जसमई करनपुर मार्ग पर स्थित ईंट भट्टे के समीप पहुंचे। उसी दौरान जसमई की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार ने अरविन्द पाल की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे अरविन्द पाल बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गए। लोगों की सूचना पर पहुंचे हरिओम पाल ने घायल पिता अरविन्द पाल को लोहिया अस्पताल भर्ती कराया। यहां से उपचार के बाद अरविन्द पाल को उपचार हेतु फर्रुखाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार थाने पहुंचे हरिओम पाल ने पुलिस को बाइक के अज्ञात चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

### दबंग पिता-पुत्र ने युवक को घर में घुसकर पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** दबंग पिता-पुत्र ने घर में घुसकर युवक को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव बघौना निवासी विमलेश कुमार शाक्य शुक्रवार सुबह लगभग नौ बजे अपने घर पर थे। उसी दौरान गांव का ही निवासी युवक व उसका पुत्र घर आया। और बेवजह विमलेश कुमार शाक्य को गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर युवक व उसके पुत्र ने विमलेश कुमार शाक्य को लाठी डंडों से मारपीट कर दी। पुलिस को विमलेश कुमार शाक्य ने युवक व उसके पुत्र के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### पास्को एक्ट में आरोपी पर दोषसिद्ध, सजा 13 जुलाई को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पॉक्सो एक्ट के मामले में न्यायालय विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रितिका त्यागी ने अभियुक्त संदीप कुमार पुत्र रामप्रकाश निवासी ग्राम ऊनरपुर थाना मेरापुर को दोषी करार दिया। सजा में बिंदु पर सुनवाई हेतु 13 जुलाई की नियत की है। मेरापुर थाना क्षेत्र की निवासी एक पीड़िता ने दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया था कि 8 मई 2017 को समय करीब 4:30 बजे जब अपने खेत में चारा काट रही थी, तो मेरे गांव का संदीप पुत्र प्रकाश यादव पीछे से आकर बुरी नियत से पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायालय विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रितिका त्यागी ने अभियुक्त संदीप कुमार पुत्र रामप्रकाश को धारा 8 पास्को एक्ट में दोषी करार दिया। सजा में बिंदु पर सुनवाई हेतु 13 जुलाई की नियत की है।

# जिलाधिकारी ने की जल जीवन मिशन की समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विभिन्न पेयजल योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

डीएम ने कहा कि जल जीवन मिशन शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाएं आपसी समन्वय स्थापित करते हुए लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करें। डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन योजनाओं के समस्त कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण किए जाएं। उन्होंने योजनाओं पर श्रमिकों की कम संख्या पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आवश्यकतानुसार श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिन 58 पेयजल योजनाओं का कार्य 75 से 100 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है, उन्हें माह सितम्बर तक हर हाल में पूर्ण कर संचालित करें। पूर्ण हो चुकी 71 पेयजल योजनाओं को शीघ्र अनुरक्षण एवं उनका नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक परिवार को निर्बाध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। अवगत कराया गया कि जनपद में कार्यदायी संस्था मै0 जीवीपीआर इंजीनियर्स लिमिटेड द्वारा अब तक 71 उच्च जलाशयों का निर्माण, 234 ग्रामों में नियमित पेयजल आपूर्ति तथा 64 योजनाओं का हर घर जल प्रमाणीकरण कराया जा चुका है। इसी प्रकार मै0 बीटीएल गंगा द्वारा 151 उच्च जलाशयों का निर्माण, 122 योजनाओं में नियमित पेयजल आपूर्ति तथा 176 योजनाओं का हर घर जल प्रमाणीकरण पूर्ण कराया जा चुका है।



बैठक लेती डीएम

# ग्राम सभा की बैठकों के जियो टैगिंग फोटो और वीडियो उपलब्ध कराएं: जिलाधिकारी

- ग्राम समितियां ग्रामीण क्षेत्र में प्लास्टिक प्रबंधन हेतु लोगों में जागरूकता संदेश प्रसारित करें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जनपद में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी का अभियान है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर स्थायी व्यवहार परिवर्तन की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जाएं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए तथा ग्राम पंचायतों में नियमित साफ-सफाई ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा स्वच्छता संबंधी गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकासखंड पर आयोजित ग्राम सभा की बैठकों के जियो टैगिंग फोटो और वीडियो उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित सभी सामुदायिक शौचालय खुले रहें और सामुदायिक शौचालयों पर तैनात केयरटेकर को भुगतान समय से पूर्ण किया जाए। सामुदायिक शौचालयों का नियमित उपयोग सुनिश्चित कराया जाए तथा उनकी साफ-सफाई एवं रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिन ग्राम पंचायतों में स्वच्छता संबंधी कार्य प्रगति पर हैं, उन्हें शीघ्र पूर्ण कराया जाए तथा कार्यों की नियमित निगरानी की जाए। विकासखंड स्तर पर नामित ग्राम समितियां ग्रामीण क्षेत्र में प्लास्टिक प्रबंधन हेतु लोगों में जागरूकता संदेश प्रसारित करें। उन्होंने कहा कि आरआरसी केंद्रों के संचालन में संतोषजनक कार्य न करने वाली कार्यदाई संस्थाओं के विरुद्ध कार्रवाई करें। 15 दिवस के भीतर विकासखंड बढ़पुर की ग्राम पंचायत याकूतगंज, विकासखंड मोहम्मदाबाद की ग्राम पंचायत सितवनपुर पितू एवं विकासखंड शमशाबाद की ग्राम पंचायत रम्पुरा की गौशाला में बायोगैस प्लांट को क्रियाशील करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी ने विभागीय प्रगति की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज 02 के अंतर्गत जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में 30 जून 2026 तक 34329 लाभार्थियों को प्रथम किस्त एवं 30853 लाभार्थियों को द्वितीय किस्त निर्गत की जा चुकी है, इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण में 158 लाभार्थियों को प्रथम किस्त तथा 1896 लाभार्थियों को द्वितीय किस्त की धनराशि का भुगतान किया जा चुका है।

जनपद में 570 आरआरसी केंद्रों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान समय में जनपद की 452 ग्राम पंचायत में डोर टू डोर कलेक्शन कर ग्राम पंचायतों के ओआरएस खाते में 99.06 लाख स्वच्छता शुल्क का भुगतान किया जा चुका है। जनपद में 02 प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का लक्ष्य प्राप्त था, जिसके सापेक्ष विकासखंड कायमगंज की ग्राम पंचायत बहबलपुर एवं राजेपुर की ग्राम पंचायत हरसिंहपुर गहलवार में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। विकासखंड बढ़पुर की ग्राम पंचायत याकूतगंज, विकासखंड मोहम्मदाबाद की ग्राम पंचायत सितवनपुर पितू एवं विकासखंड शमशाबाद की ग्राम पंचायत रम्पुरा की गौशाला में बायोगैस प्लांट का निर्माण कार्य एवं विद्युत कनेक्शन का कार्य पूर्ण करा लिया गया है।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) दिनेश कुमार, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण कपिल कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी अविनाश सिंह, जिला उद्यान अधिकारी राघवेंद्र सिंह, खंड विकास अधिकारी तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) से जुड़े संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक लेती डीएम मौजूद अधिकारीगण

# पारदर्शी तरीके से लॉटरी सिस्टम द्वारा तीन कोटे की दुकानों का हुआ आवंटन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जनपद के नगरीय क्षेत्रों में रिक्त चल रहीं तीन उचित दर दुकानों (राशन की दुकानों) के लिए चयन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) की अध्यक्षता में गठित चयन समिति ने सभी आवेदकों की मौजूदगी में लॉटरी सिस्टम के माध्यम से नए दुकानदारों (कोटेदारों) का चयन किया।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि नगर पालिका फर्रुखाबाद और नगर पंचायत शमशाबाद क्षेत्र में कुल 03 उचित दर की दुकानें रिक्त थीं। इन दुकानों के लिए प्राप्त आवेदनों की छंटनी के बाद पात्र पाए गए उम्मीदवारों के बीच लॉटरी निकाली गई। नगर पंचायत शमशाबाद पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड नं-16 यहाँ कुल 12 आवेदन प्राप्त हुए थे। अभिलेख अपूर्ण होने के कारण 03 आवेदनों को अपात्र कर दिया गया। शेष 09 आवेदनों में से लॉटरी के माध्यम से मुदित गुप्ता पुत्र राकेश कुमार गुप्ता का चयन किया गया। नगर पंचायत शमशाबाद रानी



लाटरी से पर्ची निकाला बच्चा

अवंतीबाई नगर वार्ड नं-17 इस वार्ड के लिए 10 आवेदन मिले थे। मौके पर ही 05 आवेदनों को अपात्र घोषित कर दिया गया। शेष बचे 05 आवेदनों पर लॉटरी निकाली गई, जिसमें विशुन प्रकाश पुत्र नरसिंह का चयन हुआ। नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद कुल 09 आवेदन प्राप्त हुए थे। आवश्यक अभिलेख पूरे न होने पर 03 आवेदन निरस्त किए गए। शेष 06 आवेदनों के बीच हुई लॉटरी में कुमारी अंशिका गौतम पुत्री वीरेन्द्र सिंह को चयनित किया गया। चयन समिति ने लॉटरी प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए लगभग 7 से 9 वर्ष के बच्चों के हाथों से लॉटरी की पर्चियां निकलवाईं। इसके साथ ही, चयन की पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई गई है। सभी चयनित आवेदकों को समिति द्वारा उसी समय तत्समय सूचित कर दिया गया है। साथ ही उन्हें यह भी निर्देशित किया गया है कि वे अपने शेष आवश्यक दस्तावेज अभिलेख जल्द से जल्द कार्यालय में उपलब्ध कराएं।

## जन चौपाल व ग्रीन चौपाल के तहत विधायक व बीडीओ ने सुनीं समस्यायें



नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

समस्यायें सुनीत विधायक व बीडीओ

शासनादेश के अनुसार चलाई जा रही जन चौपाल व ग्रीन चौपाल योजना के तहत कायमगंज विधायक तथा विकास खंडाधिकारी ने ग्राम पंचायत कड़िउली में कैम्प लगाकर जनता की समस्यायें सुनी।

विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कड़िउली में जन चौपाल ग्रीन चौपाल योजना के तहत विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान तथा क्षेत्रीय विधायक डॉ. सुरभि ने ग्राम पंचायत में पहुंचकर जनता की समस्यायें सुनी और सरकारी योजनाओं को धरातल पर लाने की रणनीति नणनीति बनाई। समस्याओं में सर्वप्रथम वरीयता वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन आदि के के बारे में जानकारी ली। वहीं पंचायत भवन कार्यालय पर बैठ रहे पंचायत सहायक से ग्रामीणों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। कूड़ा कलेक्शन, आवास सर्वे फार्मर रजिस्ट्री आदि के बारे में जनता से जानकारी लेते हुए अधिकारियों कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह, ग्राम पंचायत सचिव प्रवीण कुमार, पंचायत सहायक, ग्राम प्रधान प्रशासक शैलेंद्र सिंह यादव तथा तमाम ग्रामीण जनता मौजूद रही।

### आईटीआई में प्रवेश शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क एवं अन्य संस्थाओं में प्रवेश हेतु ऑन लाइन आवेदन 4 अगस्त तक लिये जायेंगे। इच्छुक अभ्यार्थी अपने शैक्षिक दस्तावेजों के साथ बेवसाइड या विद्यालय जाकर सम्पर्क करें। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

## प्रा.शि संघ की बैठक में समस्याओं पर हुई चर्चा



बीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षक नेता

▸ एरियर भुगतान आदि मांगों को लेकर बीएसए को सौंपा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की मासिक बैठक शिक्षक भवन बीएसए कार्यालय पर सम्पन्न हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान ने की। संचालन जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ला ने किया। बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई और 6 सूत्रीय शिक्षकों की समस्याओं को लेकर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि एरियर भुगतान बहुत समय तक लंबित रखे जाते है फिर भी उनको बिना कारण निरस्त किया जा रहा है। जबकि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है, ऐसा क्यों हो रहा है संगठन को अवगत कराया जाये। फार्म-16 जून माह ही उपलब्ध कराये जाये। जिससे जुलाई माह में समय से आईटीआर दाखिल किया जा सके। वेतन खाता परिवर्तन हेतु निर्देश जारी किया जाये। पात्र शिक्षकों का चयन, वेतन मान प्रक्रिया नवम्बर से बंद है, तत्काल शुरु करायी जाये। समायोजन में सरप्लस शिक्षकों की सूची रिक्त, स्कूलों की सूची जारी की जाये। तथा काउंसलिंग कराकर पद स्थापन किया जाये। एमडीएम योजना के खाता संचालन के लिए एसएमसी अध्यक्ष के साथ खाता बदलने का आदेश निर्गत किया जाये आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर राजेश यादव, बलवीर सिंह, अमित मिश्रा, ओम सिंह चौहान, गजेंद्र सिंह, शाहिद गौरी, मुन्ना लाल यादव, सत्यभान, उपेंद्र गंगवार, शैलेन्द्र चौहान, केपी सिंह, निर्देश गंगवार, देवेंद्र यादव, अमन कुमार, विमलेश शाक्य, सुबोध सिंह, नीतीश भदौरिया, विमलेश पाल, अरविंद यादव, ऊजैफ पठान, सुनील कुमार प्रजापति, सत्यभामा राठौर, अनुपम मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## रोड-शो में बजरंगबली का नृत्य कराकर हिन्दुओं की आस्था के साथ हुआ खिलवाड़



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते पदाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के जिलाध्यक्ष अभिषेक दुबे के नेतृत्व में राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। ज्ञापन कहां गया कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन नितिन के रोड शो के दौरान बजरंगबली का नृत्य कराया गया है, यह बेहद गलत और पूरे भारतवर्ष के हिंदुओं की आस्था के खिलाफ है, क्या हमारे आराध्य देव बजरंगबली इतने कमजोर हो गए कि भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष के सामने भारतीय जनता पार्टी का झंडा लेकर नृत्य करेंगे। राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा इसका विरोध करती है और ऐसे लोगों पर कार्यवाही की मांग करती है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अभिषेक दुबे, जिला प्रभारी देवेश नारायण अवस्थी, नानक राम दुबे, डॉ0 प्रवीण कुमार त्रिपाठी, डॉ0 अमित अवस्थी, विनय शुक्ला, अरुण दुबे, शिवम बाजपेई, दीपक गुप्ता मौजूद रहे।

## अमेरिकी सेना के द्वारा मारे गए भारतीय नाविकों की कराई जाये निष्पक्ष जांच

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में अमेरिकी शसस्त्र बल के द्वारा 3 भारतीय नाविकों की मृत्यु के संबंध में विरोध एवं रोष व्यक्त करते हुए संयुक्त राज्य अमेरिका के राजदूत एवं अमेरिकी दूतावास को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा। पदाधिकारियों ने मांग की कि अमेरिकी सशस्त्र बलों की कारवाही करते हुए 3 भारतीय नाविकों के प्रति दुःख प्रकट करते हुए गहरा शोक एवं चिंता व्यक्त की गई। जिसमें पदाधिकारियों ने कहा कि यह घटना भारत की जनता की भावनाओं को आहत करने वाली है तथा अंतराष्ट्रीय मानव मूल्यों अंतराष्ट्रीय मानवाधिकारों के संबंध में प्रश्न खड़े करती है, किसी समय भारत और अमेरिका के बीच वर्षों से लोकतांत्रिक मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं, ऐसे में इस घटना की निष्पक्ष जांच पारदर्शी प्रकटीकरण अत्यंत आवश्यक है। जिससे सत्य सामने आए एवं पीड़ित परिवारों को न्याय मिल सके। स्वदेशी जागरण मंच का मानना है समुद्री सेना में कार्यरत नागरिक नाभिकों की सुरक्षा करना सभी देशों का दायित्व है। घटना की स्वतंत्र निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराई जानी चाहिए। मृतक भारतीय नागरिकों को उचित मुआवजा के साथ न्याय प्रदान किया जाना चाहिए। एवं भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाये जाने चाहिए। भारत की जनता के प्रति सम्मान रखते हुए एवं भारतीय जनता की भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए, एवं सूचित कार्यवाही का स्पष्टीकरण सार्वजनिक किया जाना चाहिए। इस अवसर पर रागिनी त्रिवेदी, जूली शुक्ला, विपिन अवस्थी, शुभम द्विवेदी, चंद्रेश पाठक, साक्षी गुप्ता, शिप्रा द्विवेदी, अंकुर मिश्रा, राजेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



एडीएम को ज्ञापन सौंपते लोग

## विश्व जनसंख्या पखवाड़ा आज से शुरु

▸ महिलाएं एवं पुरुष निभा रहे अपनी जिम्मेदारी

▸ शादी के दो साल बाद ही बच्चे के जन्म की बना सकते हैं योजना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** परिवार को नियोजित कर न सिर्फजच्चा-बच्चा को स्वस्थ रखा जा सकता है, बल्कि बच्चों की बेहतर परवरिस कर उन्हें काबिल भी बनाया जा सकता है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के पास बास्केट ऑफ च्वाइस का विकल्प मौजूद है, इसमें स्थायी और अस्थायी साधनों को शामिल किया गया है। इन अस्थायी साधनों में से अपनी पसंद का साधन चुनकर शादी के दो साल बाद ही बच्चे के जन्म की योजना बना सकते हैं। इसके अलावा दो बच्चों के जन्म में कम से कम तीन साल का अंतर रख जच्चा-बच्चा को सेहतमंद रख सकते हैं। इस वित्तीय वर्ष 2026-27 में जून तक 1 पुरुष नसबंदी 126 महिला नसबंदी, 3420 आईयूसीडी, 2809 पीपीआईयूसीडी और 6492 महिलाओं ने अंतरा इंजेक्शन लगवा लिए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनंद उपाध्याय ने कहा कि हम सभी को परिवार की खुशहाली के लिए परिवार नियोजन के साधन अपनाने के बारे में सोचना होगा। जिले में महिलाएं साल दर साल परिवार नियोजन के साधन अपनाने में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहीं हैं। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सर्वेश यादव ने कहा कि जिले के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर 11 से 18 जुलाई तक समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर परिवार नियोजन की सेवा दी जाएगी। परिवार नियोजन के जनपद सलाहकार विनोद कुमार ने बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रतिदिन परिवार नियोजन के साधन वितरित किए जायेंगे और डॉ0 राममनोहर लोहिया चिकित्सालय महिला में प्रतिदिन महिला नसबंदी और पुरुष नसबंदी की जायेगी।

## गंगा का जलस्तर बढ़ने से कायमगंज में अलर्ट

▸ 113 गांवों को किया गया चिन्हित

कायमगंज,समृद्धि न्यूज।

मानसून के आगमन के साथ गंगा नदी के जलस्तर में हो रही वृद्धि को देखते हुए तहसील प्रशासन ने संभावित बाढ़ से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रशासन ने गंगा की जद में आने वाले 113 गांवों को अति संवेदनशील, संवेदनशील और सामान्य श्रेणियों में वर्गीकृत किया है। तहसील प्रशासन के अनुसार जलस्तर बढ़ने पर प्रभावित होने वाले गांवों को भौगोलिक स्थिति के आधार पर चिन्हित किया गया है। इसमें 22 गांवों को हाई फ्लड, 53 गांवों को मीडियम फ्लड, और 38 गांवों को लो फ्लड श्रेणी में रखा गया है। बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को तत्काल राहत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्षेत्र में 6 बाढ़ शरणालय स्थापित किए गए हैं। इन शरणालयों में अलर्ट जारी होते ही भोजन, दवाएं और अस्थायी आवास की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी निगरानी के लिए 15 बाढ़ चौकियां बनाई गई हैं। प्रत्येक चौकी की जिम्मेदारी राजस्व निरीक्षक को सौंपी गई है। उनके साथ लेखपाल, ग्राम पंचायत अधिकारी, स्वास्थ्य, पशुपालन एवं बाल विकास विभाग की टीमें तथा सफाई कर्मी 24 घंटे तैनात रहेंगे।



रोड पर भरा पानी

जलभराव की स्थिति में बचाव कार्य के लिए प्रशासन द्वारा 35 निजी नावें, 14 मोटरबोट और 28 प्रशिक्षित गोताखोरों को अनुबंधित किया गया है। उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष नावों की कमी के कारण उत्पन्न समस्या को देखते हुए इस बार वैकल्पिक व्यवस्था पर विशेष बल दिया गया है। आवश्यकता पड़ने पर पांचाल घाट से अतिरिक्त नावें एवं मोटरबोट मंगाई जाएंगी। एसडीएम ने बताया कि तहसील मुख्यालय पर एक केंद्रीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। आपात स्थिति में ग्रामीणों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए गंगा किनारे स्थित विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों की दीवारों पर बाढ़ राहत से संबंधित हेल्पलाइन नंबर अंकित कराए गए हैं। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे बाढ़ की स्थिति में अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी आपात स्थिति में कंट्रोल रूम से संपर्क करें।

## केमिस्ट एण्ड ड्रग एसोसिएशन ने ड्रग इंस्पेक्टर का किया स्वागत, हर स्तर पर सहयोग का दिया आश्वासन



ड्रग इंस्पेक्टर का स्वागत करते पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** केमिस्ट एण्ड ड्रग एसोसिएशन फतेहगढ़ की ओर से औषधि निरीक्षिका स्वागतिका घोष का शुक्रवार को गर्मजोशी के साथ पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष ब्रजकिशोर दुबे उर्फ पप्पू एवं महामंत्री पंकज अग्रवाल ने जनपद की नवांगतुक ड्रग इंस्पेक्टर को सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। कैमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की ओर से नगर के एक रस्टोरेंट में अध्यक्ष ब्रजकिशोर दुबे के नेतृत्व में महामंत्री पंकज अग्रवाल, मीडिया प्रभारी निशीत सक्सेना, कोषाध्यक्ष ब्रजलेश कुमार, कार्यकारिणी सदस्य नौशाद हुसैन, रामू अग्निहोत्री ने ड्रग इंस्पेक्टर स्वागतिका घोष का प्रतीक चिन्ह एवं बुके देकर स्वागत किया। एसोसिएशन ने औषधि निरीक्षिका को हर तरह का सहयोग प्रदान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर औषधि निरीक्षिका घोष ने कहा कि जब व्यवसायी शासन निर्देशों एवं निर्धारित मानकों के अनुसार दुकान का संचालन करें। उन्होंने कहा कि नारकोटिक्स दवाओं की बिक्री पंजीकृत डाक्टर के प्रिस्क्रिपशन पर की जाएं एवं उसका ब्यौरा भी अलग से रखा जाये।

## ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

▸ मेदपुर नर्सरी के पास हुआ हादसा

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

कम्पिल थाना क्षेत्र में गुरुवार को ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार नगला फुलू अतग्गापुर निवासी 32 वर्षीय राहुल यादव की ई-रिक्शा की टक्कर से मौके पर ही हालत बिगड़ गई। सीएचसी ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद ई-रिक्शा चालक फरार हो गया। जिसे पुलिस ने कुछ देर बाद में दबोच लिया। तंबाकू का व्यापार करने वाले राहुल पुत्र कल्याण सिंह गुरुवार सुबह बाइक से काम पर निकला था। मेदपुर नर्सरी के पास तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राहुल उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा देखकर आसपास के लोग दौड़े। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को आनन-फानन में कायमगंज सीएचसी पहुंचाया। यहां ड्यूटी पर मौजूद डॉ0 जितेन्द्र बहादुर ने जांच के बाद राहुल को मृत घोषित कर दिया।



मृतक का फाइल फोटो



मौके पर मौजूद ग्रामीण

पुलिस ने ई-रिक्शा को कब्जे में ले लिया है। राहुल की मौत की खबर मिलते ही पत्नी जवला देवी, भाई राजीव, संजीव, आर्येन्द्र, शरद और बहन नीरज आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने बताया कि राहुल की शादी करीब 2 साल पहले थाना कलान के आवला निवासी जवला देवी से हुई थी। 3 महीने की एक बेटी है। राहुल तीन भाइयों में सबसे छोटा था।

## लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी राजेपुर की सफाई व्यवस्था बदहाल

▸ नालों में गंदगी के अंबार, संक्रमण का खतरा बढ़ा

राजेपुर, समृद्धि न्यूज।

स्वच्छता व्यवस्था पर लाखों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद राजेपुर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई दिखाई दे रही है। कस्बे के कई मोहल्लों और मुख्य मार्गों के किनारे बने नालों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। लंबे समय से सफाई न होने के कारण नालों में कूड़ा-कचरा, प्लास्टिक और सिल्ट जमा हो गई है, जिससे पानी की निकासी बाधित हो रही है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो गई है। कई स्थानों पर नालों का गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है, जिससे लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नालों से उठ रही दुर्गंध के कारण आसपास रहने वाले लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। वहीं मच्छरों और अन्य कीटों की संख्या बढ़ने से डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सफाई कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से नालों की सफाई नहीं की जाती। कई दिनों तक कूड़ा नहीं उठने से गंदगी लगातार बढ़ती जा रही है। लोगों का आरोप है कि सफाई व्यवस्था पर हर वर्ष लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद जमीनी स्तर पर उसका कोई असर दिखाई नहीं देता।



नाले में भरा कीचड़

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि नालों की तत्काल सफाई कराई जाए, नियमित कूड़ा उठाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और सफाई व्यवस्था की निगरानी बढ़ाई जाए, ताकि लोगों को गंदगी और जलभराव की समस्या से राहत मिल सके।

## बारिश के बाद नगर में लगा भीषण जाम एम्बुलेन्स भी फंसी



जाम में फंसे वाहन

तहसील से कस्बा चौकी तक वाहनों की लम्बी कतारें

**कायमगंज,समृद्धि न्यूज।** सुबह हुई रुक-रुक कर बारिश के बाद नगर के मुख्य मार्गों पर भीषण जाम लग गया। तहसील, मुंसिफकोर्ट और अस्पताल मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम में 102 और 108 एंबुलेंस के फंसने से मरीजों को अस्पताल पहुंचने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार सुबह से ही हो रही बारिश के रुकते ही लोग एक साथ घरों से निकल पड़े। तहसील, कोर्ट, स्कूल, कॉलेज और अस्पताल जाने वाले लोगों की भारी भीड़ सड़कों पर उमड़ पड़ी। बाइक, कार, ई-रिक्शा, साइकिल और पैदल चल रहे स्कूली बच्चों की वजह से जामा मस्जिद से मुंसिफकोर्ट, अस्पताल, तहसील होते हुए कस्बा चौकी तक यातायात पूरी तरह से ठप हो गया।

हल्की बूंदाबांदी के बीच जाम और बढ़ गया। सड़क के दोनों तरफवाहनों की कतारें लग गई और लोग घंटों फंसे रहे। सूचना मिलने पर कस्बा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया, तब जाकर एंबुलेंस को सीएचसी तक भेजा जा सका। करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद यातायात सामान्य हो सका। पुलिस के अनुसार बारिश के समय लोगों को एक साथ न निकलने की सलाह दी गई है।

## फर्जी कीटनाशकों पर कसी नकेल
## 21 दुकानों पर छापा, 6 नमूने जांच के लिए भेजे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

गन्ना और अन्य फसलों में इस्तेमाल होने वाले अवैध, नकली और अमानक कीटनाशकों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए प्रशासन सख्त हो गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित कृषि एवं गन्ना विभाग की संयुक्त टीमों ने जिले भर में कीटनाशक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर सघन छापेमारी की। इस अभियान के तहत 21 कीटनाशक दुकानों का निरीक्षण किया गया और 6 संदिग्ध नमूने जांच के लिए ग्रहित किए गए। शासन, गन्ना आयुक्त और कृषि निदेशक के आदेशों के अनुपालन में सदर, कायमगंज और अमृतपुर तहसीलों में अधिकारियों की विशेष संयुक्त टीमें बनाई गई थीं। सदर तहसील में उप कृषि निदेशक और जिला गन्ना अधिकारी ने कमान संभाली। कायमगंज तहसील में जिला कृषि अधिकारी के साथ ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अशोक यादव ने दुकानों का निरीक्षण किया। अमृतपुर तहसील में वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए और वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-बी कृषि रक्षा अभिषेक शुक्ला की टीम ने छापेमारी की। इन टीमों ने थोक एवं फुटकर दुकानों के रिकॉर्ड, स्टॉक, बिक्री व्यवस्था और कीटनाशकों की गुणवत्ता संबंधी प्रावधानों का गहनता से परीक्षण किया। जिला कृषि रक्षा अधिकारी अरविन्द मोहन मिश्र ने बताया कि छापेमारी के दौरान लिए गए 6 कीटनाशक नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण के लिए प्रदेश की अधिकृत प्रयोगशालाओं में भेजा जाएगा। यदि प्रयोगशाला की जांच में कोई भी नमूना अमानक या अधोमानक (सब-स्टैंडर्ड) पाया जाता है, तो संबंधित विक्रेता के खिलाफ कीटनाशी अधिनियम एवं नियमावली के अंतर्गत न्यायालय में वाद संस्थित कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और यह चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा।

विभाग ने सभी कीटनाशक विक्रेताओं के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं। अपनी दुकान पर जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा प्रमाणित स्टॉक एवं बिक्री रजिस्टर अनिवार्य रूप से अद्यतन अपडेट रखें। अपने लाइसेंस में उन सभी कंपनियों के अधिकृत प्राधिकार का अंकन अनिवार्य रूप से कराएं, जिनके उत्पाद वे बेच रहे हैं। जिले के सभी विक्रेता अनिवार्य रूप से आईपीएमएस पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराएं। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने चेतावनी दी है कि इन निर्देशों का पालन न करने वाले दुकानदारों के खिलाफनियमानुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## आज मनाया जाएगा वृहद पौधरोपण महायज्ञ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश शासन और माननीय मुख्यमंत्री जी की शीर्ष प्राथमिकता के अंतर्गत आगामी 12 जुलाई को जनपद में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस महायज्ञ को सरकारी एवं गैर-सरकारी संगठनों, एनजीओ, जनप्रतिनिधियों, जिला स्तरीय अधिकारियों, स्कूली छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स और आम जनता के सहयोग से एक जन आंदोलन के रूप में मनाया जाएगा।

**कुल 40 लाख 93 हजार 800 पौधों का होगा रोपण:** शासन के निर्देशों के क्रम में प्रदेश भर में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अंतर्गत जनपद में वन विभाग द्वारा कुल 121 स्थलों पर 1360.82 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 21,75,000 पौधों तथा अन्य विभागों द्वारा कुल 3622 स्थलों पर 23,99,800 पौधों (कुल 45,74,800 पौधे) के रोपण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके सापेक्ष 12 जुलाई को वन विभाग द्वारा 21,00,000 और अन्य विभागों द्वारा 19,93,800 को मिलाकर कुल 40,93,800 पौधों का रोपण किया जाएगा।

**दरौंदी ग्राम समाज में रोपे जाएंगे 8000 पौधे:** सामाजिक वानिकी वन प्रभाग की फर्रुखाबाद रेंज के अंतर्गत मोहम्मादाबाद सेक्शन के दरौंदी ग्राम समाज क्षेत्रफल 05 हेक्टेयर को मुख्य स्थल के रूप में चयनित किया गया है। इस स्थल पर पीपल, बरगद, पाकड़, गूलर, अर्जुन, नीम, कटहल, अमरूद जैसी प्रजातियों के कुल 8,000 पौधों का रोपण प्रस्तावित है।

**निःशुल्क वितरित किए जाएंगे पौधे, 50 से अधिक प्रजातियां उपलब्ध:** महायज्ञ के लिए सभी पौधों की उपलब्धता विभागीय पौधशालाओं जैसे हथियापुर, गोटिया, सिंघी, पुनपालपुर, सिरौली, निनीआ, सैथरा, रोशनाबाद, गुटैटी दक्षिण, गदनपुर चैन आदि से इण्डेन्ट के माध्यम से निःशुल्क की जाएगी। इन पौधशालाओं में शीशम, अर्जुन, आम, जामुन, बेल, महुआ, चीकू समेत 50 से अधिक प्रजातियों के कुल 58,30,414 पौधे वर्तमान में उपलब्ध हैं।

**मुख्य अतिथि करेंगे शुभारंभः** 12 जुलाई को सुबह 9 बजे दरौंदी ग्राम समाज में आयोजित होने वाले इस जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित असीम अरुण मंत्री समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण मंत्रालय स्वतंत्र प्रभार तथा आयुक्त कानपुर मण्डल कानपुर के द्वारा किया जाएगा। इस दौरान तमाम जिला स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

**जनता से सहयोग की अपीलः** प्रशासन द्वारा समस्त जनपदवासियों से अनुरोध किया गया है कि वे मुख्यमंत्री के इस आह्वान एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण महायज्ञ को जन आंदोलन का रूप देते हुए बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। लोग अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी सुरक्षा का संकल्प लेकर जनपद के हरित आवरण को बढ़ाने में अपना शत-प्रतिशत योगदान दें।

## खबरें एक नजर में

### राशन वितरण में अनियमितता का विरोध करना पड़ा भारी, कोटेदार समेत चार पर मारपीट का केस दर्ज

**लखीमपुर खीरी।** सरकारी राशन वितरण के दौरान अनियमितता का विरोध करना एक ग्रामीण को भारी पड़ गया। राशन लेने पहुंचे युवक ने जब सभी लाभार्थियों को क्रमवार और पूरी तौल के साथ राशन देने की बात कही तो आरोप है कि कोटेदार और उसके साथियों ने उसके साथ मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में ग्राम लगुचा निवासी अरविंद पुत्र रामचंद्र ने बताया कि वह 9 जुलाई 2026 को सरकारी राशन लेने कोटेदार की दुकान पर गया था। आरोप है कि कोटेदार ने कई लोगों के राशन कार्ड अपने पास जमा कर रखे थे और बिना किसी निर्धारित क्रम के अपने परिचितों को पहले राशन दे रहा था। इस दौरान जब उसने सभी उपभोक्ताओं को समान रूप से नंबर के अनुसार और पूरी तौल के साथ राशन देने की बात कही तो विवाद हो गया। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर कोटेदार मुजीब पुत्र हनीफ, अमन पुत्र मुजीब, आमिल पुत्र शहीद और कामिल पुत्र शहीद, सभी निवासी ग्राम लगुचा, ने मिलकर उसके साथ गाली-गलौज की और मारपीट कर दी। पीड़ित का आरोप है कि हमले में उसके गले में गंभीर चोट आई। साथ ही आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने थाना खीरी पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक संजय कुमार यादव को सौंपी गई है।

### चेहल्लुम को लेकर पलिया कोतवाली में शांति समिति की बैठक, अधिकारियों ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**पलिया कलां खीरी।** आगामी 06 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाले चेहल्लुम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को पलिया कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी (एसडीएम) पलिया एवं क्षेत्राधिकारी (सीओ) पलिया ने संयुक्त रूप से की। बैठक में पुलिस प्रशासन, नगर पालिका, विद्युत विभाग तथा चेहल्लुम आयोजन समिति सहित संबंधित विभागों के प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने चेहल्लुम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, जुलूस निर्धारित मार्ग से निकालने, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, बिजली, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी आयोजकों से प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन करने और आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। बैठक में मौजूद अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह, अराजकता या कानून-व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी से प्रशासन का सहयोग करते हुए चेहल्लुम का पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने का आग्रह किया गया।

### ग्राम चौपाल में सुनी गईं ग्रामीणों की समस्याएं, मौके पर समाधान के निर्देश



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत बंजारी कला व पटेहरा कला गांव में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। गाँव की समस्या – गाँव में समाधान थीम पर आयोजित चौपाल में अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत बंजारी कला के पंचायत भवन में आयोजित ग्राम चौपाल में जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुना चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं व पुरुष शामिल हुए। पेंशन, राशन कार्ड, आवास, नाली-खड़ंजा, हैंडपंप मरम्मत, बिजली व मनरेगा जॉब कार्ड जैसी समस्याएं प्रमुखता से उठीं। अधिकारियों ने एक-एक कर ग्रामीणों की बात सुनी। इसी प्रकार पटेहरा कला के पंचायत भवन में आयोजित चौपाल में नोडल अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी के प्रतिनिधि ने ग्रामीणों की समस्या को सुना इस दौरान सचिव मनोज कुमार, लक्ष्मी शंकर यादव,पंचायत सचिव व अन्य विभागीय कर्मी मौजूद रहे। कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों को संबंधित विभाग को भेजकर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। ग्राम चौपाल का उद्देश्य गांव में ही लोगों की समस्याओं का समाधान करना है, ताकि ग्रामीणों को ब्लॉक व तहसील के चक्कर न लगाने पड़ें। शासन के निर्देश पर हर ग्राम पंचायत में रोस्टर के अनुसार चौपाल लगाई जा रही है।अधिकारियों ने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने और चौपाल में खुलकर समस्या रखने की अपील की।

### दिव्यांगजन शिविर आयोजित, पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण एवं परीक्षण



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड परिसर में शुक्रवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सहयोग से दिव्यांगजन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों ने प्रतिभाग कर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु अपना पंजीकरण कराया।शिविर में आए दिव्यांगजनों का डॉक्टर अतुल आर्थो, डॉक्टर दिनेश नेत्र, डॉक्टर सौरभ कपूर मानसिक विभाग द्वारा चिकित्सकीय परीक्षण किया गया तथा पात्र लाभार्थियों के दिव्यांग प्रमाण पत्र,तीन लोगो का यूडीआईडी (यूडीआईडी) कार्ड बनाया गया ,4 लोगो को जिला अस्पताल रेफर किया गया दिव्यांग पेंशन योजना, 13 लोगो ने सहायक उपकरण के लिए आवेदन दिया एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। साथ ही विभागीय अधिकारियों द्वारा योजनाओं की पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई अधिकारियों ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र दिव्यांगजन तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी पात्र दिव्यांगजनों से अधिक से अधिक संख्या में योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।शिविर में सीएम फेलो गौरव सिंह ,सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण राजेश कुमार एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के कमाल अहमद, राजकपुर, दिलासाद अली, अनिल यादव, रविशंकर, राजकुमार जायसवाल व ग्राम पंचायत सचिव, स्वयं सहायता समूह की महिलाएँ, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियाँ तथा बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

**मितौली में बोले पूर्व सांसद जुगल किशोर**

# विपक्ष झूठी अफवाह फैलाकर सरकार को बदनाम करने में जुटा

- चंदा मामले में दोषियों को नहीं मिलेगी राहत

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



विकासखंड मितौली सभागार में भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य, प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर ने केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश ÷उत्तम प्रदेश÷ बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। भाजपा सरकार ने सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर काम करते हुए प्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूत किया है और सभी वर्गों को सुरक्षा का माहौल दिया है।

पत्रकारों के सवालों के जवाब में अयोध्या राम मंदिर चंदा प्रकरण का उल्लेख करते हुए जुगल किशोर ने कहा कि विपक्ष सरकार की छवि खराब करने के लिए झूठी और भ्रामक अफवाहें फैला रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि किसी भी स्तर पर कोई अनियमितता सामने आती है तो दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सरकार स्वयं इस पूरे मामले को गंभीरता से देख रही है। पूर्व सांसद ने बिना किसी विपक्षी नेता का नाम लिए कहा कि जो लोग कभी भगवान श्रीराम के अस्तित्व पर सवाल उठाते थे और राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान रामभक्तों पर गोली चलवाने का काम किया था, वही आज राम मंदिर को लेकर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने न्यायालय के निर्णय का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से करोड़ों हिंदुओं की आस्था के प्रतीक श्रीराम मंदिर का निर्माण कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल में सरकारी जमीनों पर वक्फ बोर्ड, मजार और मकबरों के नाम पर कब्जे कराए गए तथा सरकारी संपत्तियों का दुरुपयोग हुआ। साथ ही कहा कि वर्षों तक राम मंदिर मुद्दे को लंबित रखकर करोड़ों लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत किया गया। जुगल किशोर ने कहा कि योगी सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। कानून व्यवस्था मजबूत हुई है और अपराधियों को जेल भेजने का काम लगातार किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि आज प्रदेश में गरीब, किसान, व्यापारी और आम नागरिक सुरक्षित माहौल में रह रहे हैं तथा किसी को भी गरीबों का उत्पीड़न करने का साहस नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार न्याय, सुरक्षा और सुशासन के संकल्प के साथ काम कर रही है।

**कांवड़ यात्रा की तैयारियों पर विधायक की सख्ती**

## बंद स्ट्रीट लाइटें दुरुस्त होंगी, आवारा पशु हटेंगे

**मोहम्मदी, खीरी।** सावन माह में निकलने वाली कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, व्यवस्थित और श्रद्धालु-अनुकूल बनाने के लिए नगर पालिका परिषद सभागार में विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में प्रशासनिक अधिकारियों और विभिन्न विभागों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, यातायात व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और कांवड़ मार्गों पर आवश्यक सुविधाओं को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एसडीएम चलवुराजु आर, पुलिस उपाधीक्षक अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह कल, हाईस्कूल और इंटर के मेधावियों का होगा सम्मान

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

- अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की पहल, सदर विधायक योगेश वर्मा करेंगे विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन

जिले के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, लखीमपुर खीरी की ओर से 12 जुलाई (रविवार) को भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की जाएगी। आयोजकों का कहना है कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देने के साथ-साथ शिक्षा के प्रति समाज में सकारात्मक माहौल तैयार करते हैं।

समारोह शाम 5 बजे कृष्णा मैरिज हॉल में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक योगेश वर्मा होंगे, जो मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के साथ उन्हें जीवन में निरंतर मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश देंगे। कार्यक्रम में जिले के शिक्षाविद, समाजसेवी, अभिभावक, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहने की संभावना है। महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सार्वजनिक रूप से सम्मान करना समाज की जिम्मेदारी भी है। इससे छात्रों का मनोबल बढ़ता है और अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिलती है। समारोह के आयोजन में मुख्य संरक्षक डॉ. इरा श्रीवास्तव, अध्यक्ष डॉ. मंजुला बरतरिया, महामंत्री सौरभ सिन्हा एवं आशीष श्रीवास्तव, कार्यक्रम संयोजक नीरज सक्सेना, महिला अध्यक्ष सुमन श्रीवास्तव, युवा संरक्षक कपिल श्रीवास्तव व शौर्य सक्सेना तथा युवा अध्यक्ष सुधाकर लाला सहित महासभा के पदाधिकारी सक्रिय रूप से तैयारियों में जुटे हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से समारोह में शामिल होकर मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

## उचौलिया में परिवहन विभाग का अभियान, गुरु नानक अकैडमी की स्कूल बस सीज

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



परिवहन विभाग ने शुक्रवार को उचौलिया क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाकर गुरु नानक अकैडमी की एक स्कूल बस को अनियमितताएं मिलने पर सीज कर दिया। अभियान के दौरान अधिकारियों ने बस के फिटनेस प्रमाणपत्र, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र समेत अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। जांच में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर बस को सीज करते हुए वैधानिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में संचालित स्कूल वाहनों के संचालकों में हड़कंप मच गया। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। बिना वैध दस्तावेज, फिटनेस, परमिट अथवा निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन किए संचालित होने वाले किसी भी स्कूल वाहन को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे वाहनों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। इधर, स्थानीय लोगों ने परिवहन विभाग की कार्रवाई पर सवाल भी उठाए। उनका कहना है कि पिहानी और शाहाबाद से दिल्ली के लिए संचालित होने वाली कई डबल डेकर डग्गामार बसें लंबे समय से खुलेआम सड़कों पर दौड़ रही हैं, लेकिन उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही। इसके अलावा कई ऑटो और अन्य व्यावसायिक वाहन भी परिवहन नियमों की अनदेखी करते हुए संचालित हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि परिवहन विभाग का अभियान केवल औपचारिक कार्रवाई तक सीमित न रहे, बल्कि सभी अवैध रूप से संचालित वाहनों के विरुद्ध समान, नियमित और निष्पक्ष कार्रवाई की जाए, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित हो और परिवहन व्यवस्था पर लोगों का भरोसा मजबूत हो।

## युवा समाजसेवी अजय कुमार सिंह उर्फ छोटू पटेल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ की सड़क को कराया दुरुस्त

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**

- 5 वर्षों से सड़कों में जल जमाव से स्थानीय लोगों का जीना हुआ दुश्वार, छोटू पटेल ने सड़कों को कराया दुरुस्त



स्थानीय विकासखंड के ग्राम पंचायत राजगढ़ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को जाने वाले मुख्य मार्ग पर पिछले चार सालों से जलभराव की विकट समस्या बनी हुई थी। बारिश के बाद जमा पानी और कीचड़ के कारण मरीजों, स्कूली बच्चों और आमजन का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया था। कई बार शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका था। क्षेत्रीय जनता की परेशानी को देखते हुए क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी एवं शहनाई कंस्ट्रक्शन, रामपुर सक्तेसगढ़ के मैनेजिंग डायरेक्टर अजय कुमार सिंह उर्फ छोटू पटेल ने स्वयं आगे बढ़कर समस्या के समाधान का बीड़ा उठाया। उन्होंने जेएसबी का चूड़ा गिराकर मार्ग से जलभराव की समस्या के कारण जो परेशानी थी उसे अस्थाई रुप से दूर करने का कार्य शुरू कराया। घंटों की कड़ी मेहनत के बाद मार्ग से आवागमन संभव हो सका। छोटू पटेल के इस सराहनीय कार्य से अब राहगीरों को आवागमन में सुविधा हो गई। जो कार्य ग्राम प्रधान को करवाना चाहिए वह काम युवा समाजसेवी अजय कुमार सिंह पूर्व छोटू पटेल ने कराया इसके अलावा उन्होंने लगभग तीन दर्जन से ज्यादा गांव में लगातार काम कर रहे हैं विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों चुनार क्षेत्र के जमुई में भी इन्होंने काम कराया। अजय कुमार सिंह उर्फ छोटू पटेल से बात हुई तो उन्होंने कहा कि अगर कहीं भी गांव में सर के खराब हो चुकी है चलने में दिक्कत हो रही है तो शहनाई परिवार के सदस्यों से संपर्क करें जल्दी समस्या का समाधान कराया जाएगा। लगभग 5 वर्षों से गांव में निशुल्क काम करा रहे हैं और यह अभियान लगातार चल रहा है। जहां भी सूचना मिल रही है वहां पर रास्ते को दुरुस्त कराया जा रहा है। जहां पर आने जाने वाले स्कूली बच्चों बुजुर्गों छात्र छात्राओं सभी को सहूलियत मिल सके अब एंबुलेंस और अन्य वाहन भी बिना किसी रुकावट के अस्पताल तक पहुंच सकेंगे।ग्रामीणों ने अजय पटेल के प्रति आभार व्यक्त किया है। शहनाई परिवार से सत्येंद्र कुमारसिंह, अजय कुमार सिंह सिब्बू, अमरेश चंद्र, मनीष पटेल, स्थानीय शेखर करवल, कृष्णानंद केसरवानी, अमरेश दुबे, वीरेंद्र मौर्य, संजू मिश्रा, उपस्थित रहे।

## अदवा बांध का जलस्तर बढ़ा, दो गेट दो-दो फीट खोलकर नदी में छोड़ा जा रहा 26 सौ क्यूसेक पानी



**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते अदवा बांध का जलस्तर बढ़ गया है। जलस्तर नियंत्रित रखने के लिए शुक्रवार को सिंचाई विभाग ने बांध के दो गेट दो-दो फीट खोल दिए। गेट खुलते ही अदवा नदी में 26 सौ क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार पिछले 48 घंटों में कैचमेंट एरिया में हुई तेज बारिश से बांध में पानी की आवक बढ़ गई है। खतरे के निशान से पहले ही एहतियातन पानी छोड़ने का फैसला लिया गया। अदवा बांध का जलस्तर 190 मीटर पहुंच गया है जिससे जलस्तर को स्थिर करने के लिए अदवा बांध का दो गेट खोलने के बाद अदवा नदी का जलस्तर भी बढ़ने लगा है। विभाग ने नदी के किनारे बसे गांवों के निचले इलाकों में अलर्ट जारी किया है। ग्रामीणों से नदी किनारे न जाने और मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर रखने की अपील की गई है। सहायक अभियंता ने बताया कि बांध की स्थिति पर 24 घंटे नजर रखी जा रही है। बारिश व आवक के अनुसार गेट खोलने या बंद करने का निर्णय लिया जाएगा। फिलहाल बांध पूरी तरह सुरक्षित है।क्षेत्र में हो रही बारिश को देखते हुए प्रशासन ने राजस्व व पुलिस टीम को भी अलर्ट मोड पर रखा है।

### संदिग्ध हालात में फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

**महराजगंज।** फरेंदा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा ओढ़वलिया, टोला भरथीपुर में एक 25 वर्षीय विवाहिता का शव घर के अंदर छत की कुंडी से संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला। मृतका का विवाह लगभग तीन वर्ष पूर्व हुआ था। दंपति के पास कोई संतान नहीं रहा। बीते गुरुवार की रात लगभग आठ बजे विवाहिता का शव घर के अंदर संदिग्ध हालात में फंदे से लटकता मिला, जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। घटना के बाद मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। मृतका के भाई राधेश्याम निषाद, निवासी शनिचरा, थाना बखिरा, ने फरेंदा कोतवाली में तहरीर देकर दहेज के लिए प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाते हुए आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। फरेंदा कोतवाल राघवेंद्र सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना: 54 जोड़ों ने अपनी गृहस्थी बसायी

- सामूहिक विवाह योजना के तहत एकता अखंडता की मजबूती मिलती है: विधायक
- विवाह मानव जीवन को एक सूत्र में पिरोता है: राजेश

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत फरेन्दा तहसील के सेठ आनन्दराम जयपुरिया इण्टर कालेज के परिसर में स्थित मीनी स्टेडियम के प्रांगण में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में 54 जोड़े विभिन्न रीति रिवाज के जरिए वैवाहिक सूत्र में बंधकर अपनी गृहस्थी बसायी है। वैसे फरेंदा में 31 का, धानी में 28का वृजमनगंज में 31का रजिस्ट्रेशन हुआ था।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित व डॉ अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण तथा बौद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रम में कुछ जोड़े,हिंदू रीति रिवाज से तो कुछ जोड़ो का बौद्ध धर्म रीति रिवाज के तहत विवाह संपन्न कराया गया। आयोजित सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक फरेंदा वीरेंद्र चौधरी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व चेयरमैन व चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश जायसवाल व नगर पंचायत वृजमनगंज के चेयरमैन राकेश जायसवाल रहे। विधायक फरेंदा की अंगुवानी खंड विकास अधिकारी फरेंदा अतुल कुमार,समाज कल्याण अधिकारी महराजगंज सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी बैंड बाजें से स्वागत किया उसके पश्चात संयुक्त दोनों जनप्रतिनिधियों को वैवाहिक टोपी व पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उसके पश्चात विधायक फरेंदा वीरेंद्र चौधरी ने वैवाहिक सूत्र में बंधे जोड़ों को अपने आर्शीबचन से अभिसिंचित करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह योजना के तहत एकता अखंडता की मजबूती मिलती है। इसी क्रम में पूर्व चेयरमैन राजेश जायसवाल ने कहा कि वैवाहिक जीवन मानव को एक सूत्र में पिरोता है। चेयरमैन राकेश जायसवाल ने कहा कि विवाह दो आत्माओं का मिलन है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों को दिया जा रहा है। इसके तहत गरीब व्यक्ति अपनी बहन, बेटी की शादी खुशहाली के साथ संपन्न कर सकते हैं। समाज कल्याण अधिकारी (विकास) महराजगंज विजय प्रताप शर्मा ने कहा कि शासन के निर्देश पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे सभी पात्र जोड़ो का विवाह संपन्न कराया गया है।योजना के अंतर्गत मिले सभी उपहारो को पात्र जोड़ो में वितरित किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में, उपजिलाधिकारी फरेंदा शैलेन्द्र गौतम, ईओ फरेंदा ईओ वृजमनगंज,खंड विकास अधिकारी वृजमनगंज, धानी, सहायक विकास अधिकारी गुलाब पाठक, वीरेंद्र यादव, एडीओ समाज कल्याण फरेंदा,एडीओ समाज कल्याण वृजमनगंज, ग्राम पंचायत अधिकारी आनन्द पाण्डेय,डॉ रामनारायन चौरसिया, चुन्नू दूबे, ग्राम प्रधान धानी संजय सहानी, हनुमान प्रसाद मुकेश सिन्धी, सहित बड़ी संख्या में वर -वधू जोड़ो के परिवार के लोग मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकन्ना रहा।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तीनों ब्लॉकों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। वैवाहिक कार्यक्रम का समापन जहां वैवाहिक प्रमाण पत्र विधायक व चेयरमैन के जरिए देकर सम्पादित कराया गया वहीं पं कृष्णानंद त्रिपाठी ने अपने मंत्रोच्चार के जरिए वैवाहिक कार्यक्रम को सम्पन्न कराया।

## जनता की सेवा ही सरकार की पहली प्राथमिकता: पंकज चौधरी

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने शुक्रवार को महराजगंज स्थित अपने कैंप कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही भाजपा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। सुबह से ही कैंप कार्यालय पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। राजस्व, पुलिस, बिजली, सड़क, सिंचाई, चिकित्सा, शिक्षा, पेंशन, आवास, राशन कार्ड सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे। पंकज चौधरी ने एक-एक व्यक्ति से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प को धरातल पर उतार रही है। जनसुनवाई सरकार और जनता के बीच विश्वास का मजबूत माध्यम है, जिससे लोगों की समस्याओं का समाधान तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना से लाखों परिवारों को पक्के घर मिले हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि किसानों की आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रही है, जबकि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया गया है। उज्ज्वला योजना ने महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई है, वहीं जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अपराध और माफिया के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई से प्रदेश की कानून-व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार आया है, जिसका लाभ आम जनता और निवेशकों दोनों को मिल रहा है। जनसुनवाई के दौरान भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में फरियादी उपस्थित रहे। जनसुनवाई समाप्त होने के बाद अनेक लोगों ने अपनी समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई के आश्वासन पर संतोष व्यक्त करते हुए सरकार की इस पहल की सराहना की।

## चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

- प्रिंस के कब्जे से चोरी के मंगलसूत्र की बिक्री के 1,900 रुपए नकद बरामद

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में अपराध नियंत्रण एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुरंदरपुर पुलिस ने शुक्रवार को चोरी के मुकदमे में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक गौरव कन्नौजिया ने बताया कि प्रिंस उर्फ मोनू पुत्र भोला बासफोर, निवासी सवरेजी, थाना खामपार, जनपद देवरिया को मुखबीर की सूचना पर क्षेत्र के सेमरहनी जंगल के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना पुरंदरपुर में मुकदमा अपराध संख्या 154/2026 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज था। जिसके उपरांत आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी द्वारा पूर्व में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था, जिसमें 17 जून 2026 को थाना क्षेत्र के ग्राम राजमंदिर खुर्द में एक महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र चोरी होने की घटना हुई थी। मामले की विवेचना एवं साक्ष्य संकलन के दौरान आरोपी की पहचान हुई, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से चोरी किए गए मंगलसूत्र की बिक्री से प्राप्त 1,900 रुपए नकद बरामद किए गए हैं।आरोपी के विरुद्ध महराजगंज एवं गोरखपुर जनपद में चोरी सहित विभिन्न धाराओं में कुल छह आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक अनुराग प्रकाश पाण्डेय, कांस्टेबल आदित्य यादव एवं कांस्टेबल सुनेन्द्र कुमार शामिल रहे।